महानगर नई दिल्ली शनिवार 15 जून, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## बिश्केक सम्मेलन से पाकिस्तान को प्रधानमंत्री मोदी का कड़ा संदेश

# आतंकवाद पर तय हो जवाबदेही

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को प्रोत्साहन, समर्थन और वित्तीय मदद मुहैया कराने वाले देशों की जोरदार आलोचना की। उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को प्रश्रय दे रहे ऐसे देशों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर मोदी ने यह मुद्दा उठाया। उनके संबोधन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी वहां उपस्थित थे। एससीओ के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री का यह पाकिस्तान को कड़ा कूटनीतिक संदेश माना जा रहा है।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के ब्योरे के अनुसार प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के लिए एक वैश्विक सम्मेलन का आह्वान किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को मजबूत करने की एससीओ की भावना और उसके विचारों का संदर्भ रखते हुए कहा, 'भारत एक आतंकवाद मुक्त समाज की हिमायत करता बाकी पेज 8 पर



बिश्केक में शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते नरेंद्र मोदी।

घोषणापत्र में आतंक के खिलाफ भारत के प्रस्ताव पर सहमति खबर पेज 8 पर

### मोदी-इमरान ने एक दूसरे का किया अभिवादन

बिश्केक, 14 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इमरान खान ने शुक्रवार को बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान एक-दूसरे का अभिवादन किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह बताया । उन्होंने बताया कि यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर नेताओं के लाउंज में मोदी और खान ने एक दूसरे का अभिवादन किया। मोदी और खान दोनों यहां एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन बाकी पेज 8 पर

## गलत खबर छापने के आरोप में पत्रकार गिरफ्तार

रायपुर, 14 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बिजली बंद को लेकर गलत समाचार छापने के आरोप में पुलिस ने एक स्थानीय पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया।

महासमुंद जिले के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार को बताया कि बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके साहू की शिकायत पर पुलिस ने स्थानीय पत्रकार दिलीप शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। सूर्यवंशी ने बताया कि शर्मा वेबमोर्चाडॉटकाम के नाम पर वेब पोर्टल चलाते हैं। पिछले दिनों शर्मा ने अपने वेब पोर्टल पर खबर बाकी पेज 8 पर

● फेसबुक पर सोनोवाल के खिलाफ टिप्पणी पर गिरफ्तारी पेज 8 पर




विशेष पन्ना राजकाज पेज 7 पर

# हड़ताल पर अड़े डॉक्टरों ने कहा माफी मांगें ममता, रखीं छह शर्तें

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

पश्चिम बंगाल के हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बिना शर्त माफी की मांग करते हुए काम पर लौटने के लिए छह शर्तें रखी हैं। इसमें ममता बनर्जी से बिना शर्त माफी की मांग भी शामिल है। जूनियर डॉक्टरों की इस हड़ताल में बंगाल के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सक भी शामिल होने लगे हैं और इस्तीफे देने लगे हैं। इस बीच कोलकाता के नीलरत्न सरकार मेडिकल अस्पताल के अधीक्षक ने इस्तीफा दे दिया। इस बीच देर रात मिली सूचना के मुताबिक ममता बनर्जी ने आंदोलनकारी चिकित्सकों को गतिरोध सुलझाने के लिए राज्य सचिवालय में बैठक के लिए बुलाया लेकिन चिकित्सकों ने निमंत्रण ठुकरा दिया।

इस बीच, कलकत्ता हाई कोर्ट ने चिकित्सकों की हड़ताल पर राज्य सरकार को कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश टीबीएन राधाकृष्णन और न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष के खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हड़ताल कर रहे चिकित्सकों को काम पर लौटने और मरीजों को सामान्य सेवाएं देने के लिए राजी करे। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि वह सोमवार रात को शहर के एक अस्पताल में कनिष्ठ चिकित्सकों पर हमले के बाद उठाए गए कदमों के बारे में उसे बताए। हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि ममता बनर्जी को अपने रवैये के लिए माफी मांगनी चाहिए। जूनियर डॉक्टरों के फोरम के प्रवक्ता डॉक्टर अरिंदम दत्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस अंदाज में डॉक्टरों को धमकी दी, वैसे बात नहीं करनी चाहिए थी। हम इस मामले की जांच की बाकी पेज 8 पर

### ममता से संपर्क करने का प्रयास किया, जवाब नहीं मिला : राज्यपाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के मुद्दे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फोन किया लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। त्रिपाठी ने घायल जूनियर डॉक्टर परीबाह मुखोपाध्याय से अस्पताल जाकर मुलाकात की जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने मुखोपाध्याय की हालत का जायजा लेने के बाद कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री से संपर्क करने की कोशिश की। मैंने उन्हें फोन किया। अब तक बाकी पेज 8 पर



डॉक्टरों की हड़ताल के कारण शुक्रवार को बगैर इलाज सरकारी अस्पताल से घर लौटता मरीज।

● कलकत्ता हाई कोर्ट ने सरकार से कहा, चिकित्सकों से बात कर उन्हें मनाएं

● आइएमए का 17 को हड़ताल का आह्वान

● ममता ने कहा, बंगाल में बोलनी होगी बांग्ला

पेज 8 पर

# 29 अमेरिकी उत्पादों पर लगेगा शुल्क

## सरकार ने अमेरिका को सूचित किया, 16 जून से लागू होगा फैसला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

सरकार ने बादाम, अखरोट और दालों समेत 29 अमेरिकी वस्तुओं पर 16 जून से जवाबी आयात शुल्क लगाने का फैसला किया है। इससे पहले सरकार इसे लागू करने की समयसीमा को कई बार बढ़ा चुकी थी। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, भारत सरकार ने उच्च शुल्क लागू करने के फैसले से अमेरिका को अवगत करा दिया है।

सरकार के इस कदम से इन 29 वस्तुओं का निर्यात करने वाले अमेरिकी निर्यातकों को अब ऊंचा शुल्क चुकाना होगा। इससे देश को 21.7 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। पिछले साल 21 जून को सरकार ने इन अमेरिकी वस्तुओं पर ऊंचा शुल्क लगाने का निर्णय किया था। दरअसल, अमेरिका ने भारत से आयात किए जाने वाले कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया था। इस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए सरकार ने इन 29 सामानों पर शुल्क बढ़ाने का निर्णय किया था।

अमेरिका ने पिछले साल मार्च में इस्पात उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर 25 फीसद और एल्युमीनियम उत्पादों पर 10 फीसद कर दिया था। भारत इन उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक देश है। शुल्क बढ़ाने से भारतीय इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादकों पर 24 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ा था। भारत हर साल अमेरिका को 1.5 अरब डॉलर के इस्पात और एल्युमीनियम उत्पाद का निर्यात करता है।

इसके बावजूद, भारत ने जवाबी शुल्क लागू करने की समय सीमा को कई बार आगे खिसकाया गया क्योंकि सरकार को उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार पैकेज की बातचीत में किसी समाधान को खोज लिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी सरकार के भारतीय निर्यातकों को तरजीह देने की सामान्य प्रणाली (जीएसपी) में निर्यात छूट खत्म करने के निर्णय के बाद यह बातचीत रुक गई। अमेरिका ने इन लाभों को पांच जून से खत्म कर दिया है। इससे भारत से अमेरिका को होने वाला 5.5 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा।

इन 29 उत्पादों पर उच्च आयात शुल्क लगाने के क्रम में सरकार ने कई उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाने की अधिसूचना जारी की है। इसमें अखरोट पर आयात शुल्क 30 से बढ़ाकर 120 फीसद किया गया है। इसी तरह काबुली चना, चना और मसूर दाल पर शुल्क 70 फीसद किया गया है, जो अभी 30 फीसद है। अन्य दालों पर शुल्क को 40 फीसद किया जाएगा। इसके बाकी पेज 8 पर



● अमेरिका ने भारत से भेजे जाने वाले कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ाया था, उसके जवाब में भारत की कार्रवाई

जनसत्ता रविवारी
16 जून, 2019
पानी रे पानी...
गरमी का मौसम शुरू होते ही देश के विभिन्न इलाकों में पानी को लेकर हाहाकार-सी मच जाती है। इसकी बड़ी वजह पानी का ठीक से प्रबंधन न हो पाना है। बता रहे हैं एआर आजाद।
•कहानी/ मनीष वैद्य •संदर्भ/ सोनाली मिश्रा •योग दर्शन/ डॉ. वरुण वीर •शख्सियत/ विष्णु प्रभाकर •दाना-पानी/ मानस मनोहर •सेहत/ रविवारी डेस्क
छुट्टियों को बनाएं मजेदार •मीना
•कविता/ नागेश पांडेय 'संजय'
•कहानी/ गोविंद भारद्वाज



# सेबी ने प्रणय व राधिका रॉय पर लगाई दो साल की पाबंदी

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एनडीटीवी लिमिटेड के तीन प्रवर्तकों को पूंजी बाजार में दो साल के लिए शुक्रवार को प्रतिबंधित कर दिया। इन प्रवर्तकों में प्रणय रॉय, राधिका रॉय और इन दोनों की कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल है।

सेबी ने प्रणय और राधिका को दो साल तक कंपनी के निदेशक मंडल या शीर्ष प्रबंधन में किसी भी तरह की भूमिका से भी प्रतिबंधित कर दिया। ये दोनों अब एक साल तक किसी अन्य कंपनी के निदेशक मंडल या शीर्ष प्रबंधन में भी शामिल नहीं हो सकते। सेबी ने कहा कि तीन ऋण करारों को लेकर अल्पांश शेयरधारकों से जानकारी छिपाकर कई नियमों का उल्लंघन किया गया है। सेबी ने इसके लिए प्रणय, राधिका और आरआरपीआर होल्डिंग्स को फटकार बाकी पेज 8 पर

● दो साल तक कंपनी के निदेशक मंडल या शीर्ष प्रबंधन में किसी भी तरह की भूमिका पर भी पाबंदी।

● प्रतिबंध की अवधि के दौरान म्यूचुअल फंड इकाइयों समेत उनके मौजूदा होल्डिंग्स जब्त रहेंगे।

एक दिन में 276 छापे, 387 गिरफ्तारियां | **ऑपरेशन थंडर** | 22,253 टिकट किए गए जब्त

# रेलवे टिकटों की बुकिंग में फर्जीवाड़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

गरमी की छुट्टियों और विवाह के मौसम ने रेलवे टिकटों की धांधली बढ़ा दी है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने देश भर में 'ऑपरेशन थंडर' चलाकर 375 जगहों पर छापेमारी और 382 टिकट दलालों की गिरफ्तारी की है। आरपीएफ के महानिदेशक अरुण कुमार ने बताया कि दलालों के पास से 32,99,092 रुपए की कीमत वाले 22,253 टिकट जब्त किए गए हैं। टिकटों की ये बुकिंग काउंटर, तत्काल सेवा और ऑनलाइन की गई थी। इन टिकटों का इस्तेमाल देश भर में यात्राओं के लिए एक हफ्ते के भीतर किया जाना था।

अरुण कुमार ने बताया कि आरपीएफ को टिकट के फर्जीवाड़े की सूचना मिली थी। टिकट दलाल भीड़ की स्थिति का फायदा उठाने के लिए टिकट काउंटर और ई-टिकट सुविधा का दुरपपयोग कर रहे हैं और ऊंचे दामों पर टिकटों की कालाबाजारी कर रहे हैं। इस वजह से सामान्य यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। यह देखते बाकी पेज 8 पर



**32,99,092** रुपए है जब्त किए गए टिकटों का मूल्य

**141** शहरों में 276 जगहों पर चली ऑपरेशन थंडर की मुहिम

● एक हफ्ते में होने थे सारे टिकट इस्तेमाल

● गड़बड़ी के सबसे अधिक मामले पूर्वोत्तर रेलवे में सामने आए हैं



# जनसत्ता क्लासीफाइड

## व्यक्तिगत

I,Bhupinder Singh S/o Late S.Trilochan Singh R/o-386,2nd Floor,Ashok Gali,Ram Nagar,Krishna Nagar,Delhi-110051 have changed my name to Bhupinder Singh Sachdeva for all purposes
0040499322-1

I,Arun Kumar s/o Mulki Ram R/o D-338, Tagore-Garden, Delhi-110027.have changed the name of my minor (D.O.B.14/2/2003)sonSaumil Kumar to Saumil Lakra,for all purpose. 0040499373-10

I, hitherto known as Sangita Chopra,w/o Kamal Chopra, Residing at,H.No.1930,2nd-Floor, Outram-Line, Kingsway-Camp, Delhi-110009,have changed my name and shall hereafter be known as Sangita Shrivastava Chopra
0040499332-5

I, Vivek Bir Bahadur Singh S/o Bir Bahadur Singh R/o Flat No.1504, Angel Mercury, Mall Road, Ahinsa Khand-II, Indirapuram, Ghaziabad, UP-201010 have changed my name to Vivek Singh.
0040499309-1

I, Vipin Kumar, S/o Sh Om Prakash, R/o 470, Pocket V, Mayur Vihar Phase I, Delhi 110091, have changed my name to Vipin Prakash.
0070660387-1

I, Vijay Kumar/Vijay Kumar Sharma,S/o. Sh.Tej Prakash Sharma, R/o-45/1, Acharya Puri, Near.Main-Bus Stand, Gurugram, Haryana-122001. have changed my name to Vijay Sharma. 0040499373-4

I, Usha Misra W/o Late Lt Col Bairagi Misra R/o A-104, Spaze Privy, Sec-72, CD Marg, Sohna Road, Gurugram-122101, have changed my name from Usha Rani Misra to Usha Misra for all future purposes. 0040499290-1

I, Thomas Poovatholickal Kurien, S/O Poovatholickal Kurian Kurian R/O C-66, E.S.I. Hospital Quarters, Basai-Darapur, Delhi-110015, Changed My Name To Thomas Poovatholickal Kurian. 0040499352-4

I, Thakur Grover son of Late Sh. Remal Dass resident of House No. 293/4 Marla, Model Town, Gurugram, have changed my name from THAKUR KUMAR to THAKUR GROVER for all future purposes. 0040499381-1

I, Surjeet Kaur, W/o Surendra Singh, R/o C4C 286, Janak Puri new Delhi-110058, has changed my name to Surjit Kaur for all future purposes.
0040499323-1

I, Surendra Singh S/o Bhagat Singh R/o-1059-A.H.B.Colony, Sector-29, Faridabad.have changed my name to Surinder Singh. 0040499322-7

I, Sudha Gupta W/o Vipul Gupta R/o-B-5/378 Sec-3 Rohini Delhi-85.have changed my name to Deepika Gupta.
0040499373-8

I, Sonika Gupta,W/o Bhanu Prakash Govil, Vill.+P.O-Kehrola, District-Bulandshahar (U.P)-203131, D.O.B-27.08.1975,have changed my name to Sonika Govil,for all future purposes.
0040499352-5

I, Sidhak Singh Juneja S/o Manpreet Singh Juneja R/o 3/4 DLF Phase-II, Gurgaon, Haryana-122002, have changed my name to Sidak Singh Juneja for all purpose.
0040499287-1

I, Siddharth Swroop s/o Shanti Sarup r/o 11B, Second Floor, Birbal Road, Jangpura Extn Delhi-110014 have changed my name to SIDDHARTH SARUP permanently.
0040499325-3

I, Shuveta Abichandani W/o Sh. Dhiraj Abichandani R/o Flat No. 16, Pocket B-10, Sector-3, Rohini, Delhi-110085, have changed my name from Shuweta Abichandani (Before Marriage my name was Anita Lalwani) to Shuveta Abichandani for all future purposes. 0040499342-1

I, Seema Rehman W/o Anisur Rahman R/o C-17, NPL Colony, New Rajinder Nagar, New Delhi-110060, have changed my name to Seema Rahman for all purposes. 0040499330-1

I, Savita Swroop w/o Shanti Sarup r/o 11B, Second Floor, Birbal Road, Jangpura Extn Delhi-110014 have changed my name to SAVITA SARUP permanently. 0040499325-2

I, Sakshi Aggarwal W/o Kavind Aggarwal R/o 106, Lahore Apartments, Vasundhara Enclave, Delhi-96, have changed my name to Sakshi Tulsian for all purposes.
0040499359-1

I, Sanjeev Sobti S/O Lajpat Rai Sobti R/O C-1/83,Ashok Vihar Phase-II,Delhi-110052. Changedmy Child Name Rai Sahib To Sahib Sobti.
0040499223-3

I, Chauhan Sushil Kumar S/o Sh. Munshi Lal R/o D-150, Rajeev Colony, Mohan Nagar, Ghaziabad,Uttar Pradesh-201007 do hereby solemnly inform that Chauhan Sushil Kumar and Sushil Kumar Chauhan are one and same person. I will be known as Sushil Kumar Chauhan in future for all purposes.
0040499289-1

## व्यक्तिगत

I, Rohan S/O Brij Bhushan Tuteja,R/O-Flat.No-15, Shri.Hari Appartment, Sector-12, Plot.No-6, Dwarka,Delhi-110075.Have Changed My Name To Rohan Tuteja.
0040499373-1

I, Ram Bir,S/o Sh.Lila Ram,H.No.197 Gali.No.2 Geetanjali-Colony Loni-Ghaziabad,UP.inform that Rambeer Singh,S/o Lila Singh and Ram Bir,S/o Lila Ram are same and one person.
0040499352-6

I, Rajesh Kumar Dagar R/o E2/1003, Pocket-2, Golf Links Residency, Sector-18 B, Dwarka, New Delhi, have changed my minor daughter's name from Anusha to Anusha Dagar. 0040499317-1

I, Rahul Shrivastava S/o Suman Shrivastav R/o.C-7, DDA LIG Flats,East of Loni Road,Delhi-110093 have changed my name to Rahul Shrivastav 0040499354-1

I, Praveen Jain S/o Sudershan Kumar Jain R/o-A-158,G.F. Surya Nagar,Ghaziabad U.P. have changed my name to Parveen Kumar Jain for all purposes 0040499322-2

I, Pramod Kumar Lakhina/ Parmod Lakhina S/o Hemraj Lakhina R/o A-106, Sector-61, Noida (U.P.) have changed my name to Parmod Kumar Lakhina for all future purposes. 0040499347-1

I, Poonam Sharma, D/o Tripit Mistry and W/o Prakash Chand Sharma, R/o RZD-1/118, First Floor, Gali No. 7, Palam Dabri Road, Mahavir Enclave, Delhi-110045, have changed my name to Punam Devi Sharma for all purposes.
0070660386-1

I, Ansh Khatri S/O Pardeep Kumar R/O 168, Tikri Khurd, Narela, Delhi-40, Changed My Name To Ansh. 0040499322-10

I, Payal Swroop w/o Siddharth Sarup r/o 11B, Second Floor, Birbal Road, Jangpura Extn Delhi-110014 have changed my name to PAYAL SARUP permanently. 0040499325-1

I, Patla Singh Prathap,S/o Appala Swamy Patla Singh R/o-46,C-Block G.T.B. Hospital-Campus Shahdara Delhi-95.changed my name to Pratap Patla Singh.
0040499352-7

I, Nidhi W/o Sachin Singhal R/o H.No.345, Sector-14, Vasundhra, Ghaziabad.have changed my name to Nidhi Singhal for all purposes.
0040499332-9

I, Navratan / Navratna Goyal S/O-Ram Babu Goyal R/O-Wz-208, First-Floor, Virender-Nagar, Janakpuri,Delhi-58,Changed My Name To Navratan Goyal. 0040499322-8

I, Mitali Bansal D/o Sh. Raj Kumar Bansal R/o 126, Harsh Vihar, Pitampura, Delhi-34, have changed my name to Mansi Bansal for all purposes. 0040499353-1

I, Manjeet w/o Hariom Singh R/o-246, Block-A, Shastri-Nagar, New-Delhi-110052, have changed my name to Manjeet Kaur permanently.
0040499352-2

I, Kavita Rani W/o-Devinder Grewal, R/o:WZ-37, Nangli Zalib, B-1 Janakpuri, New Delhi-58. Have Changed My Name to Kavita Grewal.
0040499332-6

I, Kavita Kumari w/o Ravinder Kumar Dhaka R/o 112B, Double Storey, Janta Flat, Madipur, Paschim Vihar, New Delhi-110063, have changed my name to Kavita Dhaka.
0040499296-1

I, Kashish s/o Prem Chand R/o B-52A, Janta Flats, Shivaji Enclave, Raghubir Nagar, NewDelhi-27,have changed my name to Tek Chand.
0040499322-4

I, Kanabis George W/o Xavier Thomas, R/o House No. 1721, Sector-3, Pushp Vihar, New Delhi – 110017, do hereby solemnly and informs that my name should be considered as Kanabis George instead of Kanabis Xavier for all future purposes. D.O.B 25/10/1978.
0040499328-1

I, Jitiender Singh S/o Shri Pargat Singh, R/o-820/83, Peepal Chowk, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059, have changed my name from Jitiender Singh to Jitender Singh for all future purposes. 0040499334-1

I, Ishita Agarwal, D/o Sh. Amit Kumar Agrawal, R/o Aster-63/3, Vatika-City, Sohna-Road, Sector-49, Gurugram (Haryana) 122018, have changed my name to Ishita Agrawal. 0040499332-3

I, Harita W/O-Pardeep Kumar R/O-168, Tikri-Khurd, Narela, Delhi-40,Have Changed My Minor Child Name,From Mayank Khatri To Mayank.
0040499322-9

I, Debosmita Goswami, R/o D1/38B, Gali No. 7, Mahavir Enclave, Palam, New Delhi-110045, have changed my name to Arunima Goswami.
0070660381-1

I, Munish Kumar S/o Krishan Lal R/o H.No. 2, Block-11, Spring-Field Colony,Sector 31,Faridabad have changed my name to Munish Kumar Chopra. 0040499322-6

I, Madhu Manshani, W/o Narinder Lalwani, R/o Flat No.803, Tower 12, Lotus Boulevard, Sector-100, Noida, have changed my name to Deepti Lalwani for all purposes. 0040499307-1

I, Chander Prabha W/o Ashok Kumar Khanna R/o-380P Behind Payal Cinema Sector-14,Gurgaon Haryana-122001,have changed my name to Prabha Khanna.
0040499352-8

I, Chandar Mohan Verma, R/o F 36, First Floor, Suncity, Sector-54, Gurgaon-122011, have changed my name to Chandra Mohan Verma.
0070660379-1

I, Babloo Sharma,S/O Santosh Sharma H.No-154-A, Gali.No-7, Jai Vihar Phase-2, Jai Vihar, Mundka, Delhi-110041, Changed My Name To Bablu Sharma. 0040499352-3

I, Arvind Cahudhary S/O Madan Lal Chaudhary R/O-Pnc-51 Dlf Ph-5 Gurgoan Have Change Surname To Arvind Choudhary. 0040499373-3

I, Arun Kashyap s/o Anil Kashyap R/o-A-1/8, Street. No.1, Dayalpur, Delhi-110094. have changed my name to Arun Kumar,permanently.
0040499373-7

I, Anup Kumar S/o Ajay Kumar Shrivastav R/o Flat-A1, 1208, Panchsheel Greens, Sector-16B, GreaterNoida have changed my name to Anup Kumar Srivastava.
0040499332-8

I, Anshul Singh, R/o A-3, Flat No. 201, Anupam Enclave Phase-1, Saidulajab Extension, New Delhi-110030, have changed my name to Anshul Singh Patel.
0070660385-1

I, Anju Deshwal D/o-Radha Charan, W/o Vinod Kumar, R/o Ward. No.5, Shiv-Colony, Sohna, Gurgaon(Haryana)-122103, have changed my name to Anju. 0040499332-4

I, Anil Sabharwal S/o Sh. Janak Raj Sabharwal R/o 510, Block-2, Express Garden, Indirapuram, Ghaziabad, UP-201014 have changed my name to Anil Kumar Sabharwal for all purposes.
0040499294-1

I, Amrit Rani Sehgal W/o Girish Kumar Sehgal R/o Flat No.33, Pocket-B-8, Sector-4, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Amrit Sehgal for all purposes. 0040499361-1

I, Amit Bansal parent of Sahil R/o 244/4, Old Grain-market, Palwal,have changed my minor son's name to Sahil Bansal. 0040499322-5

I Shipra Rani W/O Himanshu Guglani R/O-7/2-A, Tilak Nagar, NewDelhi-110018, Changed my name Shipra Guglani after marriage.
0040499332-7

I Naresh Pal son of Shri Jai Bhagwan,Resident of-211 Ist-floor Pocket-18 Sector-24 Rohini Delhi.have changed my name from Naresh Pal to Naresh Gupta,for all purposes in future. 0040499373-6

I Mohd Zaved Saifi,S/o Nizamuddin R/o C-96, Radhey Shyam-Park Extension.,Delhi-110051. have Changed my name Mohd Zaved Saifi to Mohd Javed Saifi, for all future purposes. 0040499332-2

I Mohammad Ismail Khan S/o Mohd Yaqoob Khan R/o F-163 , Amina Manzil 3rd floor back lane , Shaheen Bagh Abul Fazal enclave 2, Jamia Nagar New Delhi -25, has changed my name to Mohd Ismaeel Khan S/o Mohd Yaqoob khan for all purposes. 0070660403-1

I Hitherto known as Kanti Lal Mehta S/o Jeetmal Jain R/o-1/7,Gali No.5,Vishwas-Nagar, Shahdara Delhi-110032,have changed my name & shall hereafter be known as Kanti lal Jain. 0040499322-3

I Devang Devender Kumar Gera S/O Devender Kumar Gera R/O FD-38,2nd-Floor, Tagore Garden, Delhi-110027.Have Changed my Name to Devang Gera.
0040499352-1

I Ashu Bajaj S/O.Gurdev Singh R/O.WZ- 44A, gali.no.23, Sant-garh, Tilak-Nagar, New-Delhi-110018,have changed my name to Ashwinder Singh,for all purposes. 0040499373-2

I Ankit Sisodia,s/o Ajit Kumar Sisodia inform to all an original sale deed in the name of my grandmother Kailash wati Devi of property.No.5 /419 Gali. No.2 Mohalla-Maharam, Pandav Road Vishwas-Nagar Shahdara Delhi has been misplaced somewhere by me and not traceable despite my best efforts. 0040499373-5

I, Tanya Varma D/O, Sunil Kumar Varma R/o Flat-45, Sadbhawana Apartment, plot-13, IP Extn, Patparganj, Delhi-92, have changed my name to Tanya Verma. 0040499310-1

I, Latit Kumar S/o Tarsem Lal R/o D-12/23/1, Sector-7, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Lalit Kumar. 0040499332-1

I kurakula Divya Sri D/o K.Sreenivasa Rao, R/o-B-101, Amarapali-Exotica Apartment, E-8, Sector-50, Noida, UP-201301,have changed my name to Kurakula Divya Sree,for all purposes. 0040499223-4

## रिक्त स्थान

### वर्गीकृत

हम कॉन्ट्रैक्ट लेते हैं Golden Opportunity In मर्चेंट नेव्ही, 10वीं/ 12वीं/ ग्रेजुएट पास उम्र- 18-27 वर्ष। वेतन- 25,000- 45,000 अन्य सुविधाएं। infosbc777@gmail.com 09549690708.

110015335

Lost original Flat Buyer's Agreement Book issued by Ansal Housing and Construction Ltd. for Shop No.GF-21,Kirti Shikhar Building, District Centre,Janakpuri,New Delhi-110058 favouring Smt Savinder Kaur W/o Ravinder Singh and Smt. Kusum W/o Mohinder Prakash. FIR lodged vide LR No.1143948/2019 dated 13-6-2019.Founder inform at:9717167941
0040499286-1

It is notified for the information that my Original Qualifying-Examination Certificate of Main, Secondary School Examination of Year-2017 and Roll-No. 8196202 issued by CBSE has been actually lost. Samridh Julka. E-191, Rani Bagh, Delhi-110034.
0040499364-1

### LOST & FOUND

I Sangita Tiwari W/o A.K.Tiwari R/o H.No-663, Sector-28 Noida U.P. my omaxe c.p mall property Receipt No 458068 -10/11/10, 463920,14/12/10, total amount Rs 1948925, Respectively issued by Omaxe Ltd is misplaced somewhere any Person who finds it please return it to Pradeep Kumar at Omaxe LTD Shop No.19B FF Omaxe Celebration Mall Sohana road Gurgaon. Call 9999999849

### PUBLIC NOTICE

It is for General information that I, Rakesh Kumar S/o Kashi Ram Sharma residing at A-7/6, Gali no-1, Ankur Enclave, Karawal Nagar, Delhi- 110094 declare that name of my wife has been wrongly written as Kusum Lata in my service record. The actual name of my wife is Nomesh Lata which may be amended accordingly. It is the clarified that I have the complete complete with other legal requirement in this connection.

### PUBLIC NOTICE

My Client Sh. Ramesh Kumar Mehta and Smt. Nirmal Mehta both R/o B-208F, Street No.2, Majlis Park, Adarsh Nagar, Delhi-110033, have disowned/debarred their son Naveen Mehta and his wife Ritu Mehta (Daughter-in-law) from all their movable and immovable properties due to their misconduct, misbehaviour and irresponsible with my clients. If anybody deals with them, shall do so at his/her own risk, cost and responsibility. My clients shall not be responsible in any manner.
SANJIV VERMA (ADVOCATE), Ch.no.205, Western Wing, Tishazari Courts, Delhi-54

### PUBLIC NOTICE

It is hereby informed that my client SH. PARDEEP KUMAR JAGTAP S/o Late Sh. Mahadev Jagtap R/o 154 C-Block Shalimar Bagh Delhi-110088, is the Owner of Property Plot -No. 916-A. Khasra No.299/226, Block-A Gali No.12/5, Part-II, 25 Feet Road Mukund Pur, Delhi-110042, Area measuring 50 Sq. yds, Situated at Mukundpur, Delhi, and he has misplaced/lost the all Original Documents GPA, Agreement to sell, Affidavit, Possession Letter, Receipt, Will, and with First to Last Chain respect of above said Property & have Lodged a complaint/FIR/NCR Vide LR No.1149075/2019 dated 14.06.2019, with Police Station, Delhi, anybody finds the said document, please inform his at the above said Address or Ph. No.9953304962.

Sd/-
SURENDER KUMAR
(Advocate)
Enrl. No. D-152/1988

## अदालती सूचना

### COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Dr. Sanjeev Arya
**Addl. District and Sessions Judge as Principal Judge, Family Court, Jind**
Monika
Vs.
Hitesh
CNR No.HRJN01-001053-2017
Next Date:- 03.07.2019
Publication issued to:
Hitesh
Son:- Surender Singh
House No.92, Ambedkar Hospital, Rohini Sector-6 Delhi, Haryana

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 03-07-2019 at 10:00 a.m. For details login to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind

**Addl. District and Sessions Judge as Principal Judge. Family Court Jind**

Dated, this day of 24.05.2019

**IN THE COURT OF DISTRICT JUDGE (FAMILY COURT) BHIWANI**

Crl. Petition No. ____ of 2016

1- Kavita aged 27 years wife of Bhale Singh and daughter of Shri Ranbir Singh, Jat by caste
2- Krish aged 2-1/2 years minor son of Bhale Singh, minor through his next friend/ guardian Smt Kavita mother of the minor petitioner No.1 herself residents of village Baralu, Tehsil Loharu District Bhiwani

...Petitioners

Versus

Bhale Singh son of Shri Ram Singh, Jat by caste, resident of village Kakoda, Tehsil Surajgarh District Jhunjhunu (Raj) No.7243715P Hav/Clerk Bhale Singh Defence Institute of High Altitude Research Centre (DRDO) Pin 901205, C/o 56 APO Exch-Sharanpur 1322716106, 1322716105

...Respondent

Petition under section 125 of Code of Criminal Procedure seeking monthly maintenance from the date of petition.

Smt. Kavita Versus Bhale Ram

Present:- Mr. Vijay Beniwal, Advocate for the petitioner.

Registered notice issued to respondent not received back either served or unserved. However, today the learned counsel for the petitioner has moved an application under Order 5 rule 20 of the Code of' Civil Procedure for getting the summoning of respondent through publication. Heard. In view of the facts and circumstances of the case as well as the reasons mentioned in the application, the same stands allowed in the interest of justice. Now the respondent be summoned for 14.08.2019 by way of substituted service i.e. through publication in the daily newspaper "Jansatta (Hindi)" on depositing of publication charges etc. within seven days positively.

Sd/-
**(Narender Pal)**
**Additional Principal Judge, Family Court, Bhiwani**
**UID No.HR0165.**

# बिहार में दिमागी बुखार से मरने वाले बच्चों की संख्या 57 हुई

पटना/मुजफ्फरपुर, 14 जून (भाषा)।

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि राज्य के मुजफ्फरपुर जिले में दिमागी बुखार की चपेट में आने से चार और बच्चों की मौत के साथ इस महीने 57 बच्चों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि सभी बच्चे हाइपोग्लाइसीमिया से पीड़ित थे। कम रक्त शुगर और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण यह बीमारी होती है।

मुजफ्फरपुर के दो सरकारी अस्पतालों में 57 बच्चों की मौत हो गई। इनमें से एक अस्पताल का मंत्री ने दिन में दौरा किया। पांडे ने बताया कि श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) में 47 बच्चे और केजरीवाल अस्पताल में 10 बच्चों की मौत हो गई।

जिला प्रशासन के मुताबिक शुक्रवार को एसकेएमसीएच और केजरीवाल अस्पताल में दो-दो बच्चों की मौत हो गई। बयान के अनुसार दोनों अस्पतालों में उपचार करा रहे पांच बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# कांकेर में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

रायपुर 14 जून (भाषा)।

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कई अन्य नक्सलियों के घायल होने या मारे जाने की संभावना है, जिन्हें उनके साथी अपने साथ ले गए।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने बीती रात मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

राज्य के नक्सल अभियान के महानिदेशक गिरधारी नायक ने शुक्रवार को को बताया कि कांकेर जिले के ताडोकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मालेपारा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है।

नायक ने बताया कि बीती रात ताडोकी थाना क्षेत्र में डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब मालेपारा गांव के जंगल में था, तब नक्सलियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी के बाद कुछ नक्सली वहां से फरार हो गए।

बाद में जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां से दो नक्सलियों के शव और चार हथियार बरामद किए गए। इनमें दो एसएलआर राइफल, एक 303 बंदूक और एक 315 बोर की बंदूक शामिल है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कई अन्य नक्सलियों के घायल होने या मारे जाने की संभावना है, जिन्हें उनके साथी अपने साथ ले गए। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# करगिल विजय दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर दिल्ली से द्रास तक कई कार्यक्रम

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

**इस साल के समारोह 25 से 27 जुलाई तक चलेंगे**

**राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से विजय मशाल निकाले जाने के साथ राष्ट्रीय राजधानी में 14 जुलाई से समारोह शुरू हो जाएगा**

**यह मशाल यात्रा 11 शहरों से गुजरेगी**

करगिल विजय दिवस की अगले महीने 20वीं वर्षगांठ मनाने के लिए थल सेना की दिल्ली से जम्मू-कश्मीर के द्रास तक कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस साल के समारोह 25 से 27 जुलाई तक चलेंगे।

एक अधिकारी ने कहा, 'मुख्य कार्यक्रम की तैयारी के तहत जुलाई के प्रथम सप्ताह से देश भर में कई सारी गतिविधियां आयोजित करने की योजना है।' उन्होंने कहा कि यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से विजय मशाल निकाले जाने के साथ राष्ट्रीय राजधानी में 14 जुलाई से समारोह शुरू हो जाएगा। यह मशाल 11 शहरों से गुजरेगी।

मशाल यात्रा की टीम लोगों को शैक्षणिक और देशभक्ति से जुड़े संदेश देगी और यह विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्रमुख शख्सियतों और छात्रों के साथ बात करेगी। कार्यक्रमों में करगिल युद्ध में भाग ले चुके सैनिकों की इकाइयों द्वारा अपने-अपने युद्धक्षेत्र में स्थित तूलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 तक चढ़ाई करना भी शामिल होगा। साथ ही विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित क्षेत्रों के एनसीसी कैडेट का विशेष राष्ट्रीय समन्वय शिविर भी लगाया जाएगा। ये कार्यक्रम लेह में 12 दिनों तक चलेंगे।

थल सेना ने एक बयान में कहा, 'वर्ष 2019 ऑपरेशन विजय की 20वीं वर्षगांठ है। राष्ट्र करगिल युद्ध में मिली जीत की 20वीं वर्षगांठ इस साल गर्व, सम्मान और प्रेरणा के साथ मनाएगा। सेना ने कहा, 'विजय की 20वीं वर्षगांठ का विषय है-स्मरण करना (रिमेंबर), खुशी मनाना (रीज्वाइस) और नवीकरण करना (रीन्यू)।'

बयान में कहा गया है कि करगिल विजय दिवस लद्दाख के लोगों के लिए एक विशेष अवसर है। लद्दाख के लोग 'एक दौड़ शहीदों के नाम' में भाग लेंगे। इस अवसर पर लद्दाख क्षेत्र में एक टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 27 जुलाई को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा।

# कुमारस्वामी मंत्रिमंडल का विस्तार, दो निर्दलीय विधायक बने मंत्री

बंगलुरु, 14 जून (भाषा)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और दो निर्दलीय विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार में आर शंकर और एच नागेश को कैबिनेट रैंक के मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई। राज्यपाल वजूभाई वाला ने राजभवन में हुए एक समारोह में इन दोनों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शंकर इससे पहले भी कुमारस्वामी सरकार में मंत्री रह चुके हैं लेकिन दिसंबर में हुए फेरबदल में उन्हें बाहर कर दिया गया था। इसके बाद शंकर और नागेश भाजपा के साथ चले गए थे और उन्होंने राज्यपाल को लिख कर दिया था कि वे कुमारस्वामी सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं।

जब जद (सेकु)-कांग्रेस गठबंधन सरकार को गिराने में भाजपा नाकाम रही तो पलटी मारते हुए दोनों विधायक एकबार फिर से सत्तारूढ़ गठबंधन के करीब आ गए। कुमारस्वामी का यह कदम सरकार को और स्थिरता प्रदान करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों को जद (सेकु) और कांग्रेस के कोटे से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है ताकि उनके फिर से पाला बदलने की संभावना खत्म की जाए।





Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.


## सीबीआइ, महाराष्ट्र सीआइडी ने अदालत से कहा

# दाभोलकर, पानसरे की हत्याओं में कुछ समानताएं

मुंबई, 14 जून (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और महाराष्ट्र सीआइडी ने शुक्रवार को बंबई हाई कोर्ट से कहा कि उसने तर्कवादी नरेंद्र दाभोलकर और सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद पानसरे की हत्याओं में कुछ हद तक समानताओं का पता लगाया है।

न्यायमूर्ति एससी धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गौतम पटेल की खंडपीठ को बताया गया कि दाभोलकर मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन अपराध में प्रयुक्त हथियार अब तक बरामद नहीं हो पाया है।

सीबीआइ ने अदालत को जानकारी दी कि चार देसी पिस्तौलों को खोजने के लिए एक महीने के भीतर अभियान चलाया जाएगा। आरोप है कि आरोपियों ने इन पिस्तौलों को पड़ोसी जिले ठाणे में एक जलाशय में फेंका था। सीबीआइ के वकील अनिल सिंह ने अदालत से कहा, 'हम अभियान चलाने के लिए सरकारी एजेंसियों से जरूरी अनुमति का इंतजार कर रहे हैं।' इसके बाद पीठ ने कहा कि अभियान में देरी नहीं होनी चाहिए और इसे मानसून आने से पहले चलाया जाना चाहिए।

सीआइडी के वकील अशोक मुंडार्गी ने अदालत से कहा कि पानसरे हत्याकांड में मुख्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार किया गया है और हमलावरों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अदालत दाभोलकर और पानसरे के परिजनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआइ और सीआइडी द्वारा की जा रहीं जांच की अदालत द्वारा निगरानी का अनुरोध किया गया है।

# चैनल हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित करें धारावाहिकों के नाम : मंत्रालय

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की मुहिम के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी उपग्रह टीवी चैनलों को धारावाहिकों के कलाकार, आभार (क्रेडिट) और उनके नाम हिंदी एवं संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को यह पता चला है कि कई हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषायी टीवी चैनल हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा के धारावाहिकों के कलाकारों के नाम, आभार एवं शीर्षक सिर्फ अंग्रेजी भाषा में लिखते हैं। इसके अनुसार इस चलन के कारण हिंदी और क्षेत्रीय भाषायी लोग टीवी धारावाहिकों या कार्यक्रमों के कलाकारों के बारे में मूल्यवान सूचनाओं से वंचित रह जाते हैं।

सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा, 'आज (शुक्रवार को) हम सभी टीवी चैनलों को एक आदेश जारी कर रहे हैं। ऐसा देखा गया है कि चैनल जो भी धारावाहिक या कार्यक्रम प्रकाशित करते हैं उनके नाम प्रायः अंग्रेजी में होते हैं। भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के इरादे से हमने उन चैनलों को कहा है कि वे नामों को उसके प्रसारण भाषा में ही लिखें।'

उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे हिंदी और क्षेत्रीय भाषा के साथ अंग्रेजी में भी नाम देना चाहते हैं तो ऐसा करने के लिए वे स्वतंत्र हैं।

# जद (एकी) और वाईएसआर कांग्रेस से हाथ मिलाने की तैयारी में बीजद

भुवनेश्वर, 14 जून (भाषा)।

ओड़ीशा को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को आगे बढ़ाने के लिए सत्तारूढ़ बीजद ने संसद में जद (एकी) और वाईएसआर कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने तथा एकजुट तरीके से अपनी आवाज उठाने की योजना बनाई है। बीजद, जदयू और वाईएसआर कांग्रेस के लोकसभा में क्रमशः 12, 16 और 22 सदस्य हैं। जदयू केंद्र में सत्तारूढ राजग में शामिल है जबकि बीजद और वाईएसआर कांग्रेस किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

## मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की अनसुलझी गुत्थी



**गेम ओवर**

**रेटिंग–** ( 2* )

**निर्देशक–** अश्विन सरवनन

**कलाकार–** तापसी पन्नू, विनोदिनी

यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु में भी बनी है। यह एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, जिसमें सपना (तापसी पन्नू) के साथ नए वर्ष के आगमन के मौके पर कोई हादसा हुआ, जिसकी वजह से उसे अंधेरे से खौफ होने लगता है। वो गुरुग्राम में रहती है और कंप्यूटर जनित गेम यानी खेल बनाती है। उसने एक बार टैटू (गोदना) करवाया था, जिसमें एक मेमोरियल स्याही का प्रयोग किया गया था। इस स्याही में उस लड़की की अस्थियां मिली थीं, जो कैंसर से मरी। क्या सपना को इस टैटू की वजह से अंधेरे से डर लगने लगा है या कोई और वजह है? यह रहस्य आखिर तक बना रहता है।

फिल्म तापसी पन्नू का अभिनय, जो शुरू से आखिर तक उस डरी–सहमी लड़की को सामने लाता है जो यह समझ नहीं पा रही कि उसके साथ जो हो रहा है, वो क्यों हो रहा है? वो मनोवैज्ञानिक के पास जाती है लेकिन कोई फायदा नहीं होता। वो हमेशा आशंकित रहती है और अपने माता–पिता से मिलने भी नहीं जाती। इस फिल्म की ध्वनि योजना बहुत अच्छी है और यह दर्शक को हमेशा तनाव में रखती है। लेकिन कमजोरी यह है कि अंत तक यह समझ नहीं आता कि जो तीन लोग मुखौटा पहने सपना के घर में प्रवेश करते हैं, वे सचमुच के इंसान हैं या कंप्यूटर जनित खेल से बने हैं। फिल्म का नाम 'गेम ओवर' है, जिसका कंप्यूटरबाजों की भाषा में मतलब होता है कि जो खेल लैपटॉप या डेस्कटॉप या मोबाइल पर चल रहा था उसकी समाप्ति हो चुकी है। वो खेल या कंप्यूटर गेम क्या था? इसका खुलासा नहीं होता। यह फिल्म मनोवैज्ञानिक थ्रिलर कम और मनोवैज्ञानिक गुत्थी अधिक लगती है, जिसे न निर्देशक समझ सका और न दर्शकों को समझा सका।

## पालतू जानवरों के साथ मनोरंजन

फिल्म समीक्षा
रवींद्र त्रिपाठी

**द सिक्रेट लाइफ ऑफ पेट्स–2**

**रेटिंग–** ( 2 1/2* )

**निर्देशक–** क्रिस रेनौड

साल 2016 में 'द सिक्रेट लाइफ ऑफ पेट्स' आई थी। उसी शृंखला की दूसरी फिल्म आ गई है, जो हंसी–मजाक से भरपूर है। खासकर इस गरमी में बच्चों और परिवार के दूसरे सदस्यों का मनोरंजन करने वाली है। 'दि सिक्रेट लाइफ ऑफ पेट्स–2' में मैक्स नाम का एक डॉगी यानी पालतू कुत्ता है, जो अपने साथियों के साथ मस्ती करता है। फिल्म इस कल्पना पर आधारित है कि पालतू जानवरों की भी



अपनी दुनिया होती है और वे भी आपस में हंसी–मजाक करते हैं।

फिल्म में कुत्ते, बिल्लियां आदि मिलकर शेर के एक बच्चे को उस सर्कस मालिक से बचाते हैं, जो उसे एक पिंजड़े में बंद करके ले जा रहा है। इस तरह से यह फिल्म इस धारणा को उलट देती है कि शेर दूसरे जानवरों पर राज करता है। बहरहाल, शेर के बच्चे को बचाने के लिए पालतू कुत्ते और बिल्लियां मिल जाती हैं। हालांकि, भेड़िए सर्कस मालिक का साथ देते हैं और शेर के बच्चे को पिंजड़े में लाने के लिए काफी दौड़ भाग करते हैं। पर उनकी हार होती है। हिंदी में हॉलीवुड की इस फिल्म का काफी भारतीयकरण कर दिया गया है। आवाजें भी भारतीयों की हैं। ये आवाजें उस अंदाज में हैं, जिनको हम हिंदी फिल्मों में देखते–सुनते आए हैं। यानी चालू भाषा।

## तिहाड़ जेल में ओम प्रकाश चौटाला के कक्ष से फोन बरामद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

तिहाड़ जेल के अधिकारियों के औचक निरीक्षण के दौरान हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के सेल से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। तिहाड़ के अतिरिक्त महानिरीक्षक राजकुमार ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि गुरुवार को एक औचक निरीक्षण



के दौरान एक मोबाइल फोन, एक चार्जर, एक पाउच खैनी और एक तार जेल के कमरे से बरामद किया गया। इस सेल में तीन लोग हैं। ओम प्रकाश चौटाला तिहाड़ जेल में 10 साल की सजा काट रहे हैं। उन्हें शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में दोषी करार दिया गया है। वे थोड़े दिन की छुट्टि (फरलो) पर 21 दिन तक बाहर रहने के बाद बुधवार को ही जेल लौटे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, चौटाला वाले कक्ष में ही बंद एक अन्य कैदी रमेश ने दावा किया कि इनमें से कई सामान उसके हैं।


### कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
### किसान भाईयों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

हरित चारा विकास कार्यक्रम (GFDP) - RKVY स्कीम के अंतर्गत हरियाणा के सभी जिलों में ज्वार के प्रदर्शन प्लाटों पर अनुदान किसानों को दिया जाना है। अनुदान लेने के इच्छुक किसान भाई कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वैबसाईट www.agriharyana.gov.in में Agri Schemes Goverance Link पर जाकर e-agri Portal पर click करें। किसान भाई अपना आवेदन दिनांक 10.07.2019 तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के संबंधित कृषि विकास अधिकारी/ब्लाक कृषि अधिकारी/ उपमंडल कृषि अधिकारी/ उप कृषि निदेशक के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001802117 पर संपर्क कर सकते हैं।

76817/HRY



### प्रपत्र ए
### सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]

**इन्टेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ**

| संबंधित विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम | इन्टेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि | 9.11.2012 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है | कम्पनी रजिस्ट्रार–दिल्ली |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या | U45400DL2012PTC244744 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | एम–167, विकासपुरी, सिंडिकेट बैंक के निकट, नई दिल्ली–110018 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि | 13.06.2019 (माननीय एनसीएलटी द्वारा पारित आदेश तिथि 27.5.2019 दिनांक 13.06.2019 को प्राप्त हुई।) |
| 7. | दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 9.12.2019 |
| 8. | अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल के रूप में कार्यरत है | श्री मोहित कुमार गुप्ता<br>IBBI/IPA-001/IP-P00782/2017-2018/11355 |
| 9. | बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल का पता एवं ईमेलः | पताः 15, पश्चिम विहार एक्सटेंशन, मैन रोहतक रोड, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110063<br>ईमेलः mohitgupta1112@yahoo.co.in |
| 10. | अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल | ईमेल पताः intellicitycirp@gmail.com |
| 11. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 26.6.2019 |
| 12. | क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल द्वारा सुनिश्चित किया गया | होम बायर्स |
| 13. | किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेश्नल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम) | 1. श्री राजीव मलिक<br>(IBBI/IPA-002/IP-N00391/2018-2019/12115)<br>2. श्री जगदीश सिंह नैन<br>(IBBI/IPA-003/IPA-ICAI-N-00187/2018-19/12415)<br>3. श्री विवेक रहेजा<br>(IBBI/IPA-001/IP-P00055/2017-18/10133) |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र तथा<br>(ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है | वेबलिंकः http://www.ibbi.gov.in/home/downloads<br>1. राजीव मलिक<br>बी–7/18, मियावाली नगर, दिल्ली–110087,<br>ई–मेलः iprmalik2009@gmail.com<br>2. श्री जगदीश सिंह नैन<br>98, गंगोत्री अपार्टमेन्ट्स, विकासपुरी, नई दिल्ली, वेस्ट, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110018, ईमेलः jsnain@yahoo.com<br>3. श्री विवेक रहेजा<br>जेडी 2सी, 2रा तल, पीतमपुरा, नई दिल्ली, दिल्ली–110034,<br>ईमेलः vivek@vpgs.in |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (पीठ–II), नई दिल्ली ने 27.5.2019 को इन्टेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है (आदेश 13.6.2019 को प्राप्त हुई।) एतद्द्वारा इन्टेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि आइटम नं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल के पास 26.6.2019 (जो अंतरिम प्रस्ताव कर्मी की नियुक्ति से चौदह दिन है) को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष यथा सूचीबद्ध किसी वर्ग में संबंधित वित्तीय क्रेडीटर प्रपत्र सीए में वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये (होम बायर) प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेश्नलों में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद को दर्शाएं।

प्रपत्र बीः कर्मियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर ऑपरेशनल क्रेडीटर्स द्वारा दावे
प्रपत्र सीः वित्तीय क्रेडीटर्स द्वारा दावे
प्रपत्र सीएः किसी वर्ग में वित्तीय क्रेडीटर्स द्वारा दावे
प्रपत्र डीः कर्मी अथवा किसी कर्मचारी द्वारा दावे
प्रपत्र ईः कर्मी अथवा किसी कर्मचारी के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जमा की गई दावे
प्रपत्र एफः क्रेडीटरों द्वारा दावे (वित्तीय क्रेडीटर्स तथा ऑपरेशनल क्रेडीटर्स के अतिरिक्त)
दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाणों को जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

श्री मोहित कुमार गुप्ता
अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेश्नल
तिथिः 14.6.2019
स्थानः नई दिल्ली
पंजी. सं. IBBI/IPA-001/IP-P00782/2017-2018/11355



## ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

ओ. बी. सी.

(भारत सरकार का उपक्रम)

रिजॉल्यूशन रिकवरी एंड लॉ क्लस्टर कार्यालय, फरीदाबाद, नीलम चौक, एनआईटी, फरीदाबाद–121002 (हरियाणा) फोनः (0129) 2415036-37, ई–मेलः rrl_7622@obc.co.in

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

### परिशिष्ट–IV–ए [देखें नियम 8(6) का प्रावधान] अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

### प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक कब्जा (तालिका के अनुसार) किया गया है, की 4.7.2019 को ''जैसा है जहाँ है'', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। वसूली के लिये बकाया राशि, ऋणधारक(कों) एवं गारन्टर(रों) का नाम, आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि भुगतान नीचे तालिका में वर्णित रूप में होगा। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3.7.2019 के 4.00 बजे अप. तक है।

### अचल सम्पत्तियों का विवरण

| क्रम सं. | ऋणधारकों का नाम | सम्पत्ति का विवरण एवं स्वामी | आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली बृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | मांग सूचना तिथि कब्जा सूचना तिथि बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) | ईएमडी प्रेषित करने के लिये खाता का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मै. अनु इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज (प्रॉप. राम कुमार तलान) | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार, बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद के भीतर श्री राम कुमार तलान तथा श्रीमती अनु तलान के नाम में सम्पत्तिः प्लॉट नं. 11–12, दो मंजिला बिल्डिंग, जीवननगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद में शामिल सम्पत्ति, माप 212 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः श्री उत्तम वर्कशॉप, पूर्वः प्लॉट नं. 5, पश्चिमः रास्ता | रु. 25.47 लाख<br>रु. 2.55 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 29.11.2016<br>1.9.2017<br>रु. 2744877.30+रु. 2105306+31.10.2016 से ब्याज | खाता नं. 14181181000034<br>खाता का नामः ई–नीलामी मै. अनु इंजिनियरिंग<br>लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0101418 |
| 2. | मै. मैक्स एण्टरप्राईजेज (प्रॉप.) विजेन्दर सिंह | श्रीमती सुखबीरी देवी पत्नी स्व. श्री ब्रहम सिंह के नाम में एच.नं. 1379, एमसीएफ नं. 2015, निकट मोबाईल टावर, डबुआ कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 100 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः एच.नं. 1321, दक्षिणः 15 फीट रोड, पूर्वः प्लॉट नं. 1/एच.नं. 1378, पश्चिमः प्लॉट नं.–4/एच/नं. 1380 | रु. 27.50 लाख<br>रु. 2.75 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 1.4.2017<br>30.6.2017<br>रु. 1049332.00+रु. 1327246.00+1.3.2017 से ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 07651181000230<br>खाता का नामः ई–नीलामी मैक्स एण्टरप्राईजेज<br>लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 3. | श्री गगन बाधवा तथा श्रीमती दीपा बाधवा | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्री गगन बाधवा तथा श्रीमती दीपा बाधवा के नाम में प्लॉट नं. 82, एच.नं. डी–1588, अब एच.नं. 962 विदित, ब्लॉक ए, मौजा डबुआ (डबुआ कॉलोनी) एनआईटी फरीदाबाद, माप 100 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः 15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति, पूर्वः प्लॉट नं. 81, पश्चिमः प्लॉट नं. 83 | रु. 21.60 लाख<br>रु. 2.16 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 31.8.2016<br>25.04.2018<br>रु. 4110705/– + 31.3.2018 से उस पर ब्याज | खाता नं. 07651181000070<br>खाता का नामः ई–नीलामी गगन बाधवा<br>लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 4. | मै. पी.पी. इंडस्ट्रीज (प्रॉप. श्रीमती सोनिया मेंदीरत्ता पत्नी संजय मेंदीरत्ता) | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती सोनिया मेंदीरत्ता, पत्नी श्री संजय मेंदीरत्ता के नाम में सम्पत्तिः प्लॉट नं. 9 (अब, 47/14ए के नाम से विदित) डबुआ कॉलोनी, नवादारोड, फरीदाबाद, माप 298 वर्ग यार्ड्स के ईक्यूएम से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः 20 फीट रास्ता, पूर्वः 15 फीट रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं. 10, पश्चिमः अन्य, सम्पत्ति | रु. 46.00 लाख<br>रु. 4.60 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 01.02.2018<br>21.04.2018<br>रु. 5143686.00 31.3.2018 को +उस पर ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 09211181000142<br>खाता का नामः ई–नीलामी पी पी इंडस्ट्रीज<br>लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100921 |
| 5. | मै. जय महाकाल ट्रेडर्स | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती राम राखी, पत्नी दिलबाग राय शर्मा के नाम में बंगला प्लॉट नं. 3/ई 26 एनआईटी फरीदाबाद, माप 150.00 वर्ग यार्ड्स के उत्तर पश्चिम भाग–सह–पूर्वी भाग/डिविजन पोर्शन नं. डी में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः सड़क, पूर्वः बंगला प्लॉट 3–ई/26 का पूर्वी भाग, दक्षिणः बंगला प्लॉट/3–ई26 का अन्य भाग, पश्चिमः बंगला प्लॉट नं. 3–ई/25 | रु. 86.40 लाख<br>रु. 8.64 लाख<br>रु. 0.50 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 01.10.2018<br>5.12.2018<br>रु. 7652805.50 +01.12.2018 से उस पर ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 07651181000414<br>खाता का नामः मै. जय महाकाल ट्रेडर्स<br>लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 6. | श्री जसविन्दर सिंह पुत्र श्री जोगिन्दर सिंह एवं श्री जोगिन्दर सिंह पुत्र मनमोहन सिंह एवं श्रीमती परमजीत कौर, पत्नी जोगिन्दर सिंह | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती परमजीत कौर तथा श्री जोगिन्दर सिंह के नाम में सम्पत्तिः एच. नं. 2–ई/100 एफएफ, साउदर्न साइड, ब्लॉक–ई, एनएच–2, एनआईटी, फरीदाबाद–121001, माप 116 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः एच. नं. 2–ई/100, दक्षिणः एच. नं. 2–ई/101, पूर्वः एच. नं. 2–ई/73, पश्चिमः सड़क | रु. 21 लाख<br>रु. 2.10 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 20.8.2016<br>30.11.2016<br>रु. 2145803/– + 30.7.2016 से उस पर ब्याज | खाता नं. 07651181000056<br>खाता का नामः ई–नीलामी जसविन्दर सिंह लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 7. | मै. खोखर इलेक्ट्रॉनिक्स | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती सोनिया, पत्नी संजीव कुमार के नाम में सम्पत्तिः मकान सं. ए–1101 (पुराना प्लॉट नं. 96 एवं 97) डी स्टोरी, निकट विवेक स्कूल, डबुआ कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 150 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः मकान सं. 1100, पूर्व अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः मकान सं. 1102, पश्चिमः रास्ता | रु. 39.00 लाख<br>रु. 3.90 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 1.9.2017<br>30.11.2017<br>रु. 3191838.38/– + 1.9.2017 से उस पर ब्याज | खाता नं. 07651181000353<br>खाता का नामः ई–नीलामी मै. खोखर इलेक्ट्रॉनिक्स लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 8. | मै. कुसुम इंडस्ट्रीज प्रॉपः श्रीमती कुसुम सक्सेना तथा गारन्टर्सः श्री दीपक सक्सेना, श्री प्रमोद सक्सेना एवं श्री संजय सक्सेना | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्री दीपक सक्सेना, श्री प्रमोद सक्सेना, श्री संजय सक्सेना, सभी पुत्र श्री श्याम मोहन सक्सेना के नाम में सम्पत्तिः एच. नं. 1001/676, गली नं. 39, ब्लॉक–ए, फ्रैंड्स इस्टेट एजेन्सी वाली गली के सामने, डबुआ पाली रोड, एनआईटी फरीदाबाद, माप 142 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः रोड, दक्षिणः एच. नं. 1015/690, पूर्वः एच. नं. 1002/677, पश्चिमः एच. नं. 1000/675 | रु. 23.76 लाख<br>रु. 2.38 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 31.8.2016<br>30.1.2017<br>रु. 2490777.00 + रु. 872907.00 + 1.7.2016 से ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 07651181000186<br>खाता का नामः ई–नीलामी कुसुम इंडस्ट्रीज लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 9. | मै. प्लास्को इंजीनियर्स (प्रॉप.) श्री संजय मेंदीरत्ता | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्री संजय मेंदीरत्ता, पुत्र अमर चंद मेंदीरत्ता के नाम में ए–315 एवं ए–316, डबुआ नवादा रोड कॉलोनी फरीदाबाद, माप 635.00 वर्ग यार्ड्स के ईक्यूएम से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति, पूर्वः रोड, पश्चिमः रोड | रु. 94.50 लाख<br>रु. 9.45 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 28.7.2017<br>7.10.2017<br>रु. 8699741.00 तथा 1.7.2017 से उस पर लागत, चार्जेज तथा ब्याज। | खाता नं. 09211181000111<br>खाता का नामः ई–नीलामी प्लास्को इंजीनियर्स लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100921 |
| 10. | मै. गी काय बी इंडस्ट्रीज | श्री चन्दर मोहन पुत्र श्री दिलचंद के नाम में पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर प्लॉट नं. 68–बी, गली नं. 5ई, मौजा गौंची सरूरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, सोहना रोड, बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में शामिल सम्पत्ति, माप 320 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः रोड, पूर्वः रोड, पश्चिमः अन्य सम्पत्ति | रु. 40.30 लाख<br>रु. 4.03 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 1.9.2017<br>8.12.2017<br>रु. 4171764.00 + उस पर 1.9.2017 से रु. 3405799.00 ब्याज | खाता नं. 09211181000159<br>खाता का नामः ई–नीलामी मै. गी काय बी इंडस्ट्रीज लाभभोगीः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100921 |
| | | श्री चन्दर मोहन पुत्र श्री दिलचंद के नाम में पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर सम्पत्ति एच. नं. ई–781, डबुआ कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 100 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट का शेष भाग; दक्षिणः 15 फीट रास्ता, पूर्वः अन्य सम्पत्ति, पश्चिमः प्लॉट का शेष भाग। | रु. 21.00 लाख<br>रु. 2.10 लाख<br>रु. 0.20 लाख | | | |
| 11. | मै. रजनी इलेक्ट्रिकल्स (प्रॉप.) मंजू देवी | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती मंजू देवी के नाम में सम्पत्तिः शॉप नं. 3ए तथा 4, सारण स्कूल रोड जवाहर कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 36 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः शॉप नं. 5, दक्षिणः शॉप नं. 2, पूर्वः रोड 22 फीट, पश्चिमः शॉप नं. 8 | रु. 42.00 लाख<br>रु. 4.20 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 20.3.2017<br>25.5.2017<br>रु. 6892731.00, रु. 3678549.00 तथा 1.3.2017 से उस पर ब्याज | खाता नं. 07651181000254<br>खाता का नामः ई–नीलामी रजनी इलेक्ट्रिकल्स लाभभोगी का नामः आरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| | | श्रीमती मंजू देवी के नाम में एच. नं. 2614/8, सारण पब्लिक स्कूल रोड, जवाहर कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद, जिसका कवर्ड एरिया 103 वर्ग यार्ड्स है, का ईक्यूएम। चौहद्दीः उत्तरः मकान सं. 2614/9, दक्षिणः मकान सं. 2614/7, पूर्वः शॉप (रजनी इलेक्ट्रिकल्स), पश्चिमः गली | रु. 32.00 लाख<br>रु. 3.20 लाख<br>रु. 0.20 लाख | | | |
| 12. | मै. एस.पी. रबड़ (प्रॉप.) श्रीमती भगवन्ती देवी | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती भगवन्ती देवी के नाम में रेक्टेंगल नं. 47, किल्ला नं. 10/1, मौजा डबुआ. डबुआ कॉलोनी में स्थित सम्पत्ति एच. नं. डीसी–551 (एफ–6), माप 105 वर्ग यार्ड्स) में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट नं. एफ–4, दक्षिणः प्लॉट नं. एफ–7, पूर्वः सड़क, पश्चिमः प्लॉट नं. एफ–5 | रु. 12.90 लाख<br>रु. 1.29 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 15.10.2016<br>20.12.2016<br>रु. 4006199.00 30.9.2016 को + रु. 4081434.00.00 30.9.2016 को + ब्याज एवं अन्य चार्जेज | खाता नं. 07651181000049<br>खाता का नामः ई–नीलामी एस.पी. रबड़ लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| | | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती भगवन्ती देवी के नाम में रेक्टेंगल नं. 47, किल्ला नं. 10/1, मौजा डबुआ. डबुआ कॉलोनी में स्थित सम्पत्ति एच. नं. डीसी–551 (एफ–7), माप 155 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट नं. 6, दक्षिणः रास्ता, पूर्वः प्लॉट 5, पश्चिमः फ्रान्ट रास्ता | रु. 18.20 लाख<br>रु. 1.82 लाख<br>रु. 0.20 लाख | | | |
| 13. | मै. शिव डुट्टी उद्योग प्रॉप. श्री मयंक सक्सेना तथा गारन्टरः श्रीमती सुनीता देवी | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती सुनीता देवी के नाम में सम्पत्तिः एच. नं. ए–849, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, माप 52.50 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः रोड, दक्षिणः विनोद सक्सेना की सम्पत्ति, पूर्वः सत्यदेव की सम्पत्ति, पश्चिमः विवेक हाई स्कूल | रु. 12.00 लाख<br>रु. 1.20 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 27.10.2016<br>3.1.2017<br>रु. 1586214.00 तथा 1.10.2016 से उस पर ब्याज | खाता नं. 07651181000124<br>खाता का नामः ई–नीलामी शिव डुट्टी उद्योग लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| 14. | मै. यूनाईटेड ट्रैवल वर्ल्ड (प्रॉप) श्री इश्मीत सिंह | पंजीकरण जिला फरीदाबाद के भीतर श्री गुरिन्दर सिंह के नाम सम्पत्तिः एच. नं. 1122, सेक्टर 17, फरीदाबाद, माप 350 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः मकान सं. 1119, दक्षिणः रोड, पूर्वः मकान सं. 1123, पश्चिमः मकान सं. 1121 | रु. 219.00 लाख<br>रु. 21.90 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 5.5.2016<br>16.8.2017<br>रु. 2178808.71 तथा उस पर 1.8.2017 से ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 09491181000032<br>खाता का नामः ई–नीलामी यूनाइटेड ट्रैवल वर्ल्ड, लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100949 |
| 15. | श्री योगिन्दर राणा पुत्र बहोरन सिंह एवं श्रीमती संगीता | पंजीकरण उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के भीतर श्रीमती संगीता पत्नी योगिन्दर के नाम में एच. नं. 111, एमसीफ नं. 983 ए ब्लॉक, आरा मशीन वाली गली, डबुआ कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 100.00 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट नं. 112, दक्षिणः प्लॉट नं. 110/एच नं. 984/ए,, पूर्वः अन्य सम्पत्ति, पश्चिमः 11 फीट चौड़ा रास्ता। | रु. 20.50 लाख<br>रु. 2.05 लाख<br>रु. 0.20 लाख | 4.7.2019 को 12.00 बजे दोपहर से 1.00 बजे अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 21.7.2017<br>27.9.2017<br>रु. 1869810.00 + 1.7.2017 से उस पर ब्याज तथा अन्य चार्जेज | खाता नं. 12681181000062<br>खाता का नामः ई–नीलामी योगिन्दर राणा, लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स आईएफएससी कोडः ORBC0101268 |
| 16. | मै. ध्रुव पैकेजिंग इंडस्ट्रीज प्रॉप. श्री सुनील शर्मा | उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के पास पंजीकृत श्रीमती सत्यवती देवी, पत्नी श्री शंकर लाल शर्मा के नाम में सम्पत्ति व्यावसायिक यूनिट 3रा एवं 4था तल, शॉप नं. बी–532, भूमि टावर नेहरू ग्राउण्ड एनआईटी फरीदाबाद, माप 35 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः रोड, दक्षिणः रोड, पूर्वः शॉप नं 531, पश्चिमः शॉप नं. 533 | रु. 19.00 लाख<br>रु. 1.90 लाख<br>रु. 0.20 लाख | | 3.5.2017<br>7.7.2017<br>रु. 5268409/– + रु. 4958081/– + 1.4.2017 से उस पर ब्याज | खाता नं. 076511810000322<br>खाता का नामः ई–नीलामी ध्रुव पैकेजिंग इंडस्ट्रीज लाभभोगी का नामः ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स आईएफएससी कोडः ORBC0100765 |
| | | उप रजिस्ट्रार फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद के पास पंजीकृत श्रीमती सत्यवती देवी, पत्नी श्री शंकर लाल शर्मा के नाम में सम्पत्ति एच. नं. 981, डबुआ कॉलोनी, एनआईटी फरीदाबाद, माप 100 वर्ग यार्ड्स में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।<br>चौहद्दीः उत्तरः एच. नं. ए–980, दक्षिणः एच. नं. ए–982, पूर्वः अन्य सम्पत्ति, पश्चिमः रास्ता | रु. 30.00 लाख<br>रु. 3.00 लाख<br>रु. 0.20 लाख | | | |

**नियम व शर्तें**

1. ई–नीलामी ''जैसा है जहां है'' एवं ''जैसा है जो कुछ भी है आधार'' पर आयोजित की जाएगी।
2. ईएमडी तथा दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 3.7.2019 के 4 बजे अप. तक है।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ ज्ञान एवं जानकारी में सम्पत्ति पर कोई अधिभार नहीं है। लेकिन, इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, सम्पत्ति के टाईटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें।
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हें लॉगिन आईडी एवं पास्वर्ड बनाने, डैटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ऑन लाइन ई–बिडिंग प्रक्रिया आदि पर प्रशिक्षण की आवश्यकता हो, वे मै. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लॉट नं. 301, प्रथम तल, उद्योग विहार, फेज–2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, गुड़गाँव, हरियाणा, पिन–122015, हेल्प लाइन नं. 0124–4302020, 4302021, 4302022, 4302023, 4302024, 7210044289 एवं ई–मेल आईडीः delhi@c1india.com, Support@bankeauction.com से सम्पर्क करें। सम्पर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नामः श्री विनोद कुमार/ श्री भगत सिंह, मो. 9813887931/ 7291981129 तथा सम्पत्ति से संबंधित प्रश्नों तथा सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारीः श्री आई.एस. बोरवाल, मो. नं. 9911676848, ईमेलः rrl_7622@obc.co.in से संपर्क करें। ऑन लाइन बोली रखने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं की सहायता करने के लिए बैंक ने अपने संबंधित शाखा कार्यालयों को सुविधा केन्द्र के रूप में विनिर्दिष्ट किया है।

ई–नीलामी विफल होने पर बैंक निजी संधि द्वारा सम्पत्ति की बिक्री करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**(विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.obcindia.co.in तथा https://www.bankeauctions.com देखें।)**

तिथिः 11.6.2019 स्थानः फरीदाबाद
प्राधिकृत अधिकारी, ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

# दो प्रॉपर्टी डीलर समेत पांच लोगों की गोली मारकर हत्या

## मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था पर केंद्र को घेरा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बीते 12 घंटे के अंदर पांच लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इसमें दो प्रॉपर्टी डीलरों के अलावा एक 17 साल का छात्र और दो अन्य लोग जिनमें एक घोषित बदमाश भी शामिल है। सभी क्षेत्रों की पुलिस मामलों को दर्ज कर पड़ताल कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी वारदातों पर दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

### वारदात : एक

भलस्वा डेयरी में ही प्रॉपर्टी डीलर चंद्रशेखर गुरुवार रात करीब 9:45 बजे अपने दो दोस्तों के साथ कार से घर लौट रहे थे। गंदे नाले के पास मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने रोक लिया और चंद्रशेखर से कुछ देर बात की। इसी बीच एक बदमाश ने उनके सिर पर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। उनका दोस्त उन्हें अस्पताल ले गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि 15 दिन पहले कुछ लोगों ने उनके प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इस दौरान उन्होंने कई राउंड गोलीबारी भी की। चंद्रशेखर अपनी पत्नी, दो बेटे के साथ श्रद्धानंद कॉलोनी में रहते थे।

### वारदात : दो

विकासपुरी में प्रॉपर्टी डीलर अमित कोचर अपने परिवार के साथ रहते थे। बीती रात करीब 10:45 बजे कार सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इससे पूर्व बदमाशों ने उनके दरवाजे की घंटी बजाई थी। अमित ने जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला बदमाशों ने कुछ देर बात की फिर अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दी। पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज ने बताया कि शुरुआती छानबीन में पुलिस आपसी रंजिश और प्लॉट पर कब्जा को लेकर हुए विवाद मान कर चल रही है।

### केजरीवाल का सवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री और दिल्ली के उपराज्यपाल को कानून व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज राजधानी में लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

### वारदात : तीन

नंद नगरी में बदमाशों ने कार सवार खुरवेश और कांची को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के दौरान दोनों नंद नगरी रेड लाइट पर खड़े थे। इसी दौरान छह बदमाशों ने उन पर करीब 12 से अधिक गोलियां चलाई। दोनों को करीब सात-आठ गोलियां लगीं। पुलिस ने बताया कि खुरवेश नंद नगरी का घोषित बदमाश है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत 41 मामले दर्ज है। परिजनों ने बताया कि खरवेश 15-20 दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। परिजनों का आरोप है कि मौजपुर निवासी बिट्टू सुंदर नगरी निवासी आसिफ और नंद नगरी निवासी अमन ने हत्या की है। जांच में पता चला कि कांची का कोई आपराधिक रेकॉर्ड नहीं है। उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि वारदात में दो लोगों की पहचान कर ली गई है। एक पुलिस हिरासत में है, दूसरी तलाश में छापेमारी जारी है।

### वारदात : चार

पुलिस के मुताबिक, 17 साल का विशाल अपने परिवार के साथ भलस्वा डेयरी में रहता था। वह सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। परिवार में मां-पिता और एक जुड़वा भाई हैं। जांच में पुलिस को पता चला कि विशाल की इलाके में कुछ लड़कों से लड़ाई होती रहती थी। तीन दिन पूर्व भी उसकी किसी से मारपीट हुई थी। लड़ाई का बदला लेने के लिए बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

## आइएमए ने गृह मंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी

# इलाज न मिलने से राजधानी आ रहे मरीजों का बुरा हाल




जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों पर हुए हमले के खिलाफ एम्स सहित राजधानी के कई अस्पतालों में हड़ताल के कारण मरीजों का बुरा हाल रहा। दूर-दराज से आए मरीज इलाज के लिए भटकते रहे। शनिवार को स्थिति और बिगड़ सकती है क्योंकि दिल्ली सरकार के दूसरे अस्पताल भी कल से हड़ताल में शामिल होंगे। उधर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने 17 जून को देशव्यापी हड़ताल का एलान किया है। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस बीच दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने राजघाट तक मार्च किया।

डॉक्टरों पर हमले के खिलाफ चले आंदोलन का खमियाजा तमाम मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार को डॉक्टरों ने ओपीडी सहित तमाम सेवाएं बेद रखी, जिससे एम्स में कम से कम डेढ़ से 200 मरीजों की सर्जरी टल गई। बिहार से आई मरीज मनोरमा ने शिकायत की कि वे एम्स में इलाज के लिए इतनी गर्मी में दूर से आई हैं पर उन्हें डॉक्टरों ने देखने से मना कर दिया। उधर, डॉक्टरों ने सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना काम न करने की बात कही है। एम्स आरडीए के पदाधिकारी डॉ हरजीत भाटी ने कहा कि सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बना कर सुरक्षा के इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा अस्पतालों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं व डॉक्टरों की भारी कमी है। यूआरडीए के अध्यक्ष डॉ मनु गौतम ने डॉक्टरों पर हमले रोकने के लिए चिकित्सा इंतजामों में व्यापक सुधार की मांग की। फोर्डा अध्यक्ष डॉ सुनील ने कहा कि हमारी मांग है कि सुरक्षित माहौल में काम लिया जाए व संसाधन बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने मौखिक आश्वासन दिया है। लेकिन हम इस पर मानने वाले नहीं है लिहाजा हमने कल से दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में भी हड़ताल का फैसला किया है। अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर ओपीडी और नियमित ओटी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। नए पंजीकरण नहीं किए गए। जांच व नियमित ऑपरेशन नहीं किए जा सके। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने दरियागंज से राजघाट तक मार्च निकाला। इसके अध्यक्ष डॉ गिरीश त्यागी ने कहा कि डाक्टरों की सुरक्षा की मांग पूरी की जाए। महासचिव डॉ अरविंद चोपड़ा ने कड़े कानून की मांग की। डॉक्टरों की शीर्ष संस्था ने मीटिंग के बाद एलान किया है कि 17 जून को देशव्यापी बंद रखा जाएगा। आइएमए के पदाधिकारी डॉ आरवी असोकन ने कहा कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा के वायदे किए हैं। कमेटी भी बनी बैठक भी हुई लेकिन नतीजा सिफर रहा।







इलाज न होने पर एक अस्पताल के बाहर मायूस बैठे मरीज (1), डॉक्टरों ने ठप किया कामकाज (2) और डॉक्टरों ने संगठन ने डॉक्टरों को संबोधित किया (3)।

## आज के कार्यक्रम

### सभा संगोष्ठी

**कथा-कहानी** : मधुसूदन आनंद, प्रियदर्शन और आकांक्षा पारे का कहानी पाठ, गांधी शांति प्रतिष्ठान, आइटीओ, शाम पांच बजे।

**वाणी प्रकाशन** : दरियागंज की किताबी शाम-4, डॉक्टर प्रेमचंद 'महेश' सभागार, वाणी प्रकाशन, 21-ए, दरियागंज, शाम 4 बजे।

## खबरों में शहर

### सौर ऊर्जा अधिक बनेगी तो मिलेगा लाभ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

दिल्ली में अधिक सौर ऊर्जा पैदा करने वाले उपभोक्ता अब इस सौर ऊर्जा का इस्तेमाल अपने दूसरे बिजली मीटर पर कर सकेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने शुक्रवार को नए नियमों को मंजूरी दे दी है। अब तक अतिरिक्त बिजली होने की स्थिति में यह बिजली सीधे ग्रिड मे चली जाती थी और इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाता था। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने डीईआरसी की ओर से स्वीकार किए गए इस मसौदे की जानकारी दी। दिल्ली में अब तक सौर ऊर्जा के लिए उत्पादन के लिए कई नियम तय नहीं थे और इस वजह से अधिक लोग भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आगे नहीं आ रहे थे। नए नियम उपभोक्ताओं के लिए फायदे का सौदा साबित होंगे।

### संवेदनशील रवैये पर आयुक्त ने किया पुरस्कृत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

दिल्ली पुलिस में कार्यरत एक एएसआइ ने फतेहपुर बेरी में बेहोश मिले शख्स का पहले तो एम्स ट्रामा सेंटर में इलाज करवाया, बाद में उसे परिजनों से मिलवाया। बेहोशी की हालत में मिले शख्स के पास से कोई ऐसा दस्तावेज या फिर सामान नहीं था, जिससे उसकी पहचान हो सके। एएसआइ अशोक कुमार ने कड़ी मेहनत कर शख्स के बारे में जानकारी जुटाई और इस घटना के बारे में रेवाड़ी में रहने वाले परिजनों को जानकारी दी। इस नेक कार्य के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त ने 20 हजार रुपए का इनाम अशोक कुमार को देने की घोषणा की है। दक्षिणी जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बीते दिनों फतेहपुर बेरी में ताराचंद नामक एक शख्स बेहोशी की हालत में मिला था। अशोक उसे एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे और उसे आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया।

### पर्यावरण को लेकर जागरुकता फैलाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

पर्यावरण दिवस पर सीड (सस्टेनेबल इनवायरमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलपमेंट सोसाइटी) और हनीवेल सेफ स्कूल कार्यक्रम की ओर से पर्यावरण प्रदूषण को मात देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जागरुकता अभियान चलाते हुए लोगों को वायु प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और इससे बचने के उपाय बताए गए। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने पर्यावरण विषय पर अपनी कलाकारी दिखाई। सीड की ओर से बताया गया कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 12.5 फीसद मौतों का जिम्मेदार वायु प्रदूषण है। दिल्ली में यह लोगों के फेफड़ों पर असर डाल रहा है जिसमें अधिक संख्या बच्चों की है।

# अनुज लुगुन को साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, 14 जून।
जनसत्ता संवाददाता

हिंदी कवि अनुज लुगुन को उनकी कविता 'बाघ और सुगना मुंडा की बेटी' के लिए 2019 का साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार देने का एलान किया गया है। संस्कृत में युवराज भट्टराई की कविता 'वाग्विलासिनी' को चुना गया है। अकादेमी ने कविता की ग्यारह, कहानी की छह, पांच उपन्यासों और एक साहित्यिक आलोचना को पुरस्कार दिया है।

ओड़िया लेखक शिशिरा बेहेरा को साहित्यिक आलोचना का पुरस्कार मिला। कहानी विधा में संजीब पॉल डेका (असमिया), सुनील कुमार (डोगरी), तनुज सोलंकी (अंग्रेजी), अजय सोनी (गुजराती), हेमंत अइया (कोंकणी) और कीर्ति परिहार (राजस्थानी) पुरस्कृत हुए हैं। उपन्यास विधा में मोमिता (बांग्ला), फकीर (श्रीधर बनवासी जीसी) (कन्नड), यदविंदर सिंह संधू (पंजाबी), गड्डम मोहन राव (तेलुगु) और सलाम अब्दुस समद (उर्दू) को पुरस्कृत किया गया है। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में 23 भाषाओं के प्रतिनिधि सदस्यों ने इन पुरस्कारों का चयन किया। मैथिली भाषा के पुरस्कार का एलान बाद में किया जाएगा।

साथ ही अकादेमी ने हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू सहित 22 भाषाओं के लिए 2019 के बाल साहित्य पुरस्कारों का एलान किया। हिंदी लेखक गोविंद शर्मा द्वारा लिखित कहानी 'काचू की टोपी' को बाल साहित्य पुरस्कार के लिये चुना गया है। बाल साहित्यकार के रूप में हिंदी के अच्युतानंदन मिश्र, हनुमान प्रसाद शुक्ल और नरेंद्र मोहन को यह पुरस्कार दिया जाएगा। साहित्यिक रचना श्रेणी में उर्दू लेखक मोहम्मद खलील की कहानी 'सांइस के दिलचस्प मजामीन' और अंग्रेजी में देविका करियप्पा की इतिहास पर आधारित रचना 'इंडिया थ्रू आर्केलोजी : एक्सवेटिंग हिस्ट्री' को बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। अंग्रेजी लेखक हरीश त्रिवेदी, उर्वशी बुटालिया और कावेरी नामबिसन तथा उर्दू लेखक असद रजा, बलराज बख्शी और सैफी सरोंजी को 2019 के बाल सहित्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

## प्रधानमंत्री को श्रीधरन ने लिखी चिट्ठी

# मुफ्त मेट्रो यात्रा को बताया नुकसानदेह




जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

मेट्रो की वित्तीय हालत के लिए महिलाओं को मुफ्त सवारी का फैसला नुकसानदायक हो सकता है। यह चिंता शुक्रवार को मेट्रो मैन व मेट्रो के पहले प्रबंध निदेशक ई श्रीधरन ने जाहिर की है। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो पन्ने का एक पत्र भेजा है। पत्र में सलाह दी गई है कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार महिलाओं के बैंक खातों में सीधे सबसिडी सुविधा उपलब्ध कराए।

इस पत्र में उन्होंने कहा कि जब उन्होंने मेट्रो में कामकाज संभाला था उस समय यह स्पष्ट किया गया था कि मेट्रो के कामकाज में किसी तरह की कोई दखल नहीं दी जाएगी, लेकिन दिल्ली सरकार ने मेट्रो में महिलाओं को मुफ्त सफर देने का फैसला लिया है और इस निर्णय ने मुझे यह पत्र लिखने पर मजबूर किया है। दस जून को प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि अगर सरकार वास्तव में किसी को निशुल्क यात्रा सुविधा देने के लिए कोई उपाय करना चाहती है तो इसके लिए मेट्रो की मौजूदा प्रणाली में कोई बदलाव करने की जगह लाभार्थी को लाभ राशि सीधे उसके बैंक खाते में देना (डीबीटी) बेहतर उपाय होगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो के व्यवस्थित तंत्र को बनाए रखने के लिए 2002 में मेट्रो सेवा शुरू होने के समय से ही हमने किसी तरह की सबसिडी नहीं देने का सैद्धांतिक फैसला किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसकी प्रशंसा की थी। इतना ही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने उद्घाटन के समय खुद भी टिकट खरीदकर संदेश दिया था कि मेट्रो सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी है। उन्होंने पत्र में कहा कि सबसिडी देने की परंपरा से मेट्रो प्रबंधन की ओर से विदेशी एजंसियों से लिया गया कर्ज देना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो की इस प्रतिबद्धता का पालन देश के अन्य शहरों की मेट्रो सेवा की ओर से भी किया जा रहा है। अगर दिल्ली में मुफ्त यात्रा सेवा शुरू होगी तो ऐसी मांग अन्य शहरों में भी उठेगी।

भाजपा ने मांग की है कि प्रधानमंत्री को लिखी गई मैट्रो मैन की चिट्ठी का आकलन किया जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बताया कि मेट्रो मैन के माध्यम से लिखी गई चिट्ठी को उन्होंने पढ़ा है। जिसमें उन्होंने इस वजह से होने वाली परेशानियों का जिक्र किया है।

### 'मेट्रो चाहे तो मुफ्त में कर सकता हूं सॉफ्टवेयर अपडेट'

'आप' के सौरभ भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं को मुफ्त सवारी का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर मेट्रो चाहती है तो वे इस सुविधा को लागू करने के लिए मेट्रो सॉफ्टवेयर को निशुल्क अपडेट कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के लिए केवल गुलाबी कार्ड महिलाओं को देना होगा और एक रास्ता केवल महिलाओं के लिए आरक्षित करना होगा। इस जगह पर सुरक्षाकर्मी की तैनाती की जाएगी। महिलाओं के रास्ते में ही गुलाबी कार्ड व सामान्य कार्ड को अनुमति का प्रावधान होगा। इसमें केवल दो सप्ताह लगेंगे। यह बेहद ही आसान सा तरीका है।



# जेईई–एडवांस्ड के नतीजे घोषित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में दाखिले के लिए ली जाने वाली जेईई (एडवांस्ड) के नतीजे शुक्रवार को घोषित कर गए। महाराष्ट्र के कार्तिकेय गुप्ता ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश (प्रयागराज) के हिमांशु गौरव सिंह ने दूसरा और दिल्ली के अर्चित बुबना ने तीसरा स्थान हासिल किया। शबनम सहाय लड़कियों में शीर्ष पर रहीं। महाराष्ट्र के बल्लारपुर के रहने वाले कार्तिकेय गुप्ता कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में 372 में से 346 अंक लाकर टापर बने। इसी साल 12वीं की परीक्षा 93.7% अंकों से पास करने वाले कार्तिकेय ने जेईई मेन परीक्षा में भी कार्तिकेय ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर कर ऑल इंडिया 18वीं रैंक हासिल की थी।

- दिल्ली के अर्चित बुबना तीसरे स्थान पर और प्रयागराज के हिमांशु गौरव सिंह दूसरे पर रहे
- महाराष्ट्र के कार्तिकेय गुप्ता ने शीर्ष स्थान हासिल किया

परीक्षा में कुल 1,61,319 छात्रों में से 38,705 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 5,356 लड़कियां हैं। सफल छात्रों में सामान्य श्रेणी के 15,566, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 3,636, अन्य पिछड़ा वर्ग के 7,651, अनुसूचित जाति के 8,758 और अनुसूचित जनजातियों के 3,094 परीक्षार्थी हैं। देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए जेईई–मेन्स की परीक्षा आयोजित की जाती है और आइआइटी में दाखिले के लिए परीक्षार्थियों को जेईई–एडवांस्ड उत्तीर्ण करने की आवश्यकता होती है। जेईई–एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए जेईई मेन्स उत्तीर्ण करना आवश्यक है। जेईई–मेन्स का परिणाम अप्रैल में घोषित किया गया था।

इस परीक्षा में वे छात्र बैठे जिन्होंने जेईई मेन की परीक्षा पास की थी। जेईई एडवांस के जरिए देश के 23 आइआइटी संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा। इसके तहत छात्रों के आइआइटी में बीटेक, बीएस, बीआर्क जैसी स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले का अवसर मिलेगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने रुड़की ने यह नतीजा जारी किया।

जेईई एडवांस्ड 2019 के लिए काउंसलिंग और सीट आबंटन की प्रक्रिया 19 जून से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी। जेईई एडवांस के परीणाम के आधार पर आइआइटी के अलावा राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी, रायबरेली (आरजीआईपीटी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलुरु (आइआइएससी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आइआइएसटी), 6 इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइआइएसईआर) में प्रवेश के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

# ‘खिलाड़ियों के साथ अन्याय कर रही है सरकार’

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

‘एशियन गेम्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के साथ दिल्ली सरकार अन्याय कर रही है’। मनोज तिवारी ने यह कहते हुए शुक्रवार को इन खिलाड़ियों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पैरा एथलीट को देश के सभी राज्य बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन दिल्ली सरकार ने उनके साथ धोखा किया है। इन खिलाड़ियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 5 दिन के अंदर सांसद निधि से व्हीलचेयर देने की बात कही है।

# महिला सुरक्षा के लिए दिल्ली सरकार ने बनाई टास्क फोर्स

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

महिला सुरक्षा के लिए दिल्ली सरकार ने एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। इस फोर्स की मदद सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं को सुरिक्षत सफर उपलब्ध कराने के लिए ली जाएगी। दिल्ली सरकार का दावा है कि इसकी मदद से सार्वजनिक परिवहन के सफर को और सुरक्षित बनाया जा सकेगा। डीडीसी की उपाध्यक्ष जैसमिन शाह ने बताया कि टास्क फोर्स सरकार की योजनाओं को जमीन पर लाने और नई योजनाओं को लागू करने में मदद करेगी। इस फोर्स को दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री के आदेशों से तैयार किया गया है।

यह टीम बस में सीसीटीवी, पैनिक बटन और मार्शल तैनाती की दिशा में काम करने के लिए मददगार साबित होगी। इस फोर्स की तरफ से आने वाले सुझावों को परिवहन विभाग की नीतियों में शामिल किया जाएगा। इस फोर्स में डीडीसी, डीसीडब्लू, पुलिस, एनजीओ और समाज से दो लोगों को शामिल किया गया है।

## ताहिरपुर परिसर में जांच के लिए पहुंचे समाज कल्याण मंत्री

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को ताहिरपुर परिसर की सुविधाओं की जांच की। उन्होंने परिसर में उपलब्ध कराई जा रही खाद्य सेवाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्वच्छता पर अधिक ध्यान देने के आदेश दिए।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार एक जैसे काम के लिए सभी कर्मचारियों को एक समान वेतन देने के पक्ष में है। इस नीति पर काम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परिसर की सुरक्षा के लिए जल्द ही सीसीटीवी कैमरे की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और यहां तैयार हो रहे खाने का कक्ष भी जल्द ही तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने परिसर के अधिकारियों को अधिक से अधिक हरित क्षेत्र भी विकसित करने के आदेश दिए हैं।

---

**बैंक ऑफ इंडिया**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**गाजियाबाद प्रक्षेत्र**
**बी–32, सेक्टर 62, नोएडा–201307**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6 (2) के प्रावधानों के अनुसार दूसरी बिक्री सूचना)**
**परिशिष्ट–II–ए**
**नियम 6 (2) के प्रावधान के अंतर्गत**

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6 (2) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/ चार्ज्ड वर्णित चल सम्पत्तियों जिसका बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, की 5.7.19 (समय 2 बजे अप. से 4 बजे अप.) में ‘‘जैसा है जहां है’’, ‘‘जो भी जैसा है’’ तथा ‘‘जो कुछ भी वहां है’’ आधार पर बिक्री की जाएगी। सम्पत्ति की यह बिक्री मै. मैसको लॉजिस्टिक्स से बैंक ऑफ इंडिया के बकाए रु. 46,14,070/– + ब्याज की वसूली के लिए की जाएगी। सम्पत्ति के लिए आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) रु. 2.5 लाख/ 0.25 लाख होगी। ईएमडी/दस्तावेज ऑन लाइन जमा करने की अंतिम तिथि 4.7.19 है।
बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया हैः

| शाखा का नाम एवं खाता/ ऋणधारक का नाम | सम्पत्ति का विवरण एवं स्वामी | मांग सूचना तिथि बकाया राशि (प्रतिभूत (ऋण) कब्जा की तिथि | ईएमडी जमा करने की खाता का विवरण | आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी/ बीएम जिनसे बोलीदाता सम्पर्क कर सकते हैं, का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ इंडिया, भंगेल एसएमई शाखा, कुमार पैलेस, पुलिस चौकी के निकट, जिला गौतम बुध नगर, नोएडा, उ.प्र. नोएडा–201304 खाता मै. मैसको लॉजिस्टिक्स | 1. व्हीकल नं. DL-1YE-1465 इंडिका कार 2014 मैक<br>ii. व्हीकल नं. DL-1YE-1466 इंडिका कार 2014 मैक<br>iii. व्हीकल नं. DL-1YE-1468 इंडिका कार 2014 मैक<br>iv. व्हीकल नं. DL-1YE-1470 इंडिका कार 2014 मैक<br>v. व्हीकल नं. DL-1YE-1471 इंडिका कार 2014 मैक<br>vi. व्हीकल नं. UP16CT 4705 इंडिका कार 2014 मैक<br>vii. व्हीकल नं. UP16CT 4706 इंडिका कार 2014 मैक<br>viii. व्हीकल नं. UP16CT 4707 इंडिका कार 2014 मैक<br>ix. व्हीकल नं. UP16CT 4738 इंडिका कार 2014 मैक<br>जो मै. मैसको लॉजिस्टिक्स के स्वामित्व में है। | 5.7.2017 रु.46.14 लाख + 1.7.2017 से ब्याज भौतिक कब्जा तिथि 7.4.18 | खाता नं. 71160SUNCR020 खाता का नामः संग्रहण खाता, लाभभोगी का नामः बैंक ऑफ इंडिया, भंगेल शाखा, आईएफएससी कोडः BKID0007116 | रु. 2.50 लाख<br>रु. 0.25 लाख<br>रु. 0.025 लाख | 5.7.2019 को 2 बजे अप. से 4.00 बजे अप. | श्रीमती नीना शर्मा मोबाईल नं. 9911927719 |

**नियम एवं शर्तें:**
1. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ ज्ञान एवं जानकारी में सम्पत्ति पर कोई अधिभार नहीं है। लेकिन, इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, सम्पत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जाँच करें एवं उसका निरीक्षण कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। सम्पत्ति का निरीक्षण 3.7.19 को कार्यावधि के दौरान किया जा सकता है। ईएमडी जमा किये होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हें लागिन आईडी एवं पास्वर्ड बनाने, डैटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–नीलामी बिक्री प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने की आवश्यकता हो, वे मै. ई–प्रॉक्योरमेंन्ट टेक्नोलॉजीज लि. (Auction Tiger) सम्पर्क सं. 079–41072409–410 एवं 411 से सम्पर्क करें। सम्पर्क व्यक्तिः श्री राम शर्मा एवं विशाल तिवारी, मो.नं. 08000023297, 09879996111, ईमेलः up@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net, vishal@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net तथा सम्पत्ति–संबंधी किसी भी पूछताछ के लिये वे उनके संबंधित फोन नं. पर प्राधिकृत अधिकारी से अथवा श्री संजीव माहेश्वरी से 9839782042 अथवा 0120–2404135 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाईट https://boi.auctiontiger.net में दी गई ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया https://www.bankofindia.co.in एवं https://boi.auctiontiger.net में दी गई लिंक देखें।

**तिथिः** 15.6.19 **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थानः** गाजियाबाद **बैंक ऑफ इंडिया**

---

कंपनी सूचना

**श्रीराम पिस्टन्स एण्ड रिंग्स लि.**

पंजीकृत कार्यालय : तीसरी मंजिल, हिमालया हाऊस, 23, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110 001
CIN : L29112DL1963PLC004084; PAN : AAACS0229G
फोन : 011 23315941, फैक्स : 011 23311203
E-Mail : compliance.officer@shrirampistons.com, Website : www.shrirampistons.com

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 55 वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) मंगलवार, 09 जुलाई, 2019 को 4.30 बजे अप. पीएचडी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री, पीएचडी हाऊस, 4/2, श्री इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली–110 016 में अयोजित की जाएगी जिसमें बैठक की सूचना में वर्णित साधारण तथा विशेष व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाईट www.shrirampistons.com तथा www.evotingindia.com पर उपलब्ध है। वार्षिक रिपोर्ट www.shrirampistons.com से डाउनलोड की जा सकती है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट, सभा की सूचना सहित सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत मोड के माध्यम से अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन सदस्यों को भेजा गया है, जिन्होंने डिपॉजिटरी/ कंपनी के साथ अपना ई–मेल पता पंजीकृत किया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लाभांश की अधिकारिता सुनश्चित करते हेतु, यदि घोषित होता है, सदस्यों के रजिस्टर तथा कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तकें दिनांक 03.07.2019 से 09.07.2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगी। लाभांश का भुगतान, यदि घोषित होता है, उन सदस्यों को किया जाएगा जिनका नाम 09.07.2019 को सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होगा। इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में धारित शेयरों के संदर्भ में लाभांश का भुगतान ऐसे लाभ भोगी स्वामियों को किया जाएगा जिनके नाम 02.07.2019 को व्यवसायिक अवधि की समाप्ति पर, कंपनी के आरटीए द्वारा प्रस्तुत विवरणों के अनुसार किया गया हो।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अनुसार शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सूचना में निर्दिष्ट सभी व्यवसायों पर अपना मतदान कर सकते हैं। **रिमोट ई-वोटिंग सुविधा शनिवार 06 जुलाई, 2019 (10.00 बजे सुबह) से सोमवार 08 जुलाई, 2019 (05.00 बजे अप.) तक खुली रहेगी। जिस दौरान कट-ऑफ तिथि अर्थात 02 जुलाई, 2019 को शेयर धारित करने वाले (डी मैट अथवा भौतिक पद्धति में भी) शेयरधारक अपना मतदान कर सकते हैं। उपरोक्त अवधि के बाद किया गया मतदान स्वीकार्य नहीं होगा।**

रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर देने के बावजूद भी सदस्य आम सभा में भाग ले सकते हैं लेकिन सभा में उन्हें फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का शेयर अर्जित करते हैं तथा कंपनी का सदस्य बनते हैं तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात 02 जुलाई, 2019 को शेयर धारित करते हैं, वे helpdesk.evoting@cdslindia.com तथा deepakjuneja111@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। जो सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीसीएल में पहले से पंजीकृत हैं, वे अपना मतदान करने के लिए अपने वर्तमान लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

सभा में मत पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा सभा में शामिल होने वाले ऐसे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किया, वे सभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

केवल ऐसे व्यक्ति ही रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने के लिए अधिकृत होंगे, जिनके नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात 02 जुलाई, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होंगे।

किसी भी प्रकार की जानकारी/ समस्याओं के लिए कृपया compliance.officer@shrirampistons.com या 011-46451100 पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

शेयर धारकों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना के साथ उन्हें भेजी गई प्रपत्र में कंपनी में अपने संपर्क के विवरणों को अद्यतन करें। बोर्ड के आदेश से

**श्रीराम पिस्टन्स एण्ड रिंग्स लि.**
स्थान : नई दिल्ली *हस्ता./–* (आर. श्रीनिवासन)
दिनांक : 14.06.2017 कंपनी सचिव, सदस्यता सं. : F-4034
तीसरी मंजिल, हिमालया हाऊस, 23, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110 001

---

**सावरे ट्रेड एण्टरप्राईजेज लिमिटेड**
**पंजी. कार्यालयः 3रा तल, गोपाला टावर, 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली–110008**
**टेली.:** 011–25747696/25751934/36, **फैक्सः** 011–25751937/38
**ई–मेलःnarendermakkar@yahoo.com; वेबसाईटः www.savaretrade.com**
**CIN: L51909DL1990PLC040761**

**सूचना**

एतद्द्वारा कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 तथा लागू होने वाले अन्य प्रावधानों (यदि कोई हो), के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के अनुपालन में शेयरधारक(कों) तथा अन्य सभी संबंधित सत्ताओं/प्राधिकरणों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने निम्न प्रस्ताव को पारित करने के लिये 13 मई, 2019 के 9.00 बजे पूर्वा. से पोस्टल बैलॅट (ई–वोटिंग सहित) आयोजित की थी जो 11 जून, 2019 को 5.00 बजे अप. में समाप्त हुई; पर्यवेक्षक रिपोर्ट तिथि के आधार पर पोस्टल बैलट के परिणाम की घोषणा इस प्रकार हैः

| सूचना का आइटम नं. | विवरण तथा प्रस्ताव का प्रकार | मतदाताओं की सं. | कुल वैध मतों की सं. | पक्ष में दिये गये कुल मत | विरोध में दिये गये कुल मत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शेयरों की सं. | शेयरों की सं. |
| मद सं. 1 | कलकत्ता स्टॉक एक्सचैंज से कम्पनी की इक्विटी शेयरों का स्वैच्छिक असूचीकरण | 16 | 200050 | 200050 | 0 |

शेयरधारकों को सूचित किया गया था किः
कम्पनी पोस्टल बैलॅट सूचना तिथि 17 अप्रैल, 2019 के माध्यम से कलकत्ता स्टॉक एक्सचैंज लि. (अर्थात् एक मात्र स्टॉक एक्सचैंज जहाँ कम्पनी के इक्विटी शेयर्स सूचीबद्ध हैं) से कम्पनी की इक्विटी शेयरों के स्वैच्छिक असूचीकरण के लिये आपकी सहमति मांग रही है। उपरोक्त प्रस्ताव वांछित बहुमत से पारित हो गया है।
पोस्टल बैलॅट के परिणाम की सूचना स्टॉक एक्सचैंज को दे दी गई है तथा साथ ही कम्पनी की वेबसाईट www.savaretrade.com पर भी पर्यवेक्षक के रिपोर्ट के साथ प्रेषित की गई है।

**सावरे ट्रेड एण्टरप्राईजेज लिमिटेड के लिये**
**हस्ता./–**
**स्थानः नई दिल्ली** **नरेन्दर कुमार मक्कर**
**तिथिः** 13.6.2019 **निदेशक**

---

**दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉर्पोरेट पहचान सं.: L74899DL1956GOI002674
पंजीकृत कार्यालयः जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110 001
फोनः 011-23313177, फैक्सः 011-23701123, 23701191,
ईमेलः co@stclimited.co.in , cs@stclimited.co.in, वेबसाईटः www.stclimited.co.in

एसटीसी STC
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**पोस्टल बैलेट सूचना**

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के साथ उनके समय–समय पर किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुनः सृजन के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के अनुसरण में एतद्द्वारा नोटिस जारी किया जाता है कि कंपनी **दिनांक 10 जून, 2019** की पोस्टल बैलेट सूचना (पोस्टल बैलेट सूचना) में निर्धारित किए अनुसार विशेष संकल्प पारित करने के उद्देश्य से पोस्टल बैलेट जिसमें इलैक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा वोटिंग (ई–वोटिंग) भी शामिल है, के द्वारा कंपनी के सदस्यों का अनुमोदन चाहती है।

पोस्टल बैलेट फार्म और अपना पता लिखे हुए प्रीपेड डाक शुल्क व्यावसायिक जवाबी लिफाफे के साथ पोस्टल बैलेट सूचना सभी सदस्यों को कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/रजिस्ट्रार, जैसी भी स्थिति हो, के पास पंजीकृत उनके पंजीकृत पतों अथवा ई–मेल पतों पर भेजी गई है। यह निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है :

- कंपनी की वेबसाइटः **www.stclimited.co.in**
- बीएसई लिमिटेडः **www.bseindia.com**
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेडः **www.nseindia.com**

बोर्ड ने मैसर्स प्रवीण रस्तोगी एंड कंपनी के श्री प्रवीण रस्तोगी, एफसीएस, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से और उक्त नियमों के अनुसार पोस्टल बैलेट वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए नियुक्त किया है।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार कंपनी अपने सदस्यों को पोस्टल बैलट सूचना में उल्लिखित संकल्प पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने वोट डालने की सुविधा प्रदान करती है। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और नियमों से संगत विवरण यहाँ दिए गए हैं:

- कोई व्यक्ति, जिसका नाम **शुक्रवार, 7 जून, 2019** (कट–ऑफ तारीख) को सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज है, पोस्टल बैलट/ई–वोटिंग द्वारा पारित करने हेतु प्रस्तावित संकल्पों पर वोट देने का हकदार होगा। कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तारीख को सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से समझना चाहिए।
- एनएसडीएल द्वारा ई–मेल भेजने की तिथिः **शुक्रवार, 14 जून, 2019**
- पोस्टल बैलट नोटिस के भौतिक प्रेषण/ई–मेल भेजने की तिथिः **शुक्रवार, 14 जून, 2019**
- मतदान/ई–मतदान शुरू होने की तिथि और समयः **रविवार, 16 जून, 2019 को पूर्वाह्न 9:00 बजे आईएसटी**
- मतदान/ई–मतदान की समाप्ति की तिथि और समयः **सोमवार, 15 जुलाई, 2019 को अपराह्न 5:00 बजे आईएसटी**
- सोमवार, **15 जुलाई, 2019 को अपराह्न 5:00 बजे आईएसटी** के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी
- सोमवार, **15 जुलाई, 2019 को अपराह्न 5:00 बजे आईएसटी** के बाद सदस्यों से डाक के माध्यम से प्राप्त किसी भी पोस्टल बैलेट को वैध नहीं माना जाएगा और उपरोक्त तारीख और समय के बाद पोस्ट के माध्यम से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं होगी।

कोई भी सदस्य जिसे पोस्टल बैलेट फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है, वह डुप्लिकेट बैलेट फार्म के लिए **cs@stclimited.co.in** पर कंपनी को आवेदन कर सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के निर्देशों के लिए, सदस्य पोस्टल बैलट नोटिस के निर्देशों को देख सकते हैं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़े किसी भी प्रश्न/शिकायतों के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** पर सहायता/एफएक्यू के तहत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और सदस्यों के लिए ई–वोटिंग मैनुअल को देख सकते हैं अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर ईमेल लिखें या टोल फ्री नंबरः 1800–222–990 पर कॉल करें।

पोस्ट या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न/शिकायत के लिए सदस्य, श्री दीपक सी.एस., कंपनी के कंपनी सचिव से ई–मेल आईडीः **cs@stclimited.co.in**, टेलीफोन नं. 011–23701006 पर संपर्क कर सकते हैं।

पोस्टल बैलेट के परिणाम **बुधवार, 17 जुलाई, 2019** को जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001 पर स्थित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किए जाएंगे। मतदान के परिणाम उक्त तिथि को स्टॉक एक्सचेंजों को भेजे जाने के अलावा कंपनी की वेबसाइट **www.stclimited.co.in** पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

कृते दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,
हस्ता./-
स्थानः नई दिल्ली दीपक सी.एस.
दिनांकः 15.06.2019 कंपनी सचिव (एफसीएस–5060)

---

**ALLAHABAD U P GRAMIN BANK**
(An undertaking of Govt. of India, State Govt. of U.P. & Allahabad Bank)
Head Office: D.M. Colony, Civil Lines, Banda.

**FORM "A" BALANCE SHEET AS ON 31st MARCH, 2019**

| CAPITAL & LIABILITIES | SCHEDULE No. | As on 31.03.2019 (₹) |
|---|---|---|
| Capital | 1 | 619,279,000.00 |
| Reserves and Surplus | 2 | 2,528,534,033.08 |
| Deposits | 3 | 112,854,310,568.15 |
| Borrowings | 4 | 3,400,037,147.32 |
| Other Liabilities and Provisions | 5 | 2,019,995,007.26 |
| TOTAL: | | 121,422,155,755.81 |
| ASSETS | | |
| Cash and Balances with RBI | 6 | 5,790,907,120.23 |
| Balances with Banks and Money at call & short notice | 7 | 24,671,623,313.32 |
| Investments | 8 | 26,617,395,334.36 |
| Advances | 9 | 60,634,571,413.45 |
| Fixed Assets | 10 | 351,468,783.84 |
| Other Assets | 11 | 3,356,189,790.61 |
| TOTAL: | | 121,422,155,755.81 |
| Contingent Liabilities | 12 | 17,911,800.00 |
| Bills for Collections | - | 2,187,749.00 |
| Significant Accounting Policies | 17 | |
| Notes on Accounts | 18 | |

**FORM "B" PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE PERIOD ENDED 31st MARCH, 2019**

| Particulars | SCHEDULE No. | For the Period ended March, 2019 (₹) |
|---|---|---|
| I. INCOME | | |
| Interest Earned | 13 | 6,790,268,960.80 |
| Other Income | 14 | 738,064,728.62 |
| TOTAL | | 7,528,333,689.42 |
| II. EXPENDITURE | | |
| Interest expended | 15 | 4,873,755,579.46 |
| Operating expenses | 16 | 3,737,964,436.65 |
| Provisions and contingencies | | 4,015,673,326.18 |
| TOTAL | | 12,627,393,342.29 |
| III. PROFIT/LOSS | | |
| Net Profit /Loss for the Year | | - 5,099,059,652.87 |
| Profit brought forward | | 5,621,747,234.38 |
| TOTAL | | 522,687,581.51 |
| Transfer to statutory Reserves | | - |
| Transfer to other Reserves | | - |
| Transfer to Government/ | | - |
| Proposed Dividend | | - |
| Balance carried over to Balance Sheet | | 522,687,581.51 |
| Total | | 522,687,581.51 |

Schedule 1 to 18 form integral part of Accounts.

(Ashok Sarkar) AGM (O.S.D.) Allahabad Bank — (Ajeya Thakur) General Manager — (S.B. Singh) Chairman
(Mohan Rawat) Director — (A.K. Kapoor) Director — (Priyabrata Pattanayak) Director

As per our report of even date attached for S.N. Kanpur & Associates Chartered Accountants FRN No: 001545C
(C.A. Avichal SN. Kapur) Partner M.No.: 400460

Place: Lucknow Date: 06.06.2019

**S.N.KAPUR & ASSOCIATES** CHARTERED ACCOUNTANTS
HEAD OFF:M-5 GOLE MARKET,MAHANAGAR, LUCKNOW 226006
Phone Nos. (off): 4016231 | Mobile: 9839011549, 9415011673, 9839211549

**Independent Auditor's Report**

To
The Shareholders of
Allahabad U.P. Gramin Bank, Banda

**Opinion**

We have audited the accompanying financial statements of **Allahabad U.P. Gramin Bank** (the "Bank") which comprise the Balance sheet as at 31st March 2019, the statement of Profit and Loss account and statement of cash flow for the year then ended, notes to the financial statements including a summary of significant accounting policies and other explanatory information. Incorporated in these financial statements are the returns of the Head Office, 10 Regional Offices, 68 branches audited by us and 586 branches audited by the branch auditors. The branches audited by us and those audited by other auditors have been selected by the Bank in accordance with the guidelines issued to the Bank by National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD).

In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid standalone financial statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 in the manner so required for bank and are in conformity with accounting principles generally accepted in India and give:
a. true and fair view in case of the Balance sheet, of the state of affairs of the Bank as at 31st March, 2019;
b. true balance of loss in case of Profit / loss account for the year ended on that date; and
c. true and fair view in case of statement of cash flows for the year ended on that date.

**Basis for Opinion**

We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing (SAs) issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). Our responsibilities under those SAs are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements section of our report. We are independent of the bank in accordance with the code of ethics issued by the ICAI together with ethical requirements that are relevant to our audit of the financial statements under the provision of the Act and the rules thereunder, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the code of ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

**Emphasis of Matter**

We draw attention to Note I, Note XIV.C and Note XIV.F to the financial statements of the bank. Our opinion is not modified in respect of these matters.
Further, we draw attention that the bank has violated the RBI Circular No. RPCD.CO.RRB.BC.66/03.05.34/2003-04 dated 23rd February, 2004 w.r.t. holding of Non-SLR Securities in Mutual Fund Investments. The total Mutual fund Investments exceeds 5% of Incremental deposits at the end of the preceding financial year. Our opinion is not modified in respect of this matter.

**Information other than the standalone financial statements and auditor's report thereon**

The bank's management and the board of directors are responsible for other information. The other information comprises the information included in the bank's annual report, but does not include financial statements and our auditor's report thereon.

Our opinion on the financial statements does not cover the other information and we will not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the financial statements, our responsibility is to read the other information and, in doing so, consider whether the other information is materially inconsistent with the financial statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated. If, based on the work we have performed, we conclude that there is a material misstatement of this other information, we are required to report that fact. We have nothing to report in this regard.

**Management's Responsibility for the Financial Statements**

The Bank Management is responsible with respect to the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the state of affairs, loss and cash flows of the bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India, recognized accounting policies and practices, including the Accounting Standards issued by the ICAI, provisions of the Banking Regulation Act, Guidelines issued by the NABARD and complying with circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India (RBI) from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Banking Regulation Act for safeguarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other regularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design implementation and maintenance of adequate internal controls; that were operating effectively for ensuring the accuracy and Completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

In preparing the financial statements, management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing as applicable matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so. ***In this regard we would like to mention that Ministry of Finance vide notification no. 338 dated 25th January, 2019 the Central Government provides for the amalgamation of the Gramin Bank of Aryavart and Allahabad U.P. Gramin Bank to form an new entity i.e Aryavart Bank from 01.04.2019 onwards. The sponsor bank will be Bank of India.***

**Auditor's Responsibility for the Audit of Financial Statements**

Our objective are to obtain reasonable assurance about whether the financial statements as a whole are free from material misstatement whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but it is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatement can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these financial statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:
- Identify and assess the risk of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks and audit obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for my/ our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.
- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.
- Evaluate the overall presentation, structure and content of the financial statements, including the disclosures, and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

We communicate with those charged with governance regarding among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

**Other matter**

We did not audit the financial statements of 586 branches included in the financial statements of the Bank whose financial statements reflect advances of Rs. 6353.17 crores as at 31st March 2019, the total deposit of Rs.10251.06 crores as at 31st March 2019, the total interest income of Rs. 541.74 crores as at 31st March 2019 and the total interest expense of Rs. 565.27 crores for the year ended on that date, as considered in the statements of these branches have been audited by the branch auditors whose reports have been furnished to us, and our opinion in so far as it relates to the amounts and disclosures included in respect of branches, is based solely on the report of such branch auditors. Our opinion is not modified in respect of these matters.

**Report on other legal and regulatory requirements**

The balance sheet and the profit and loss account contains the data required to draw the balance sheet and profit and loss account in form A and B respectively of the third schedule to the Banking regulation act 1949 as applicable.

Subject to the limitations of the audit as indicated above and as required by the Act at subject also to the limitations of disclosure required there in we report that:
a) We have sought and obtained all the information and explanations which to the best of my knowledge and believe were necessary for the purposes of the audit and have found them to be satisfactory
b) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the bank so far as it appears from our examination of those books
c) The Balance Sheet, the Statement of Profit and Loss, and the Cash Flow Statement dealt with by this Report are in agreement with the books of account
d) the transactions of the Bank, which have come to our notice, have been within the powers of the Bank
e) the Bank has not disclosed the impact of pending litigations as at 31 March,2019 on its financial position in its financial statements
f) No matter suspected to be a fraud or fraudulent activity or any foul play in any transaction was observed during the audit

Place: Lucknow — For S.N. KAPUR & ASSOCIATES — (CA. Avichal Kapur), Partner
Date: 06.06.2019 — Chartered Accountants (FRN.-001545C) — M.No.- 400460,

---

**GRAMIN BANK OF ARYAVART**
(An undertaking of Govt. of India, State Govt. of U.P. & Bank of India)
Head Office: A-2/46, Vijay Khand, Gomti Nagar,Lucknow-226010

**FORM "A" BALANCE SHEET AS ON 31st MARCH, 2019**

| CAPITAL & LIABILITIES | SCHEDULE No. | As on 31.03.2019 (₹) |
|---|---|---|
| Capital | 1 | 91,93,64,950.00 |
| Reserves and Surplus | 2 | 15,98,75,39,466.56 |
| Deposits | 3 | 1,50,81,44,80,999.69 |
| Borrowings | 4 | 15,50,22,10,112.94 |
| Other Liabilities and Provisions | 5 | 8,66,77,16,939.14 |
| TOTAL: | | 1,91,89,13,12,468.33 |
| ASSETS | | |
| Cash and Balances with RBI | 6 | 7,60,62,08,767.49 |
| Balances with Banks and Money at call & short notice | 7 | 20,16,07,79,946.42 |
| Investments | 8 | 44,93,21,78,985.00 |
| Advances | 9 | 1,11,32,63,50,876.29 |
| Fixed Assets | 10 | 49,28,29,830.87 |
| Other Assets | 11 | 7,37,29,64,062.26 |
| TOTAL: | | 1,91,89,13,12,468.33 |
| Contingent Liabilities | 12 | 54,03,62,987.13 |
| Bills for Collections | | 4,99,44,028.83 |
| Significant Accounting Policies | 17 | |
| Notes on Accounts | 18 | |

**FORM "B" PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE PERIOD ENDED MARCH, 2019**

| Particulars | SCHEDULE No. | For the Period ended March, 2019 (₹) |
|---|---|---|
| I. INCOME | | |
| Interest Earned | 13 | 16,99,84,99,797.38 |
| Other Income | 14 | 2,82,66,09,329.81 |
| TOTAL | | 19,82,51,09,127.19 |
| II. EXPENDITURE | | |
| Interest expended | 15 | 7,89,26,67,383.02 |
| Operating expenses | 16 | 3,84,92,88,824.10 |
| Provisions and contingencies | 16A | 6,86,53,35,336.05 |
| TOTAL | | 18,60,72,91,543.17 |
| I. PROFIT/LOSS | | |
| Net Profit for the Year | | 1,21,78,17,584.02 |
| Less: Provision for Deferred Tax Liability | | |
| Less: Provision for Income Tax for Earlier Years | | |
| Net Profit available for appropriation | | 1,21,78,17,584.02 |
| IV. APPROPRIATIONS : Transfer to : | | |
| I. Statutory Reserve | | 30,44,54,400.00 |
| II. Capital Reserve | | 4,00,89,211.00 |
| III. Revenue & Other Reserves | | |
| IFR | | - |
| III.A. Other Reserves | | 67,32,73,973.02 |
| III.B. IT Development | | 10,00,00,000.00 |
| III.C. HR Development Fund | | 10,00,00,000.00 |
| IV. Investment Reserve Fund (IRF) | | - |
| V. Special Reserve Fund | | - |
| TOTAL | | 1,21,78,17,584.02 |

Schedule 1 to 18 form integral part of Accounts.

For Amit Ray & Co. Chartered Accountants FRN- 000483C
(CA Abhishek Sharma) Partner M.N. - 403861

For and on behalf of the Board of Directors
(S.B. Singh) CHAIRMAN
(A.K. Kapoor) (Mohan Rawat)
(Priyabrata Pattanayak)
DIRECTORS

Place: Lucknow Date: 06.06.2019

**AMIT RAY & CO.** CHARTERED ACCOUNTANTS
HEAD OFF: 5-B, Sardar Patel Marg, Allahabad - 211 001
Phone Nos. (off): 2402763, 2407258, Fax: (0532) 2402763, E-mail: allahabad@amitrayco.com, Website: www.amitrayco.com

**Independent Auditor's Report**

To
The Shareholders
Gramin Bank of Aryavart, Lucknow

**Opinion**

We have audited the accompanying financial statements of **Gramin Bank of Aryavart** (the "Bank") which comprise the balance sheet as at 31st March 2019, the statement of Profit and Loss account and statement of cash flow for the year then ended, notes to the financial statements including a summary of significant accounting policies and other explanatory information. Incorporated in these financial statements are the returns of the Head Office, 12 Regional Offices, 51 branches audited by us and 650 branches audited by the branch auditors. The branches audited by us and those audited by other auditors have been selected by the Bank in accordance with the guidelines issued to the Bank by National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD). Also incorporated in the Balance Sheet and the Profit and Loss account are the returns from 5 branches which have not been subjected to audit. These unaudited branches account for 0.01% of advances, 0.01% of the deposits, 0.01 % of interest income and 0.01% of the interest expenses.

In our opinion, and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid financial statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 (Act), in the manner so required and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally accepted in India of the state of affairs of the bank in case of Balance Sheet read with summary of advances as at 31 March, 2019 and Profit and its cash flows for the year ended on that date.

**Basis for Opinion**

We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing (SAs) issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). Our responsibilities under those SAs are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements section of our report. We are independent of the bank in accordance with the code of ethics issued by the ICAI together with ethical requirements that are relevant to our audit of the financial statements under the provision of the Act and the rules thereunder, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the code of ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

**Emphasis of Matter**

We draw attention to Note 34 to 36 to the financial statements of the bank. Our opinion is not modified in respect of these matters

**Information other than the standalone financial statements and auditor's report thereon**

The bank's management and the board of directors are responsible for other the information. The other information comprises the information included in the bank's annual report, but does not include financial statements and our auditor's report thereon.

Our opinion on the financial statements does not cover the other information and we will not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the financial statements, our responsibility is to read the other information and, in doing so, consider whether the other information is materially inconsistent with the financial statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated. If, based on the work we have performed, we conclude that there is a material misstatement of this other information, we are required to report that fact. We have nothing to report in this regard.

**Management's Responsibility for the Financial Statements**

The Bank Management is responsible with respect to the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the state of affairs, profit and cash flows of the bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India, recognized accounting policies and practices, including the Accounting Standards issued by the ICAI, provisions of the Banking Regulation Act, Guidelines issued by the NABARD and complying with circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India (RBI) from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Banking Regulation Act for safeguarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other regularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design implementation and maintenance of adequate internal controls; that were operating effectively for ensuring the accuracy and Completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

In preparing the financial statements, management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing as applicable matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so. In this regard we would like to mention that Ministry of Finance vide notification no 338 dated 25th January 2019 the central government provides for the amalgamation of the Gramin Bank of Aryavart and Allahabad UP Gramin bank to form an new entity i.e Aryavart Bank from 01.04.2019 onwards. The sponsor bank will be the same i.e Bank of India

**Auditor's Responsibility for the Audit of Financial Statements**

Our objective are to obtain reasonable assurance about whether the financial statements as a whole are free from material misstatement whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but it is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatement can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these financial statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:
- Identify and assess the risk of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks and audit obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for my/ our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.
- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.
- Evaluate the overall presentation, structure and content of the financial statements, including the disclosures, and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

We communicate with those charged with governance regarding among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

**Other matter**

We did not audit the financial statements of 650 branches included in the financial statements of the Bank whose financial statements reflect advances of Rs. 11,764.47 crores as at 31st March 2019, the total deposit of Rs. 12,860.88 crores as at 31st March 2019, the total interest income of Rs. 1,075.69 crores as at 31st March 2019 and the total interest expense of Rs. 562.53 crores for the year ended on that date, as considered in the statements of these branches have been audited by the branch auditors whose reports have been furnished to us, and our opinion in so far as it relates to the amounts and disclosures included in respect of branches, is based solely on the report of such branch auditors. Our opinion is not modified in respect of these matters.

**Report on other legal and regulatory requirements**

The balance sheet and the profit and loss account contains the data required to draw the balance sheet and profit and loss account in form A and B respectively of the third schedule to the Banking regulation act 1949 as applicable.

Subject to the limitations of the audit as indicated above and as required by the Act at subject also to the limitations of disclosure required there in we report that:
a) We have sought and obtained all the information and explanations which to the best of my knowledge and believe were necessary for the purposes of the audit and have found them to be satisfactory
b) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the bank so far as it appears from our examination of those books
c) The Balance Sheet, the Statement of Profit and Loss, and the Cash Flow Statement dealt with by this Report are in agreement with the books of account
d) The transactions of the Bank, which have come to our notice, have been within the powers of the Bank
e) The Bank has not disclosed the impact of pending litigations as at 31 March 2019 on its financial position in its financial statements
f) The bank is holding specified bank notes to the tune of Rs. 151,000.00
g) No matter suspected to be a fraud or fraudulent activity or any foul play in any transaction was observed during the audit

Place: Lucknow — For Amit Ray & Co., — (CA Abhishek Sharma)
Date: 06.06.2019 — Chartered Accountants (FRN.-000483C) — M.No.- 403861

# आतंक के खिलाफ

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में चल रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जो आवाज बुलंद की है, उसका संदेश साफ है कि अब और आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत का यह संदेश पड़ोसी देश पाकिस्तान को खुली चेतावनी है। एनडीए सरकार के लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के बाद यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच से पाकिस्तान को चेताया है। इतना ही नहीं, भारत ने पाकिस्तान की हिमायत करने वाले और उसके मददगार चीन को भी दो-टूक कह दिया है कि पाकिस्तान सुधर नहीं रहा है और उसकी आंतकी गतिविधियां जारी हैं। सम्मेलन से इतर भारत के प्रधानमंत्री की चीन और रूस के राष्ट्रपतियों के साथ अलग-अलग मुलाकात भी हुई। यह एससीओ में भारत की बढ़ती हैसियत को बताता है। एससीओ की बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से कोई बातचीत या मुलाकात नहीं करने का फैसला भारत के कड़े रुख को दिखाता है।

बिश्केक सम्मेलन में भारत का प्रमुख एजेंडा ही आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाना है। यों भारत पहले भी वैश्विक मंचों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात कहने के साथ-साथ इस मसले पर वैश्विक सम्मेलन की बुलाने की मांग करता रहा है। लेकिन इस मामले में कई राष्ट्रों के दोहरे व्यवहार के कारण ठोस नतीजे देखने को नहीं मिले। इसीलिए एससीओ की इस बैठक से इतर चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात में भारत ने इस बात के लिए दबाव डाला है कि वे पाकिस्तान को समझाएं कि वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को शह देना बंद करे। भारत को चीन से यह उम्मीद इसलिए भी बंधी है कि उसने इस बार जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के मामले में अपना रुख बदला, जिसकी वजह से संयुक्त राष्ट्र मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित कर पाया। इससे पहले चीन उसे आतंकवादी मानने तक को तैयार नहीं हो रहा था। अगर सीमा विवाद को छोड़ दें तो चीन के लिए भारत अपरिहार्य है, खासतौर से भारत का विशालकाय बाजार। इसके अलावा, चीन भारत के साथ अच्छे रिश्तों की दुहाई देकर अमेरिका से भी संतुलन साधने की रणनीति पर चल रहा है। यानी चीन के लिए यह परीक्षा की घड़ी है कि वह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का कितना साथ देता है और पाकिस्तान के प्रति रुख में क्या बदलाव लाता है।

सवाल है जो देश आतंकवाद को अपना स्थायी कारोबार बना बैठे हैं, उनसे कैसे निपटा जाए? इस काम में एससीओ के सदस्य देश, खासतौर से चीन और रूस, भारत का कितना और कैसे समर्थन करते हैं और पाकिस्तान पर आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के दबाव बना पाते हैं, यह देखने की बात होगी। पिछले कुछ समय में रूस की भी पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ी हैं। खासतौर से रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर। चीन तो पाकिस्तान का खुला दोस्त है ही। हालांकि भारत के सख्त रुख को देखते हुए पाकिस्तान पर दबाव बना है और उसका असर भी दिखा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने बातचीत शुरू करने के लिए भारत को दो बार पत्र भी लिखे। लेकिन भारत की सबसे बड़ी और पहली शर्त यही है कि पाकिस्तान पहले आतंकवाद को शह देना बंद करे। इमरान खान ने खुद माना है कि इस वक्त भारत और पाकिस्तान के रिश्ते न्यूनतम स्तर पर हैं। पुलवामा कांड के बाद भारत ने पाकिस्तान से सारे संवाद बंद कर दिए हैं। पाकिस्तान और उसके हमदर्दों को भारत के इस कड़े रुख का मतलब समझना चाहिए।

# हौसले की उड़ान

यों भारत में विज्ञान की दुनिया में काम कर रहे हमारे वैज्ञानिकों की कामयाबियों की एक लंबी शृंखला है और वे लगातार इस क्षेत्र में नए और चुनौतीपूर्ण काम को पूरा करके अपनी क्षमताएं साबित करते रहे हैं। मगर अंतरिक्ष में अपने अभियानों को नई उड़ान देने की जो ताजा घोषणा हुई है, वह जमीन पर उतरने के बाद आने वाले वक्त में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों में नया और शानदार अध्याय जोड़ेगी। दरअसल, गुरुवार को इसरो के प्रमुख के. सिवन ने इस योजना के बारे में बताया कि अगले पांच-सात सालों में भारत अंतरिक्ष में अपना एक स्टेशन बना लेगा। आजादी के बाद से अब तक चांद पर अपना यात्री भेजने से लेकर मंगलयान और चंद्रयान जैसे तमाम अभियानों में निश्चित रूप से भारत ने यह साबित किया है कि अंतरिक्ष में उसके प्रयोग और कौशल की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के समांतर खड़ी है। लेकिन अब इससे आगे अंतरिक्ष में अपना स्टेशन बनाने की ओर कदम बढ़ा कर उसने यह भी संकेत दे दिया है कि इस क्षेत्र में भारत अब अमेरिका, रूस और चीन जैसी महाशक्ति के समकक्ष होने के लिए तैयार है।

फिलहाल अंतरिक्ष में कुल दो स्टेशन काम कर रहे हैं, जिसमें एक अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ और जापान के आपसी सहयोग के साथ चल रहा आइएसएस यानी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन है और दूसरा है तिआनगोंग-2, जो अकेले चीन का है। हालांकि चीन का तिआनगोंग-2 आइएसएस से काफी छोटा है, लेकिन इससे इतना तो साफ है ही कि छोटे से शुरुआत करके बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। अपनी इसी क्षमता के बूते चीन यह कह सकने की स्थिति में है कि अंतरिक्ष में उसका अपना स्टेशन है। इसी तर्ज पर इसरो प्रमुख के. सिवन ने कहा कि हम भी अभी एक छोटे मॉड्यूल का ही प्रक्षेपण करेंगे, लेकिन हमारी यह महत्त्वाकांक्षा है कि हमारा अपना एक अंतरिक्ष स्टेशन हो; कोई भी छोटे से शुरू करके ही बाद में उसे विस्तार देता है। आकार और क्षमता में भारत का स्टेशन जो भी होगा, मगर वह भारत का अपना होगा और वह आइएसएस का हिस्सा नहीं होगा। एक तरह से गगनयान अभियान का ही विस्तार होगा, जिसके तहत भारत अंतरिक्ष में मानवयुक्त मिशन भेजने की योजना पर काम कर रहा है। इस बड़ी और महत्त्वाकांक्षी योजना के मूर्त रूप लेने के बाद देश अब ज्यादा संख्या में मानव मिशन अंतरिक्ष में भेज सकेगा।

जाहिर है, यह कदम बढ़ाने का हौसला है और यह बना रहा तो इसमें कोई शक नहीं कि कुछ सालों बाद हम अंतरिक्ष में स्टेशन कायम करने वाले विकसित देशों के बराबर खड़े होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होने वाला है कि भारत भी अपने स्टेशन के जरिए न केवल अंतरिक्ष में होने वाले प्रयोग, अध्ययन और निष्कर्षों के बूते अपने भविष्य की कार्य-योजना बनाएगा, बल्कि पृथ्वी पर नजर रखने के क्रम में दुश्मन देशों की गतिविधियों की निगरानी भी कर सकेगा। हालांकि अंतरिक्ष में बाकी गतिविधियों और प्रयोग के स्तर पर इसरो ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खुद को खरा साबित किया है और अलग-अलग स्वरूप और जरूरत वाले यानों के कामयाब प्रक्षेपण से अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं को साबित किया है। हाल के वर्षों में इसरो की व्यावसायिक शाखा ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के जरिए कई देशों के दर्जनों उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं और इस क्षेत्र में दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसलिए अंतरिक्ष में अपने स्टेशन की महत्त्वाकांक्षा की ओर बढ़ते कदम को वैज्ञानिक कामयाबियों के उसी सफर के अगले पड़ाव के रूप में देखा जा सकता है।

## कल्पमेधा

नशा तात्कालिक आत्महत्या है। उसका सुख सिर्फ नकारात्मक है, दुख का क्षण भर भूलना।
– बर्ट्रेंड रसेल

# बढ़ती झुग्गियां, गहराते सवाल

प्रदीप श्रीवास्तव

**शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी स्थानीय प्रशासन द्वारा बुनियादी सेवाएं प्रदान करने की क्षमता पर भारी दबाव डालती है। वैध-अवैध रूप से बसने वाली ये बस्तियां शहरों का अविभाज्य हिस्सा बन चुकी हैं। लेकिन हालत यह है कि इनमें रहने वाले लोगों को पेयजल, शौचालय और कचरे के निपटान जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं नसीब हैं।**

वैश्विक स्तर पर शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक विश्व की जनसंख्या करीब दो अरब के आसपास हो जाएगी। शहरीकरण का सबसे अधिक असर एशिया और अफ्रीका के देशों में हो रहा है। इन दोनों महाद्वीपों की बुनियादी व्यवस्था नब्बे फीसद शहरीकरण के कारण प्रभावित हो रही है। जबकि, यूरोप व अमेरिका आदि के देशों में शहरीकरण थम-सा गया है। 2030 तक भारत में चालीस करोड़ से अधिक लोग शहरों में बसे होंगे, जो शहरीकरण की नई-नई समस्याओं को जन्म देंगे। मौजूदा समय में शहरों में बसे प्रत्येक छह परिवारों में से एक परिवार गंदी बस्तियों में रहता है और आने वाले वर्षों में यह संख्या बढ़ने का अनुमान है। भले ही आर्थिक प्रगति अंकों के हिसाब से प्रभावशाली दिख रही हो, लेकिन भारत में गैरबराबरी अब भी विकास की दिशा में सबसे बड़ी चुनौती है। विश्व स्तर पर सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को हासिल करने के लिए शहरी गरीबों के हालात बदलने की जरूरत है।

शहरी क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं अधिक होती हैं, इसलिए वहां ज्यादा लोग रोजगार की तलाश में गांवों या छोटे शहरों से पलायन करके आते हैं। यहां आकर वे ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक धन कमाते हैं और राष्ट्रीय आय में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। भारत में विगत दशकों में पलायन की दर विश्व की तुलना में बढ़ी है। शहरी क्षेत्रों में प्रवासियों का अनुपात आसमान छूने लगा है। आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 1983 में शहरी क्षेत्रों में प्रवासियों का अनुपात 31.6 फीसद था, जो 2007-08 में बढ़ कर 35.4 फीसद हो गया। यह मामूली वृद्धि है, लेकिन यह अभी भी आबादी का एक तिहाई से अधिक है। अगले कुछ दशकों में इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। आंकड़ों के हिसाब से 2001 तक भारत की आबादी का 27.81 फीसद हिस्सा शहरों में रहता था। 2011 तक यह 31.16 फीसद और 2018 में 33.6 फीसद हो गया। वहीं, 2001 की जनगणना में शहरों और कस्बों की कुल संख्या 5161 थी, जो 2011 में बढ़ कर 7936 हो गई। यानी शहरों का विस्तार तेजी होता जा रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि झुग्गी बस्तियों में रहने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। भारत का छोटा-बड़ा शायद ही कोई ऐसा शहर हो जहां ये बस्तियां न हों। बड़े शहरों और महानगरों में तो झुग्गी बस्तियों के क्षेत्रफल तेजी से बढ़ रहे हैं। आज हर तीन भारतीयों में से एक शहरों और कस्बों में रहने लगा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। एक अनुमान है कि 2025 तक विकासशील देशों में शहरी आबादी में तीन गुना वृद्धि हो चुकी होगी और यह कुल जनसंख्या के इतसठ फीसद के बराबर हो जाएगी।



सरकार ने गरीबों के लिए, खासतौर से शहरी गरीबों के लिए आवास योजना, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), स्मार्ट सिटी मिशन, डिजिटल इंडिया, जनधन योजना और मेक इन इंडिया आदि सहित कई योजनाएं शुरू हैं। स्थानीय जिला प्रशासन की इकाइयां भी कई तरह की योजनाओं को संचालित करती हैं, जिससे शहरी गरीबों खासतौर पर झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीबों को बुनियादी सार्वजनिक सेवाएं, जैसे पानी, साफ-सफाई, स्वास्थ्य और शिक्षा आदि उपलब्ध हो सके। लेकिन बढ़ती हुई शहरी आबादी को देखते हुए अभी भी सरकार को पानी, साफ हवा, सीवर व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार के अवसर आदि उपलब्ध कराने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा भी शहरों के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि शहरों के विकास के लिए सबसे ज्यादा बलि हरित क्षेत्र की ही चढ़ाई जाती है।

आज हालत यह है कि देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में झुग्गी बस्तियां हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे खुद न केवल गरीबी के शिकार हैं, बल्कि बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। शहरों की सड़कों पर गड्ढे, सीवर प्रणाली का अभाव एवं जल-जमाव से होने वाली परेशानियां और बीमारियां, बिजली, पानी एवं संचार सुविधाओं का अस्त-व्यस्त व असमान वितरण इन बस्तियों को ज्यादा समस्यामूलक बना देता है। ऐसी बस्तियों के निवासी अनेक जटिल रोगों सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के शिकार होते हैं। शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी स्थानीय प्रशासन द्वारा बुनियादी सेवाएं प्रदान करने की क्षमता पर भारी दबाव डालती है। वैध-अवैध रूप से बसने वाली ये बस्तियां शहरों का अविभाज्य हिस्सा बन चुकी हैं। लेकिन हालत यह है कि इनमें रहने वाले लोगों को पेयजल, शौचालय और कचरे के निपटान जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं नसीब हैं।

आज देश में लगभग सात करोड़ लोग शहरी झुग्गी बस्तियों में रहते हैं, जहां न तो साफ पानी है, न सफाई और न अन्य बुनियादी सुविधाएं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग पुलों के नीचे, सड़कों पर और जहां-तहां जीवनयापन को मजबूर हैं। वर्ष 2001 में अधिकतर बेघर परिवार ग्रामीण क्षेत्र में थे। लेकिन 2010 आते-आते बढ़ती शहरी बेघरों की संख्या गांवों के बेघरों से ज्यादा हो गई। इन बेघरों की सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि अपनी एक-दो बीघे की जमीन को गांवों में छोड़ कर ये खुले आकाश के नीचे या छोटी-छोटी झुग्गियों पांच-पांच लोगों के साथ गुजर-बसर करते हैं। शहरों में अमीरों और गरीबों के बीच आवासीय स्थितियों और सामाजिक हैसियत के बीच एक निर्मम विभाजन दिखने लगा है।

एक अन्य समस्या जो गरीबों के सामने आती है, वह है शहरों की तकनीक पर बढ़ती निर्भरता। शहर या स्मार्ट सिटी में पैर पसारती उन्नत तकनीक के सामने गांव से बड़ी संख्या में आए निम्न-कौशल वाले कारीगरों के लिए औपचारिक उद्योगों या आधुनिक सेवाओं में कोई जगह नहीं है। इसलिए ये बेगारी करने के लिए मजबूर हैं। सुदूर गांव के बेहतरीन हस्तशिल्प के कारीगर हमारे शहरों में रिक्शा चलाने को बाध्य हैं। भारत की वर्तमान शहरी प्रणाली में लगभग आठ हजार शहर शामिल हैं। कई शहरों और कस्बों को शहरी विकास के व्यापक विस्तार में शामिल किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि भविष्य में अधिकांश जनसंख्या वृद्धि शहरी क्षेत्रों से ही होगी। 2030 तक साढ़े सोलह करोड़ अतिरिक्त लोग शहरी क्षेत्रों की ओर रुख करेंगे।

अब जरा देश की राजधानी के हालात पर नजर डालें। दिल्ली में नौ सौ से ज्यादा छोटी-बड़ी झुग्गी बस्तियां हैं, जिनकी आबादी करीब बीस लाख है। यहां उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से लोग आकर बसे हैं। अधिकतर मलिन बस्तियों में साफ सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। यहां शौचालय, सीवर लाइन, नालियां और कूड़े के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक शिक्षा के लिए इन बस्तियों में या उनके नजदीक स्कूल तो खोले गए हैं, लेकिन ये स्कूल भी सामाजिक भेदभाव, सरकारी उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार हैं। स्वच्छ भारत मिशन के बावजूद यहां पर कोई सीवर व्यवस्था नहीं है, जिस कारण से घरों में शौचालय नहीं बनाए जा सकते हैं। जहां पर शौचालय बने होते हैं, वहां मल-मूत्र व गंदा पानी नालियों में बहाया जाता है, जो वहीं के लोगों को बीमार बनाता है। इन बस्तियों के लोगों को इलाज के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों पर ही आश्रित रहना पड़ता है। दुर्भाग्य यह है कि इन बस्तियों को साफ रखने और एक बेहतर जिंदगी की तलाश में आए लोगों को सचमुच की बेहतर जिंदगी देने की कोई व्यवस्था सरकारी तंत्र के पास नहीं है।

# जड़ता की दीवारें

वर्षा

**दुनिया मेरे आगे**

हमारे आसपास मौजूद कई ऐसी बातें हकीकत की शक्ल में हमसे सवाल पूछ रही होती हैं और या तो हम उनकी आदतन अनदेखी करते हैं या फिर खुद को कठघरे में देख कर उसका जवाब तलाशने की जरूरत नहीं समझते हैं। हम सब बराबर हैं, इंसान हैं और हमें किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए- यह कहते और सुनते हुए सालों और दशकों गुजर गए, लेकिन आज भी अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जो हमारे सामने परोसे गए उपदेश को मुंह चिढ़ा जाती हैं। जाति की बुनियाद पर खड़े पूर्वाग्रह एक ऐसी ही बीमारी है, जिनकी वजह से हमारे समाज को सभ्य होने के दर्जे में देखना मुमकिन नहीं हो पाता है।

जब पहली बार मेरा दुराग्रह आधारित घृणा से साक्षात्कार हुआ था, तब मैं बहुत छोटी थी। मेरी दादी ने मुझे साफ-सफाई करने वाली लड़की को दोपहर में रोटी देने को कहा था। वह लड़की मुझसे कुछ साल बड़ी रही होगी। मैंने रोटी ले गई और उसके हाथ में टंगी टोकरी में रख दी। तुरंत दादी की कड़क आवाज कानों में गूंजी कि 'टोकरी को हाथ क्यों लगाया तूने!' मैं एकदम सहम गई। मैंने उस लड़की की तरफ देखा। उसकी आंखों में एक अजीब-सी मायूसी थी। एक क्षण पहले जो चेहरा खिला-खिला था, वह बुझ गया था। दादी की आवाज फिर से गूंजी, मुझे हाथ धोने की नसीहत के साथ।

वह दिन और क्षण आज भी मेरी आंखों में अक्सर ज्यों का त्यों घूम जाता है। वे कातर आंखें, जैसे आज भी सवाल करती हैं कि ऐसा क्यों है! और मैं अमूर्तन में ही जैसे उसे दिलासा देती हूं कि नहीं, अब ऐसा नहीं होगा... हम सब बदल देंगे! अब हमारे दादा-दादी वाली पीढ़ी खत्म हो चुकी है। लेकिन क्या हमारे लाख चाहने के बावजूद इस कसौटी पर सचमुच कुछ बड़ा बदलाव हो पा रहा है? बेहद अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हम उस ओर नहीं बढ़ सके हैं। आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें किसी खास जाति की किसी लड़की को जाति के आधार पर संचालित बर्ताव से मायूस होना पड़ता है और ऐसी हर मायूसी हमारे सभ्य होने और इंसानियत पर एक तीखा सवाल उठा कर गुजर जाती है। गांवों और दूरदराज के इलाकों की तो दूर, दिल्ली और मुंबई जैसे शहर भी इस रोग से बुरी तरह ग्रस्त हैं। कुछ समय पहले मुंबई के एक अस्पताल में अनुसूचित जनजाति की एक लड़की डॉक्टर पायल तड़वी की खुदकुशी ने उन सवालों को और गहरा किया है। खबरों के मुताबिक पायल को उसकी कुछ वरिष्ठ सहयोगियों ने जाति और आरक्षण को आधार बना कर लगातार अपमानित किया था।

कुछ लोगों को ऐसी बातों पर विश्वास करना मुश्किल होता है। साथ ही उच्च कही जाने वाली जाति से आने वाले लोग अधिकतर आरक्षण और आरक्षण की सुविधा पाने वालों से हद दर्जे की नफरत करते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि आरक्षण उनके हकों पर डाका है। मैं उनके बीच कई बार अप्रिय स्थिति में पड़ जाती हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि आरक्षण वैसे समूहों का अधिकार है, जिन्हें महज जाति की वजह से अवसरों से वंचित किया गया था। मेरे इस विचार की वजह से कुछ लोगों ने मुझे आरक्षण प्राप्त समूह की पृष्ठभूमि से मान लिया था। लेकिन जब उन्हें पता चला कि मैं आरक्षण के दायरे से बाहर हूं, फिर भी आरक्षण पर मेरा रुख उनके उलट है, तब वे मुझसे भी नफरत करने लगे।

उन लोगों की नफरत और अपने प्रति उनकी आंखों में छलकती हिकारत को देख कर यह महसूस कर पाती हूं कि पायल तड़वी या उनके जैसी तमाम लड़कियों या दलित-वंचित जातियों की पृष्ठभूमि वालों के साथ जब भेदभाव और तिरस्कार का बर्ताव होता होगा तो उनके भीतर क्या-क्या और किस तरह टूटता होगा! अपने ही साथ वालों की नजर में धिक्कार सहना, खुद को हर रोज छोटा महसूस करना इतना आसान तो नहीं होता किसी के भी लिए। जब से यह समझ में आया कि जातियों का जहर कितना बुरा है, तभी से उनके लिए दर्द महसूस होता है जो इस जहर की मार झेलने के लिए मजबूर हैं।

एक व्यक्ति और उनकी बातों से मैं काफी प्रभावित हो गई थी तो एक अन्य व्यक्ति ने उनकी जाति के बारे में बता कर मेरे भीतर उनके प्रति उपेक्षा भरने की कोशिश की। लेकिन मैंने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है! आरक्षण का विरोध करने वालों से कहती हूं कि सदियों से हमारे पूर्वजों ने कमजोर जातियों का शोषण किया है... और अब जाकर उन्हें बराबरी का मौका मिला है तो हमें सहृदयता दिखानी चाहिए। इसके बाद भी उनका रुख नहीं बदलता। वे संविधान में दर्ज अधिकारों का तो कुछ कर नहीं पाते, तब घृणा के हथियार का इस्तेमाल करते हैं। ऐसी घृणा, जिसे झेलना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं है। मैंने भी तय किया है कि मैं हार नहीं मानूंगी। मैं लगातार इस उम्मीद में काम करती हूं कि जातियों के बंधन टूट जाएं, हम सब बस इंसान बन जाएं। शायद एक दिन जाति की दीवार पिघल जाए!

## संकट और सवाल

कांग्रेस का संकट, वैयक्तिक नहीं, वैचारिक है। ऐतिहासिक दो महान पराजयों के बावजूद अब भी कांग्रेस की जाजम, वैयक्तिक मनुहार में रत है, जबकि कांग्रेस का वास्तविक संकट वैयक्तिक है ही नहीं। इसीलिए सवाल उठता है कि क्या राहुल गांधी बतौर कांग्रेस अध्यक्ष सन 2024 का चुनाव जितवा पाएंगे। रायबरेली में पराजित और वायनाड में लोकप्रियता से नहीं, गणित से राहुल की जीत अपराजेय कांग्रेसियत तो नहीं है। सन 1985 के बाद वंशवाद से नियंत्रित कांग्रेस, समाजवाद, राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु कितने कदम चली, कांग्रेस का शासन चला, किंतु कांग्रेसियत डूबती रही। मान भी लिया जाए कि राजीव गांधी को बोफर्स मामले में झूठा बदनाम किया गया था, किन्तु उनकी शेष कर्मठता उन्हें चुनाव क्यों नहीं जिता सकी? वीपी सिंह और उनकी विविध रूपधारी समाजवादी मंडलिया मंडल आयोग की सिफारिशों के बावजूद डूब गईं। हास्यास्पद है कि आरक्षण के जातीय फार्मूलों से राजनीति करने वाले पूर्व के कांग्रेसहंताओ के बल पर कांग्रेस प्रधानमंत्री का पद चाहती थी। आरक्षण मूलतः वोट बैंक बनाने का सूत्र है, यह मतदाता समझ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी रहें या प्रियंका गांधी वाड्रा, अब मतदाता फोटो के नीचे लिखी कर्म कहानी पढ़ कर वोट देता है।

*अरविंद पुरोहित, अलकापुरी, रतलाम*

## जनप्रतिनिधियों का आचरण

निर्वाचित नेताओं को कम से कम यह मालूम होना चाहिए की उनके संसदीय क्षेत्र की समस्याएं क्या हैं, किस समस्या को प्रमुखता से उठाना है, जिस आम आदमी ने संसद तक पहुंचाया है और जो जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वहन कैसे करना चाहिए, समस्याओं की प्राथमिकता क्या हो, संबंधित विभाग के अफसर से किस तरह से बात कक समाधान निकाला जाए आदि। लेकिन व्यवहार में ऐसा देखने में आता नहीं है। विभागीय अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों और राजनेताओं के उलझने की कई घटनाएं आम बात हैं। अधिकारियों के साथ बैठकों के दौरान अपशब्दों का प्रयोग, धमकियां और मारपीट जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमारे जनप्रतिनिधि किस तरह की कार्य-संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। नवनिर्वाचित सांसदों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदाचरण की नसीहत दे चुके हैं। आम चुनाव में भी राजनेताओं ने जिस भाषा का उपयोग किया, उसकी बेशर्मी किसी से छिपी नहीं है। अब जरूरत तो इस बात की है कि केंद्र सरकार जनप्रतिनिधियों के लिए एक अलग आयोग गठित करे जो राजनेताओं के आचरण पर विशेष निगरानी रखे। कौन नेता कहां, कब और क्या बोलते हैं। सदाचार के रास्ते पर चल कर ही राजनीति को साफ-सुथरा बनाया जा सकता है।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संत कबीर नगर*

## कौशल और रोजगार

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक दुनिया के 19 विकसित और विकासशील देशों में साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा कुशल श्रमशक्ति की कमी होगी। जबकि अकेले भारत के पास 2030 तक जरूरत से ज्यादा कुशल कामगार होंगे। भारत के लिए यह आर्थिक कमाई का प्रभावी साधन सिद्ध हो सकता है। उच्च कौशल प्रशिक्षित भारत की नई पीढ़ी को देश और दुनिया में अपार मौके मिलने की संभावना रहेगी। निश्चित रूप से उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर उपयुक्त ध्यान देकर रोजगार की चुनौतियों के बीच रोजगार की नई संभावनाओं को साकार किया जा सकेगा। युवाओं की संख्या को देखते हुए हर साल 81 लाख नई नौकरियां और नए रोजगार अवसर पैदा करने की जरूरत है। इतने रोजगार सृजन के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार और सार्वजनिक व निजी निवेश में भारी वृद्धि करनी होगी। विनिर्माण क्षेत्र को गतिशील करना होगा, निर्यात बढ़ाने होंगे और श्रम कौशल बढ़ाना होगा।

● *अजीत कुमार गौतम, गोरखपुर*

**चौपाल**

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

## चौंकाने वाली तस्वीर

हाल में जारी एक सरकारी रपट में भारत में श्रमिकों की स्थिति के बारे में एक कठोर तस्वीर उभर कर आई है, जिसमें उनके न्यूनतम वेतन के लिए स्वीकृत मानदंडों से आधे से भी कम आय दर्ज की गई है। चौंकाने वाला तथ्य तो यह है कि इकहत्तर प्रतिशत श्रमिकों के पास कोई भी लिखित नौकरी अनुबंध नहीं है, चौवन प्रतिशत को छुट्टियों के पैसे का भुगतान नहीं मिलता है और ग्रामीण क्षेत्रों में सत्तावन प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग अस्सी प्रतिशत श्रमिक आठ घंटे के कार्य दिवस (48 घंटे प्रति सप्ताह) से बहुत अधिक काम करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बावन प्रतिशत से अधिक श्रमिक वास्तव में स्व-रोजगार से जुड़े हैं। यानी वे बड़े पैमाने पर खेती या छोटी दुकानें चला रहे हैं या फिर ऐसे उपक्रम जो उनके खुद के श्रम पर आधारित हैं, या विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदाताओं के रूप में काम कर रहे हैं। लगभग एक चौथाई कामकाजी लोग दैनिक आधार पर काम पाते हैं और रोजाना मजदूरी कमाते हैं, जबकि लगभग एक चौथाई नियमित वेतन या वेतन-कमाने वाले कर्मचारी हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) नामक रिपोर्ट, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) द्वारा किए गए लगभग एक लाख घरों (4.33 लाख व्यक्तियों) के सर्वेक्षण पर आधारित है।

● *प्रियंबदा, गोरखपुर*

## शिक्षकों की कमी

बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की घोर कमी है, जिससे बच्चों का पठन-पाठन सुचारू ढंग से नहीं हो पाता है। दूसरी ओर, बेरोजगारी से जूझ रहे टीईटी, एसटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपनी शीघ्र बहाली को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बिहार सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज करते हुए तरह-तरह के बहाने बना रही है। कभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित 'समान काम के लिए समान वेतन' के मुद्दे को बहाली की राह में अड़चन बताया, तो कभी आम चुनाव के कारण आचार संहिता की दुहाई दी गई। अब जबकि दोनों मामले साफ हो गए हैं तो फिर टाल मटोल क्यों? गत दिनों धरना-प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारी अभ्यर्थियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, महिलाओं तक को नहीं बख्शा गया। बिहार सरकार को यथाशीघ्र शिक्षकों की बहाली करनी चाहिए। एक ओर शिक्षित बेरोजगारों में निराशा बढ़ रही है, वहीं सरकारी स्कूलों में अधिकांशतः आर्थिक रूप से पिछड़े समाज के बच्चे ही तालीम पाते हैं।

● *मंजर आलम, रामपुर डेहरू, मधेपुरा*





टी-शर्ट पर 'देशभक्त' से लेकर सोशल मीडिया के निजी परिचय में हम जितने नाटकीय तरीके से सक्रिय दिखने लगे हैं, अपनी अभिव्यक्ति को लेकर भी उतने ही आक्रामक हो रहे हैं। पुलिस और पत्रकार जैसी संस्थाएं इसी आक्रामकता में एक-दूसरे से टकरा रही हैं। एक अखबार के कार्टून में कुत्ते के गले में देश के राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करना या

**बेबाक बोल**

किसी राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट, अमेरिका से लेकर दिल्ली तक अति सक्रिय संस्थाओं के सामने अभिव्यक्ति की आजादी नए मायने तलाश रही है। एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी टकराहटों के इस समय में नैतिकता और सहिष्णुता जैसी बुनियादी बातों की बहाली की बात करता बेबाक बोल।

# मुश्किल दौर

मुकेश भारद्वाज

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक मार्गदर्शक कुत्ते के रूप में नेत्रहीन डोनाल्ड ट्रंप को रास्ता दिखा रहे हैं। यह वह कार्टून था जिसके 'न्यूयार्क टाइम्स' के वैश्विक संस्करण में छपने के बाद हंगामा मच गया। पुर्तगाली कार्टूनिस्ट अंतोनियो मोरेरा अंतूनेज के बनाए इस कार्टून में सबसे ज्यादा आपत्ति इस बात पर जताई गई कि नेतन्याहू के रूपक के रूप में जिस कुत्ते को चित्रित किया गया उसके गले के पट्टे पर 'ब्लू स्टार ऑफ डेविड' लटक रहा है जो इजरायली झंडे को दर्शाता है। वहीं ट्रंप ने परंपरागत यहूदी धार्मिक टोपी पहन रखी है। इस कार्टून के जरिए यहूदी अस्मिता को अपमानित करने के लिए 'न्यूयार्क टाइम्स' को कठघरे में खड़ा किया गया।

इस राजनीतिक कार्टून की चौतरफा निंदा के बाद 'न्यूयार्क टाइम्स' ने एलान किया कि वह अपने वैश्विक संस्करण में कोई राजनीतिक कार्टून नहीं प्रकाशित करेगा। 'न्यूयार्क टाइम्स' के इस फैसले को आलोचक अपने-अपने नजरिए से देख रहे हैं। कुछ लोग इसे गैरजरूरी आडंबर भरा फैसला बता रहे तो कुछ विद्वानों का कहना है कि पहचान की राजनीति के इस युग में सच की अपनी-अपनी परतें हैं। वजह चाहे जो भी हो लेकिन इस फैसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभिव्यक्ति की आजादी की हत्या के रूप में देखा जा रहा है और अमेरिकी मीडिया को 'शार्ली एब्दो' के संघर्ष की भी याद दिलाई जा रही है, जब उन्होंने कत्लेआम के बाद भी अपने रुख को नहीं बदला था और पूरी दुनिया में 'हम भी शार्ली एब्दो' का नारा गूंज गया था।

'शार्ली एब्दो' से लेकर 'न्यूयार्क टाइम्स' तक का यह सफर बता रहा है कि अभिव्यक्ति के क्षेत्र में हम वैश्विक स्तर पर अतिवाद से टकरा रहे हैं। भारत में एक पत्रकार के ट्वीट पर उसे गिरफ्तार किया जाना और सुप्रीम कोर्ट का मामले में यह कहना कि अभिव्यक्ति की आजादी के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है एक पूरी विडंबना को हमारे सामने रखता है। दिल्ली में रह रहा पत्रकार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी करता है। उत्तर प्रदेश की पुलिस मामले का स्वतः संज्ञान लेती है और बिना दिल्ली पुलिस के दखल के पत्रकार को गिरफ्तार कर लखनऊ ले जाती है और जमानत पर रिहाई सुप्रीम कोर्ट के जरिए होती है।

प्रशांत कनौजिया जब जमानत पर रिहा होते हैं तभी खबर आती है कि रेलवे स्टेशन पर खबर करने गए पत्रकार को पुलिस ने बेरहमी से पीटा। इसके पहले भी हाल में उत्तर प्रदेश से लेकर बंगाल, कर्नाटक और केरल तक कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें पत्रकारों को किसी खास राजनेता की मानहानि के आरोप में उठा लिया गया या प्रताड़ित किया किया गया। इन सबमें एक चीज जो चिंतनीय है, वह है सत्ता के पक्ष को लेकर पुलिस या अन्य संस्थाओं की अति सक्रियता।

आज देश के हर कोने में और अलग-अलग विचारधारा की सरकारों में पुलिस और पत्रकार आमने-सामने हैं। दोनों अति सक्रिय हैं, दोनों पर अपनी हदों से बाहर जाने के आरोप हैं। पुलिस सक्रियता बनाम अभिव्यक्ति की सक्रियता को किस तरह से देखा जाए। पुलिस और पत्रकारिता नाम की इन दो संस्थाओं के बीच



फोटो : आरुष चोपड़ा

अदालत और सरकार भी है। सबसे अहम यह है कि हमारा लोकतंत्र इन्हीं संस्थाओं के खंभों पर चलता है और इन्हीं के बीच भयानक टकराव है।

इन सबके बीच सोशल मीडिया एक आभासी संस्था के रूप में आकर खड़ा हो गया है। इस नए मंच को सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक मानकर इसे बहुत उम्मीदों से देखा जा रहा था। लेकिन इस पर ही सबसे ज्यादा असामाजिक, अलोकतांत्रिक और गैरजिम्मेदार होने के आरोप लगे। बिना तथ्य जांचे सबसे पहले पोस्ट करने की हड़बड़ी, तंज और कमर से नीचे वार करने वाली भाषा का इस्तेमाल करने वाले सूरमाओं की वजह से इसका नकारात्मक पक्ष ज्यादा हावी होने लगा। पत्रकार, पुलिस और सरकार के बीच में सोशल मीडिया की एक पोस्ट पर जंग लड़ना 'लोकतंत्र बचाने' के लिए भारी पड़ने लगा है।

पुलिस, पत्रकार और सरकार के बीच ऐसे सोशल मीडिया की सक्रियता को कैसे संतुलित करें। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसका कोई लिखित संविधान और जिम्मेदारी नहीं है। ऐसे में हमें यह समझना होगा कि हर चीज संविधान में नहीं खोजी जा सकती। नैतिकता, जिम्मेदारी और सहिष्णुता वे सांस्कृतिक मूल्य हैं जिनके लिए संविधान की किताब खोलने की जरूरत नहीं है। एक-दूसरे पर आधारित संस्थाओं को समझना होगा कि कि बिना नैतिकता और जिम्मेदारी के न तो लोकतंत्र जिंदा रह सकता है और न ही संविधान सुरक्षित रह सकता है।

सवाल यह भी है कि सोशल मीडिया की अति सक्रियता के इस समय में नैतिकता और सहिष्णुता को कैसे देखें? अगर आप खास राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पूर्वग्रहों के कारण किसी भी तथ्य को बिना जांचे, उस पर मंथन किए बिना सोशल मीडिया पर डाल देते हैं, तो मान लीजिए कि यह अनैतिक और असहिष्णु है। वह इसलिए कि ऐसी किसी पोस्ट पर अति सक्रियता हो सकती है और उसके नतीजे के रूप में पुलिस और अन्य संस्थाएं आमने-सामने होती हैं। कानून के दायरे में न आने के बावजूद पुलिस अपनी सक्रियता दिखाती है, पत्रकार और नागरिक समाज संगठनों की ऊर्जा खर्च होती है, सरकार असहज होती है। और, इतना हंगामा इसलिए कि कुछ ऐसा लिखा गया जिस पर कार्रवाई करने के लिए कहीं कुछ स्पष्ट नहीं लिखा गया है। लिखित बनाम अलिखित की जंग में खास तरह की पक्षधरता को लेकर हम कट्टर होते जा रहे हैं।

प्रशांत कनौजिया का मामला हमारी संस्थाओं की अम्लीय जांच की तरह है। यह हर संस्था की दरारें दिखा रही है। खास राजनीतिक पक्षधरता रखने के लिए सही समझ और संवेदनशीलता भी होनी चाहिए जिसका पत्रकारों के बीच भी घोर अभाव है। मीम, फोटोशॉप की भरमार सही-गलत का भेद खत्म कर चुके हैं। पुलिस को भी समझ होनी चाहिए कि मानहानि का मामला उसके स्वतः संज्ञान की चीज नहीं है, यह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है कि उसकी मान की कितनी हानि हुई है और इसके लिए वह क्या कदम उठाए। पुलिस को ऐसे मामलों पर अपनी ऊर्जा खर्च करने के बजाए अलीगढ़ जैसे मामलों पर अपनी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। बच्ची के पिता जब उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने जाते हैं तो पुलिस तब तक सोई पड़ी रहती है जब तक कि उसकी सड़ी हुई लाश पूरे समाज को जलाने न लगे। अबोध बच्ची की नृशंस हत्या पर भी हम साथ मिलकर रोने और लड़ने के बजाए खांचों में बंट कर इंसानियत को शर्मसार करने लगते हैं।

पक्ष हो या विपक्ष, पुलिस, पत्रकार या नागरिक समाज। अगर सब अपने पक्षों को लेकर इतने आक्रामक हो जाएंगे तो लोकतंत्र बचेगा कैसे। जो सत्ता में बैठे हैं वो भी इतनी टकराहटों को कैसे संभाल पाएंगे। अब वह वक्त आ गया है जब सारी संस्थाएं मिल कर सोचें कि पूरे समाज में यह आक्रामकता क्यों बढ़ रही है। सब एक-दूसरे के खिलाफ क्यों खड़े हो रहे हैं। हिंदुस्तान जैसे सामूहिकता में जीने वाले देश में सब लोग अकेला क्यों महसूस कर रहे हैं और इसका समाधान क्या है।

देश में एक-दूसरे से टकराती संस्थाओं का समाधान उसी जनता के सामने है जिसने ताजा चुनावों में एक राष्ट्रीय नेता और एक राष्ट्रीय पार्टी को चुना। यह वही जनता है जो नोटबंदी जैसे कड़े फैसलों के वक्त राष्ट्रीय चेतना के साथ सरकार की ढाल बनकर रही। आज सत्ता की जिम्मेदारी है कि वह संस्थाओं से लेकर नागरिकों को सामूहिकता में लाए, इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होने से बचाए। देश की जनता साथ चलना जानती है, बस नैतिकता और जिम्मेदारी जैसी बुनियादी बातों की बहाली हो जाए।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं।
हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

## आपके पत्र

### दूर तक होगा असर

सत्ता की राजनीति का इतिहास जब कभी सूक्ष्म लेखनी से लिखा जाएगा तो मायावती की अवसरवादिता का अलग अध्याय होगा। राजनीति के प्रयोग के मंच पर हुआ यह हादसा सबक है। उत्तर प्रदेश के परिणामों का असर भारत की राजनीति में दूर तक होगा।

**-डॉक्टर अशोक कुमार**, पटना

### अयोग्य गठबंधन

संगठन की मजबूती, वैचारिक समझ, जमीनी स्तर पर सक्रियता, सकारात्मक राजनीति किसी भी राजनीतिक दल के अस्तित्व के लिए जरूरी हैं। जनता से जुड़ाव के बिना कांग्रेस और सपा, बसपा आदि किसी भी दल का कोई भविष्य नहीं है। केवल प्रधानमंत्री को घेरने से जीत नहीं मिलेगी, यह उन्हीं दिनों तय हो गया था। अखिलेश अवश्य संयत रहे लेकिन गठजोड़ अयोग्य रहा।

**-प्रोफेसर हरि मोहन**, आगरा

### बदलता हुआ भारत

बिहार और उत्तर प्रदेश में जाति के आधार पर वोट पड़ते रहे हैं। नतीजतन विकास के पायदान पर दोनों राज्य पिछड़ गए। इस बार जनता ने बिल्कुल ही एक अलग अंदाज में वोट किया है, जिसमें ज्यादातर जातिगत आधारित राजनीतिक दलों की बुनियाद खिसक गई है। सभी दल याद रखें, यह बदलता हुआ भारत है जो विकास करेगा सत्ता की बागडोर उसी के हाथ आएगी।

**-नितेश कुमार सिन्हा**, मोतिहारी, बिहार

### कमी खोजें अखिलेश

उत्तर प्रदेश में अब मुकाबला भाजपा और बसपा जैसे कार्यकर्ता आधारित दो दलों के बीच ही रहने वाला है। मुलायम सिंह यादव जैसे कद्दावर नेता की पीठ पर सवार हो अखिलेश यादव ने राज्य का शीर्ष पद जरूर हासिल कर लिया लेकिन अब तक एक राजनेता का कद हासिल नहीं कर सके। अखिलेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद से उनकी पार्टी हर चुनाव हारी है। सबसे बड़े प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**-अंकित दूबे**, आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली।

### जातिवाद की जकड़न

देश जातिवाद में जकड़ा हुआ है। कथित उच्च जातियों को भारतीय समाज में मान-मर्यादा, रुतबा सभी कुछ स्वाभाविक रूप से मिल जाता है, जिस कारण वे जातिवाद बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। वहीं, मायावती जैसी कथित दलितों की नेता जातिगत भावना को मजबूत करते हुए दलित जातियों के वोट के बल पर देश की प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रही हैं। इससे ज्यादा इस देश का दुर्भाग्य क्या हो सकता है?

**-निर्मल कुमार शर्मा**, गाजियाबाद

### मंसूबे ध्वस्त

'दृष्टि' न होने से देश भर में मतदाताओं ने गठबंधन के दलों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। अब गठबंधन के सभी सूरमा कारवां गुजर जाने के बाद गुबार देख रहे हैं। अपनी गलतियों को स्वीकारने के बजाए असफलता का सारा ठीकरा ईवीएम को सौंप कर गठबंधन के लोग अपनी गठरी अलग कर अपनी किस्मत के भरोसे जमीन खोजने में लगे हैं।

**-पारस एफ खेमसरा**, 205 तिरुपति विहार, सांवेर, इंदौर मध्य प्रदेश

### अवसरवादी राजनीति

लेखक गिलक्राइस्ट ने कहा है कि राजनीतिक दल उन नागरिकों का एक संगठित समूह होता है, जिनके राजनीतिक विचार एक जैसे हों। लेकिन हमारे देश में तो इसके विपरीत हवा है। यहां गठबंधन राजनीतिक विचारों से नहीं बनता, बल्कि मजबूत होती सत्ता पार्टी को हराने की मानसिकता से होता है।

**-राजेश कुमार चौहान**, जलंधर।

## राजपाट

### अंतहीन हिंसा कथा

पता नहीं किस करवट बैठेगा पश्चिम बंगाल में सियासी दुश्मनी का ऊंट। लोकसभा में 18 सीटें जीत कर भाजपा अब विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी के प्रभारी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ठहरे सियासी रणनीति के माहिर। दोनों तरह के दावे कर रहे हैं। एक तो यही कि जब चाहें ममता सरकार गिरा सकते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भी खुद प्रधानमंत्री ने भी बोला था कि तृणमूल कांग्रेस के 42 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। चुनावी नतीजों के बाद कुछ विधायक और पार्षद तृणमूल कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए भी। कल तक जो सियासी पंडित भाजपा के आधी से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को मुंगेरीलाल का हसीन सपना बता कर खिल्ली उड़ाते थे, अब तो वे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्तारूढ़ होने के चमत्कार से इनकार नहीं कर रहे। बहरहाल चुनावी नतीजों ने हिंसा को और बढ़ाया है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्याओं के आरोप लगा रहे हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सूबे की ममता सरकार को हिंसा पर नकेल कसने के लिए जरूरी हिदायतें दे डाली। ऊपर से भाजपा ने अपने पांच कार्यकर्ताओं की हत्या के विरोध में सूबे में काला दिवस मनाया। राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी अलग सक्रिय दिखे। इसी से अटकलें लगीं कि कहीं पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की तैयारी तो नहीं कर रहा केंद्र। राज्यपाल तो दिल्ली आकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिल भी गए। कहने को तो यह मुलाकात शिष्टाचार का तकाजा भर थी पर सूबे की जमीनी हकीकत के बाबत 48 पेज की रिपोर्ट देना कुछ और ही इंगित करता है। यह बात अलग है कि केंद्र ने खुद कह दिया कि सूबे में राष्ट्रपति शासन की फिलहाल कोई बात नहीं है। राज्यपाल ने कोलकाता पहुंच कर सर्वदलीय बैठक भी आयोजित कर डाली। विधानसभा चुनाव तो 2021 में होंगे पर उससे पहले अगले साल कोलकाता नगर निगम का चुनाव होना है, जिसे विधानसभा चुनाव के रिहर्सल के तौर पर मानते हैं सूबे के सियासी दल। ममता ने तो दस लोगों के सियासी हिंसा में मरने की बात स्वीकार करते हुए उनमें से आठ के तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता होने का खुलासा किया है। भाजपा हिंसा के लिए सीधे ममता बनर्जी को दोष दे रही है तो ममता भी भाजपा और केंद्र पर पलटवार करने से कतई नहीं चूक रहीं। भाजपाई नहले पर हर बार उनका यही दहला पड़ता है कि केंद्र सरकार उनकी सरकार को गिराने की साजिश रच रही है।

### निराशा का घटाटोप

अपनी सरकार के होते हुए भी राजस्थान में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई। यह पार्टी के लिए करारा झटका है। हारे को हरिनाम जपने की सयानों ने सलाह दी है। पर राजस्थान के कांग्रेसी टोटे में लड़ने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। चुनावी नतीजों के बाद सूबे में कांग्रेस दो फाड़ दिखने लगी है। गुटबाजी तो यों पहले से ही थी पर इस तरह दो फाड़ हो जाना पार्टी के लिए खतरे की घंटी ही कही जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ही अगर सीधे एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगेंगे तो फिर कार्यकर्ताओं के स्तर पर तो हालात ज्यादा ही नाजुक हो सकते हैं। हार के बाद कारणों की टोह लेकर भविष्य के लिए नई रणनीति बुनने के बजाए कांग्रेसी बयानबाजी पर उतर पड़े हैं। इससे कार्यकर्ता डर गए हैं कि सूबे की सरकार अपना कार्यकाल भी पूरा कर पाएगी या नहीं। आलाकमान का असर भी घटा है तभी तो प्रभारी महासचिव अविनाश पांडेय की धमकी कोई असर नहीं दिखा पाई। पांडेय ने फेसबुक के जरिए नेताओं और कार्यकर्ताओं को चेताया था कि जो बयानबाजी से अनुशासनहीनता करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन असर उलटा हुआ। पार्टी के लोग पांडेयजी की ही लेने लगे क्लास। उन्हीं पर लगा दिया सूबे में पार्टी की गुटबाजी को बढ़ावा देने का आरोप। आरोप-प्रत्यारोप के बीच लोकसभा चुनाव हारने वाले उम्मीदवारों को भी मौका मिल गया। वे अपनी कमजोरी या भाजपा की हवा की हकीकत को स्वीकार करने के बजाए अपनी हार का ठीकरा पार्टी के ही अपने विरोधियों पर फोड़ने लगे हैं। अग्रणी हैं जयपुर की उम्मीदवार रहीं ज्योति खंडेलवाल। कोटा के राम नारायण मीणा भी खूब भड़ास निकाल रहे हैं। उनकी एक पीड़ा खुद को मंत्री नहीं बनाया जाना भी है। कुल मिलाकर निराशा में डूबी है फिलहाल कांग्रेस।

### किसकी लगेगी लाटरी

उत्तराखंड में मंत्रिमंडल के फेरबदल की अटकलें शुरू हो गई हैं। प्रकाश पंत की पिछले दिनों कैंसर के कारण हुई मौत के मद्देनजर अब मंत्रिमंडल का विस्तार करने में और देर नहीं होगी। कुल मिलाकर इस समय तीन मंत्री पद खाली हैं। कुछ मंत्रियों के कामकाज से मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत नाखुश बताए जा रहे हैं। मसलन, हरक सिंह रावत, अरविंद पांडेय, रेखा आर्य और मदन कौशिक जैसे मंत्री बेहतर कामकाज की लगन के बजाए गुटबाजी में सक्रिय दिखते हैं। अपने विवादास्पद बयानों से रावत और पांडेय तो कई बार सरकार को उलझन में भी फंसा चुके हैं। जहां तक मदन कौशिक का सवाल है, रमेश पोखरियाल निशंक से उनकी कभी नहीं पटी। लेकिन आलाकमान ने हरिद्वार से दूसरी बार जीतने वाले निशंक को केंद्र में कैबिनेट मंत्री की हैसियत देकर कौशिक को संदेश दे दिया कि गुटबाजी ठीक नहीं। कौशिक ने हरिद्वार नगर निगम में महापौर का उम्मीदवार अपनी पसंद से तय कराया था। पर सब जगह भाजपा की लहर के बावजूद हरिद्वार में हार का मुंह देखना पड़ा। मंत्री पद की हसरत रखने वालों में मुन्ना सिंह चौहान और बिशन सिंह चुफाल आगे हैं। पर मुख्यमंत्री की भी अपनी दुविधा है। जातीय और क्षेत्रीय संतुलन तो कायम रखना ही पड़ता है, वरिष्ठता को भी तो नजर अंदाज नहीं कर सकते। फिर आलाकमान खुली छूट दे तो वे अपनी पसंद से मंत्रियों का चयन करें। एक तरफ मंत्री पद पाने के लिए विधायकों में लाबिंग तेज हुई है तो दूसरी तरफ नौकरशाही में भी बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। सूबे के मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव में ही समन्वय नहीं हो पाया। सो, सरकार का कामकाज तो प्रभावित हो ही रहा है, प्रशासन में अपेक्षित चुस्ती का भी अभाव नजर आता है। बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया और मोदी लहर में पांचों लोकसभा सीटें हिस्से आ गईं। अन्यथा राज्य सरकार के प्रदर्शन से तो आलाकमान भी संतुष्ट नहीं थे।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

## ममता से संपर्क करने का प्रयास किया, जवाब नहीं मिला : राज्यपाल

पेज 1 का बाकी

उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अगर वह मुझे फोन करती हैं तो हम मामले पर चर्चा करेंगे।'

मुखोपाध्याय उन दो जूनियर डॉक्टरों में से एक हैं जिन पर एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार रात दम तोड़ने वाले मरीज के रिश्तेदारों ने हमला कर दिया था। इस हमले के बाद से राज्य भर के डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए जो अब भी जारी है।

## मोदी-इमरान ने एक दूसरे का किया अभिवादन

पेज 1 का बाकी

में हिस्सा लेने के लिए आए हैं। दो सप्ताह पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खान और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अपने-अपने भारतीय समकक्षों को पत्र लिखकर द्विपक्षीय वार्ता को फिर से शुरू करने की हिमायत की थी। खान ने 26 मई को मोदी को टेलीफोन कर दोनों देशों के लोगों की बेहतरी के लिए साथ मिलकर काम करने की इच्छा प्रकट की थी।

# आतंकवाद पर तय हो जवाबदेही

पेज 1 का बाकी

है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं पिछले रविवार श्रीलंका की अपनी यात्रा के दौरान सेंट एंथनी गिरजाघर गया, जहां मैंने आतंकवाद का घिनौना चेहरा देखा। इस आतंकवाद ने हर जगह निर्दोष लोगों की जान ली है।' उन्होंने श्रीलंका में ईस्टर के दिन हुए आतंकी हमलों में निशाना बनाए गए इस स्थान का जिक्र करते हुए यह बात कही। इन हमलों में 258 लोग मारे गए थे।

मोदी ने कहा कि आतंकवाद की बुराई से लड़ने के लिए राष्ट्रों को इसके खिलाफ एकजुट होने की खातिर अपने संकीर्ण दायरे से बाहर निकलना होगा। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में कहा, 'आतंकवाद को प्रोत्साहन, समर्थन और धन मुहैया कराने वाले राष्ट्रों को जिम्मेदार ठहराना जरूरी है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे आतंकवाद को लेकर भारत की भावना से अवगत करा दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद रोज मासूमों की जान लेता है। सभी को इसके खिलाफ कदम उठाना चाहिए। आतंकवाद को प्रोत्साहन, समर्थन और वित्तीय मदद प्रदान करने वाले राष्ट्रों को जिम्मेदार ठहराना जरूरी है। एससीओ सदस्यों को आतंकवाद का सफाया करने के लिए पूरी शक्ति का इस्तेमाल करना चाहिए। भारत आतंकवाद से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का आह्वान करता है।

उन्होंने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों को आतंकवाद का खात्मा करने के लिए एससीओ-क्षेत्रीय आतंक रोधी ढांचा (आरएटीएस) के तहत सहयोग करना चाहिए। मोदी ने कहा, 'साहित्य एवं संस्कृति हमारे समाज को एक सकारात्मक गतिविधि प्रदान करते हैं, खासकर, वे हमारे समाज के युवाओं में चरमपंथ के प्रसार को रोकते हैं।' उन्होंने कहा कि एक शांतिपूर्ण, एकीकृत, सुरक्षित और समृद्ध अफगानिस्तान एससीओ में स्थिरता और सुरक्षा के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के एससीओ का पूर्ण सदस्य देश बने दो साल हो गए हैं। भारत ने एससीओ की सभी गतिविधियों में सकारात्मक योगदान दिया है।

## पुलवामा में दो आतंकी ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

जम्मू कश्मीर में पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को लश्कर ए तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। ब्राव बंदिना इलाके में हुई मुठभेड़ के दौरान जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसमें आग लग गई। जान बचाने के लिए आतंकवादी गोलियों की बौछार करते हुए घर से बाहर निकले, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें वहीं मार गिराया।

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने पर दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के अवंतीपुर के ब्रॉव बंदिना क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। जवान जब क्षेत्र में आतंकवादियों की तलाश कर रहे थे तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मारे गए आतंकवादियों की पहचान नैना लिटर पुलवामा के निवासी इरफान अहमद देगू उर्फ अबू जरार और कदलाबल पम्पोर के निवासी तसद्दुक अमीन शाह के रूप में हुई है। दोनों आतंकी लश्कर ए तैयबा से जुड़े थे और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले तथा आम लोगों को निशाना बनाने में भूमिका को लेकर वांछित थे।

## एससीओ में इमरान ने तोड़ा प्रोटोकॉल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य नेताओं के खड़े रहने के दौरान ही वे अपनी सीट पर बैठ गए। इमरान की ओर से इस तरह कूटनीतिक प्रोटोकॉल तोड़े जाने पर सोशल मीडिया पर उनकी खूब खिंचाई हो रही है। इमरान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआइ) के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में इमरान बैठे दिख रहे हैं, जबकि दुनिया के अलग-अलग देशों के बाकी नेता एवं गणमान्य लोग खड़े दिख रहे हैं। इमरान का नाम पुकारे जाने पर वे कुछ पल के लिए खड़े हुए और फिर अन्य नेताओं के बैठने से पहले ही खुद बैठ गए। इसे प्रोटोकॉल तोड़ने के तौर पर देखा जा रहा है। इस वाकये को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी खूब खिंचाई हुई।

ट्विटर पर एक व्यक्ति ने लिखा, 'बिश्केक में एससीओ के दौरान इमरान खान ने एक बार फिर मुल्क के लिए शर्मिंदगी पैदा की। जब सारे लोग खड़े थे, वे बैठ गए। जब प्रस्तोता ने उनका नाम लिया तो खड़े हुए, लेकिन फिर बैठ गए। अहंकारी, अशिष्ट या बेवकूफ?' एक अन्य व्यक्ति ने ट्वीट किया, 'इमरान खान साहब, भविष्य में अपनी छाप छोड़ने के लिए कूटनीतिक यात्राओं की मर्यादा का अध्ययन जरूर करें।'

## माओवादी हमले में पांच पुलिसकर्मी शहीद

सरायकेला खरसावां, 14 जून (भाषा)।

झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले में शुक्रवार को गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों पर माओवादियों ने हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी अविनाश कुमार के मुताबिक पांच पुलिसकर्मियों पर यह हमला उस वक्त हुआ जब वह झारखंड-बंगाल की सीमा के पास जिले के तिरुलडीह पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। शहीदों में दो सहायक उपनिरीक्षक और तीन कॉन्स्टेबल शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुरारी लाल मीना ने कहा कि माओवादियों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया था और उन पर गोलियां बरसाईं।

# आइएमए ने 17 को हड़ताल का किया आह्वान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

कोलकाता में डॉक्टरों पर हुए हमले के खिलाफ गुरुवार को चिकित्सकों के देशव्यापी हड़ताल का व्यापक असर रहा। बंगाल से लेकर दिल्ली तक डॉक्टरों व उनके तमाम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। बंगाल की मुख्यमंत्री की चेतावनी के विरोध में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों ने पद से इस्तीफा दे दिया। अस्पतालों में हड़ताल से गरमी में भटकते मरीजों की मुश्किलें बढ़ीं। इस दौरान निजी व सरकारी अस्पताल की केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चलीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने आंदोलनरत डाक्टरों से मुलाकात कर उनकी सुरक्षा व अस्पतालों की बेहतरी के लिए गृहमंत्री व राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर समाधान करने का भरोसा दिया। लेकिन चिकित्सक इस बार केवल मौखिक आश्वासन से मानने वाले नहीं हैं। उन्होंने समाधान किए जाने तक आंदोलन जारी रखने का एलान किया है। साथ ही शनिवार से इसमें और तेजी लाने की घोषणा की है। उधर, आइएमए ने 17 को देश भर में इमरजेंसी सेवाओं को छोड़ कर पूरी चिकित्सा सेवा पूरी तरह से बंद करने का आह्वान किया है।

दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), सफदरजंग अस्पताल, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज, जीबी पंत अस्पताल, गुरुनानक नेत्र चिकित्सालय सहित कई अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों के अनेक चिकित्सकों ने कोलकाता में आंदोलनरत अपने साथियों के प्रति एकजुटता जताने के लिए शुक्रवार को अस्पतालों में कामकाज ठप रखा। अंदोलनरत चिकित्सकों ने अपने-अपने अस्पतालों में विरोध प्रदर्शन किया, मार्च निकाला और अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए।

एम्स रेडीडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के बैनर तले चिकित्सकों ने एम्स परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने संस्थान के जवाहर लाल नेहरू ऑडिटोरियम से मार्च निकाला। वे निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय तक मार्च करना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगा कर उन्हें रोक दिया। बाद में डाक्टरों के एक समूह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से मुलाकात की। इसमें एम्स आरडीए, फेडरेशन ऑफ डाक्टर्स (फोर्डा) व यूनियन ऑफ रेजीडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (यूआरडीए) के प्रतिनिधि शामिल थे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के सामने चिकित्सकों की मांगे रखीं। कहा अस्पतालों में हिंसा की स्थिति में चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय कानून बनाने की मांग की। एम्स आरडीए के प्रवक्ता डॉ राजीव रंजन ने कहा कि एम्स में करीब 1700 रेजीडेंट डाक्टरों ने हड़ताल रखी। हमारी मांग है कि डाक्टरों पर देश भर में लगातार बढ़ रही हिंसा की घटनाओं पर रोक लगे।

## फेसबुक पर सोनोवाल के खिलाफ टिप्पणी करने पर भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

मोरीगांव (असम), 14 जून (भाषा)।

असम में भाजपा के मोरीगांव जिला इकाई के आईटी व सोशल मीडिया सेल के संयोजक नीटू कुमार बोरा को सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मोरीगांव के पुलिस अधीक्षक स्वप्निल डेका ने कहा कि बोरा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि जब विशेष समुदाय के सदस्य हिंदू महिलाओं के खिलाफ गतिविधियों में लिप्त थे तब सोनोवाल और उनका गृह विभाग मूक दर्शक बना रहा।

आरोपी ने कथित तौर पर यह कहा कि गृह विभाग को वित्त मंत्री हेमंत बिस्व सरमा को दे दिया जाना चाहिए। डेका ने कहा, 'सांप्रदायिक रूप से भड़काऊ और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में हमने उन्हें गुरुवार को गिरफ्तार किया था।' उन्होंने कहा, 'बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया।'

## जिनपिंग को भारत-पाक संबंधों में सुधार की उम्मीद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ शुक्रवार को यहां हुई मुलाकात के दौरान पाकिस्तान और भारत के तनावपूर्ण संबंधों में सुधार की उम्मीद जताई। चीनी सरकारी मीडिया शिन्हुआ संवाद समिति के मुताबिक, खान से मुलाकात के दौरान शी ने कहा कि चीन को पाकिस्तान और भारत के रिश्तों में सुधार की उम्मीद है और वह इसका समर्थन करता है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान में पनप रहे सीमा पार के आतंकवाद के मुद्दे को उठाया था और कहा कि भारत चाहता है कि संवाद शुरू करने के लिए आतंक से मुक्त माहौल बनाने की दिशा में पाकिस्तान की तरफ से ठोस कदम उठाए जाएं। शी ने कहा कि चीन पाकिस्तान की उसकी क्षमताओं के भीतर मदद करने का इच्छुक है। साथ ही पाकिस्तान की राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी योजना को लागू करने में उसका समर्थन करता है और वह उसकी आतंकवाद रोधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए देश की मदद को तैयार है।

# हर्षवर्धन ने ममता को लिखी चिट्ठी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,14 जून।

कोलकाता में आंदोलनरत डॉक्टरों के समर्थन में देशव्यापी हड़ताल के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपील की है कि वे इस संवेदनशील मामले को प्रतिष्ठा प्रश्न नहीं बनाएं व डाक्टरों से नरमी से पेश आएं।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि वे सौहार्दपूर्ण तरीके से आंदोलन को खत्म कराएं ताकि मरीजों को राहत मिले। साथ ही उन्होंने आंदोलनकारी डाक्टरों से संयम बरतने व मरीजों के परिजनों से धैर्य रखने की अपील भी की व कहा कि डाक्टरों की सुरक्षा के लिए गृहमंत्री से भी बात करेंगे। बनर्जी को एक पत्र में केंद्रीय मंत्री ने उनसे सौहार्दपूर्ण तरीके से प्रदर्शन खत्म कराने और डॉक्टरों के लिए काम-काज का सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने खासकर पश्चिम बंगाल के हड़ताली डॉक्टरों से सांकेतिक प्रदर्शन करने और काम पर लौटने की अपील की ताकि मरीजों को दिक्कतें नहीं हों।

## कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की रात्रिभोज पर मुलाकात

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग के संचालन परिषद की बैठक से एक दिन पहले कांग्रेस शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने यहां रात्रिभोज पर मुलाकात की और शनिवार की बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ की ओर से दिए गए इस रात्रिभोज में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी शामिल हुए। भोज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दिग्विजय सिंह भी शामिल हुए।

# अमेरिकी उत्पादों पर लगेगा शुल्क

पेज 1 का बाकी

उत्पादकों पर 24 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ा था। भारत हर साल अमेरिका को 1.5 अरब डॉलर के इस्पात और एल्युमीनियम उत्पाद का निर्यात करता है। इसके बावजूद, भारत ने जवाबी शुल्क लागू करने की समय सीमा को कई बार आगे खिसकाया गया क्योंकि सरकार को उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार पैकेज की बातचीत में किसी समाधान को खोज लिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी सरकार के भारतीय निर्यातकों को तरजीह देने की सामान्य प्रणाली (जीएसपी) में निर्यात छूट खत्म करने के निर्णय के बाद यह बातचीत रुक गई। अमेरिका ने इन लाभों को पांच जून से खत्म कर दिया है।

इससे भारत से अमेरिका को होने वाला 5.5 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा। इन 29 उत्पादों पर उच्च आयात शुल्क लगाने के क्रम में सरकार ने कई उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाने की अधिसूचना जारी की है। इसमें अखरोट पर आयात शुल्क 30 से बढ़ाकर 120 फीसद किया गया है। इसी तरह काबुली चना, चना और मसूर दाल पर शुल्क 70 फीसद किया गया है, जो अभी 30 फीसद है। अन्य दालों पर शुल्क को 40 फीसद किया जाएगा। इसके अलावा बोरिक एसिड और फाउंड्री मोल्ड (लोहे के उत्पाद) के लिए बाइंडर्स पर शुल्क बढ़ाकर सात्ढे सात फीसद और घरेलू रिएजेंट्स पर शुल्क बढ़ाकर 10 फीसद किया गया है। आर्टेमिया पर इसे 15 फीसद कर दिया गया है। साथ ही कई अन्य उत्पादों मसलन मेवा, लौह एवं इस्पात उत्पाद, सेब, नाशपाती, इस्पाद की चादर, अलॉय इस्पात, ट्यूब एवं पाइप और नट-बोल्ट पर भी शुल्क बढ़ाया गया है।

## गलत खबर छापने के आरोप में पत्रकार गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

प्रकाशित की थी कि 48 घंटों के दौरान जिले के 50 गावों में ब्लैकआउट की स्थिति है। यह खबर गलत और भ्रामक थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के बाद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य पावर होल्डिंग कंपनी के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि राज्य सरकार की नीति है कि गांवों और शहरों में 24 घंटे बिजली दी जाए। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व बिजली कंपनी को बदनाम करने के लिए ब्लैकआउट होने जैसी अफवाह फैला रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि कई बार आंधी और अन्य कारणों से पावर कट की समस्या आती है। वर्तमान में मानसून से पहले का सुधार कार्य चल रहा है जिसकी वजह से कुछ समय के लिए पावर कट हो सकता है।

# बंगाल में रहने वालों को बांग्ला बोलनी-सीखनी होगी : ममता

## कहा, हाल में हुए चुनावों में ईवीएम में 'गड़बड़ी' की गई

कांचरापाड़ा (पश्चिम बंगाल), 14 जून (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में रहने वालों को बांग्ला भाषा में बोलना सीखना होगा।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दोहराया कि बाहरी लोग राज्य में डॉक्टरों के आंदोलन को उकसा रहे हैं। ममता ने भाजपा पर बंगालियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बाहरी लोग डॉक्टरों को उकसा रहे हैं। मैंने सही कहा था कि वे गुरुवार के प्रदर्शन में शामिल थे। मैंने (एसएसकेएम अस्पताल में) कुछ बाहरियों को नारेबाजी करते हुए देखा। ममता ने आरोप लगाया कि हाल में हुए लोकसभा चुनावों में ईवीएम में 'गड़बड़ी' की गई थी। उन्होंने कहा कि चुनाव कराने के लिए मतपत्रों का इस्तेमाल होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि वे (भाजपा) ईवीएम में गड़बड़ी करके कुछ सीटें जीत गए, इसका मतलब यह नहीं कि वे बंगालियों और अल्पसंख्यकों को पीट सकते हैं। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा किअगर कोई बंगाल में रह रहा है तो उसे बांग्ला सीखनी पड़ेगी।

# आलम, शाह और अंद्राबी 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जून।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार अलगाववादी नेता मसरत आलम, शब्बीर शाह और आसिया अंद्राबी से राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) की जांच पूरी हो गई है। यह दावा एजंसी के अधिकारियों ने अदालत में किए। ये तीनों एनआइए के हिरासत पर थे। हिरासत पूरी होने पर शुक्रवार को इन तीनों को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया गया। तीनों को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे।

पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने तीनों आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ की थी।

यह मामला घाटी में आतंकी गतिविधियों को धन मुहैया कराने से संबंधित है और पाकिस्तान में मौजूद 2008 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य षड्यंत्रकारी जमात-उद दावा प्रमुख हाफिज सईद से जुड़ा है। आरोपियों की ओर से पेश अधिवक्ता एमएस खान ने कहा कि एनआइए की ओर से हिरासत में और पूछताछ का अनुरोध नहीं करने पर विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सुनवाई के दौरान एनआइए ने अदालत को बताया कि आरोपियों से इस समय कोई पूछताछ की जरूरत नहीं है। एनआइए का तर्क सुनने के बाद अदालत ने तीनों को 30 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सेबी ने प्रणय व राधिका रॉय पर लगाई दो साल की पाबंदी

पेज 1 का बाकी

भी लगाई। इन तीन ऋण करारों में एक आइसीआइसीआइ बैंक के साथ है जबकि दो अन्य करार बेहद कम ज्ञात कंपनी विश्वप्रधान कॉमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के साथ है।

थोक बिक्री का कारोबार करने वाली कंपनी विश्वप्रधान कॉमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 2008 में हुई और कहा जाता है कि बाद में इसका मालिकाना हक मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नाहटा समूह को दे दिया। नाहटा समूह वही कंपनी है जिसने मुकेश अंबानी के पुनः दूरसंचार क्षेत्र में उतरने के लिए 2010 में इंफोटेल ब्रॉडबैंड को खरीदा था। सेबी ने 51 पृष्ठों के अपने ताजा आदेश में कहा कि प्रणय रॉय, राधिका रॉय और आरआरपीआर होल्डिंग्स के सभी निदेशकों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर से प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री करने तथा प्रतिभूति बाजार से किसी भी तरह जुड़े रहने से प्रतिबंधित किया जाता है। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है। सेबी ने कहा कि प्रतिबंध की अवधि के दौरान म्यूचुअल फंड इकाइयों समेत उनके मौजूदा होल्डिंग्स जब्त रहेंगे। सेबी ने कहा कि एनडीटीवी के एक शेयरधारक क्वांटम सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने 2017 में शिकायतें की थीं। उसने आरोप लगाया था कि विश्वप्रधान कॉमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के साथ ऋण करारों को लेकर शेयरधारकों को दी जाने वाली सूचनाओं से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है।

# हड़ताल पर अड़े डॉक्टरों ने कहा, माफी मांगें ममता, रखीं छह शर्तें

पेज 1 का बाकी

मांग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने डॉक्टरों की हड़ताल को बाहरी लोगों की मदद का जिक्र कर भाजपा और माकपा पर उन्हें हवा देने का आरोप लगाया था। हड़ताली डॉक्टरों की मांग है कि मुख्यमंत्री को अस्पताल में जाकर डॉक्टरों से मिलना होगा और उनके दफ्तर को हमले की निंदा करनी होगी। डॉक्टरों ने हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा पूरे राज्य में जूनियर डॉक्टरों और चिकित्सा छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की भी शर्त रखी गई है।

इस बीच, जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के समर्थन में विभिन्न सरकारी अस्पतालों के 100 से ज्यादा वरिष्ठ चिकित्सकों ने सेवा से इस्तीफा दे दिया। अस्पतालों में तैनात जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार से इस्तीफे देने शुरू किए। कोलकाता, दार्जीलिंग, बर्दवान और उत्तर 24 परगना के मेडिकल कॉलेजों में तैनात सैकड़ों जूनियर डॉक्टरों ने विरोध में इस्तीफा दे दिया है। कलकत्ता स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के निदेशक डॉ. पी कुंडू ने त्यागपत्र में लिखा, 'ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर बर्बर हमले के खिलाफ प्रदर्शनरत एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों के मौजूदा घटनाक्रम पर पूरी एकजुटता जताते हैं।' नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के दवा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) दीपांजन बंद्योपाध्याय ने कहा, 'सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा की उनकी मांग का हम समर्थन करते हैं।' वहां के 119 डॉक्टरों ने इस्तीफा दिया है।

## दरअसल




# रेलवे टिकटों की बुकिंग में फर्जीवाड़ा

पेज 1 का बाकी

हुए पूरे देश में 13 जून को एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत देश भर में एक ही दिन और एक ही समय पर छापेमारी की गई। इसमें रेलवे सुरक्षा बल की अपराध शाखा, साइबर सेल और तकनीकी टीमों की मदद ली गई।

गड़बड़ी के सबसे अधिक मामले पूर्वोत्तर रेलवे में सामने आए हैं। आरपीएफ के मुताबिक इस अभियान को सफल बनाने के लिए देश भर में 141 शहरों में 276 जगहों पर यह मुहिम की चलाई गई थी। 386 दलाल देश में इस व्यवसाय में शामिल पाए गए। इनके पास से पकड़े गए टिकटों को रद्द कराने के आदेश दिए गए हैं। आरपीएफ ने जनता से अपील की है कि वे केवल रेलवे की वैध जगहों से ही टिकट की खरीदारी करें। रेलवे ने दलालों के ऑनलाइन यूजर आइडी की भी जांच शुरू कर दी है। सक्रिय दलालों पर कड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सके इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि मामलों की जांच करके ऐसे लोगों की तलाश करें, जो दोबारा इस मामले की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। टिकट के फर्जीवाड़े में सक्रिय लोगों के लिए जुर्माना प्रावधान और सख्त होंगे।

यह जानकारी आरपीएफ महानिदेशक अरुण कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए तय प्रावधानों में संशोधन किया जाएगा। वर्तमान में ऐसे मामले में पकड़े जाने पर केवल 500 रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। रेलवे की तरफ से केंद्र सरकार को जुर्माने और सजा को बढ़ाने की सिफारिश की गई है। पूर्व की सरकार में भी इसके लिए पहल की गई थी। लेकिन यह व्यवस्था लागू नहीं हो पाई थी। जल्द ही रेलवे इस व्यवस्था को लागू कराने के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा।

# घोषणापत्र में आतंक के खिलाफ भारतीय प्रस्ताव पर सहमति

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से सदस्य देशों ने सहमति जताई है। भारत के प्रस्ताव को घोषणापत्र में शामिल किया गया है। भारत ने प्रस्ताव रखा कि आतंकवाद को मदद पहुंचाने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए। सभी सदस्य देशों ने आतंक के हर रूप की निंदा की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद से मुकाबले में आपसी सहयोग बढ़ाने की अपील की।

एससीओ की राष्ट्राध्यक्ष परिषद के बिश्केक घोषणापत्र में भारत की तरफ से बार-बार उठाए जाने वाले सीमा पार आतंकवाद के पोषण के मुद्दे को जगह दी गई है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में अपने बयान में आतंक को मदद पहुंचाने वाले देशों को जवाबदेह ठहराने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, 'सभी सदस्य देशों ने आम सहमति से आतंक के खिलाफ बयान दिया है। ये सभी सदस्य देशों की तरफ से जारी घोषणापत्र में शामिल है। यह सभी देशों की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संकेत है।' घोषणापत्र में एससीओ ने माना कि सीमा-पार से आतंकवाद बड़ी चुनौती है। घोषणापत्र में आतंकवाद के हर स्वरूप की निंदा की गई है और इससे मुकाबले के लिए साझेदारी मजबूत करने पर जोर दिया गया है। एससीओ ने अपने सभी सदस्य देशों को आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र की प्रस्तावना को लागू करने के लिए कहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ में अपने भाषण के दौरान आतंकवाद का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। साथ ही, मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान भी यह मुद्दा उठाया और कहा कि पाकिस्तान से तब तक बातचीत संभव नहीं है जब तक वह आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाता। सदस्य देशों ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादी एवं चरमपंथी कृत्यों को सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद, आतंकवादी एवं चरमपंथी विचारधारा का फैलाव, जनसंहार के हथियारों का प्रसार, हथियारों की होड़ जैसी चुनौतियों और सुरक्षा संबंधी खतरे सीमा पार प्रकृति के होते जा रहे हैं। इन पर वैश्विक समुदाय द्वारा विशेष ध्यान देने, बेहतर समन्वय और रचनात्मक सहयोग करने की जरूरत है। बिश्केक घोषणापत्र के मुताबिक, 'सदस्य राष्ट्र आतंकवाद के हर स्वरूप की निंदा करते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय समुदाय का आह्वान करते हैं कि आतंकवाद से मुकाबले में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दें।'

# घर-घर जाकर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी भाजपा

## 2.20 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी पार्टी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी छह जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू करेगी। यह सदस्यता अभियान 10 अगस्त तक चलेगा और इसमें 2.20 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सदस्यता अभियान के लिए देश भर के लिए जल्द ही प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे।

इन सभी पदाधिकारियों की एक बैठक आगामी 17 जून को पार्टी मुख्यालय में होगी, जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करेंगे।

शिवराज चौहान ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ने कहा था कि भाजपा ने भले ही लोकसभा चुनावों में अब तक की सर्वाधिक सीटें जीती हों लेकिन उसे अभी और ऊपर जाना है।

पार्टी अध्यक्ष ने प्रमुख नेताओं से संगठन को नये क्षेत्रों में फैलाने और ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का अनुरोध किया। सदस्यता अभियान पार्टी संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस से शुरू होगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत का श्रेय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की अचूक रणनीति को दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने शानदार सफलता हासिल की है अभी सर्वोच्च आना बाकी है। अब देश के सभी राज्यों में संगठन का विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान में सभी बूथ पर फोकस किया जाएगा और पार्टी का लक्ष्य होगा कि कोई बूथ इसके दायरे से बाहर न रहे। यह अभियान पूरे देश में एक साथ चलेगा लेकिन कुछ राज्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कश्मीर घाटी, ओड़िश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, सिक्कम जैसे राज्य शामिल हैं। इन राज्यों में यह अभियान पूरी ताकत से चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 24 जून तक सभी प्रदेशों में सदस्यता से संबंधित बैठकें सम्पन्न हो जाएगी और एक जुलाई तक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी। विशेषतौर पर ऐसे बूथ जहां पर भाजपा कमजोर है, उन पर भाजपा कार्यकर्ता फोकस करेंगे। बूथ की पहचान हाल ही में आए चुनाव परिणाम से की जाएगी।

यह सदस्यता एक मिस कॉल से होगी। इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर जाएंगे और मिस कॉल करने वालों से फार्म भी भरवाएंगे। इससे सदस्यता का सत्यापन भी होता चला जाएगा।

# केरल : लापता पुलिसकर्मी की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई

कोच्चि, 14 जून (भाषा)।

कोच्चि नगर पुलिस की विशेष टीम ने लापता सर्किल इंस्पेक्टर (सीओ) की तलाश के लिए अभियान शुरू किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कोच्चि मध्य पुलिस थाना के सर्किल इंस्पेक्टर वीएस नवास गुरुवार की सुबह से लापता चल रहे हैं। बुधवार की रात वायरलेस सेट को लेकर अपने वरिष्ठ अधिकारी के साथ उनका कथित तौर पर विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि नवास की पत्नी ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर डीसीपी जी. पुंगुझाली के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष टीम मामले की जांच कर रही है।

तिरुवनंतपुरम में राज्य पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहेरा ने कहा कि विशेष टीम जल्द लापता अधिकारी को तलाश कर लेगी।

**kotak कोटक महिन्द्रा बैंक लि.**
पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बान्द्रा (ई) मुम्बई-400051
शाखा कार्यालयः 2रा तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1)] - कब्जा सूचना- (अचल सम्पत्ति के लिये)**

जैसा कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, ('सरफैसी अधिनियम') के अंतर्गत **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.**, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के आशय के अंतर्गत एक बैंकिंग कम्पनी जिसका पंजी. कार्यालय 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बान्द्रा (ई), मुंम्बई - 400051 में है, तथा शाखा कार्यालय 7वाँ तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 में है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 14 मार्च, 2019 ऋण खाता सं. आईएचएल-47041 के लिये जारी कर ऋणधारकों/ पार्टियों श्री शार्दुल कौशिक (ऋणधारक एवं मार्टगैजर), श्री पुलकित कौशिक (सह-ऋणधारक) को उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 25,29,185/- (रुपए पच्चीस लाख उन्तीस हजार एक सौ पचासी मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

उपरोक्त ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है आज, दिनांक 11 जून, 2019 को उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

यहां उपरोक्त ऋणधारक/ गारन्टर तथा मार्टगैजर तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे इस संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इस संपत्ति का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 25,29,185/- (रुपए पच्चीस लाख उन्नतीस हजार एक सौ पचासी मात्र) के साथ अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज, परवर्ती ब्याज, अनुषांगिक खर्चे, लागत तथा चार्जेज आदि के लिये कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

अधोलिखित सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्साः
"फ्लैट नं. 0606, 5वाँ तल, अरुणिमा पैलेस, जीएच-4, सेक्टर-4, वसुन्धरा, गाजियाबाद-201012"
चौहद्दीः उत्तरः साइट के अनुसार, दक्षिणः साइट के अनुसार, पूर्वः साइट के अनुसार, पश्चिमः साइट के अनुसार

तिथिः 11 जून, 2019, स्थानः गाजियाबाद (प्राधिकृत अधिकारी), कोटक महिन्द्रा बैंक लि.

## पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार

ठाणे, 14 जून (भाषा)। ठाणे जिले के मुंब्रा में शराब लाने में देरी से नाराज एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अशोका मार्केटिंग लिमिटेड**
**(CIN: L74899DL1948PLC005771)**
पंजी. कार्यालयः प्रथम् तल, एक्स्प्रैस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन नं.: 011-43540801, ईमेलः ashokamarketing1@gmail.com, वेबसाईटः www.ashokamarketing.co.in

**शेयरधारकों के लिये सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के अनुपालन में यह कम्पनी पोस्टल बैलॅट सूचना तिथि 7 जून, 2019 (पोस्टल बैलॅट सूचना) में निर्दिष्ट प्रस्तावों के संदर्भ में पोस्टल बैलॅट जिसमें इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई-वोटिंग) द्वारा मतदान शामिल हैं, के द्वारा शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त कर रही है।

कम्पनी ने 14 जून, 2019 को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र तथा पूर्व-प्रदत्त डाक-शुल्क युक्त स्व-पता लिखित व्यावसायिक जवाबी लिफाफे (भौतिक पद्धत्ति में प्रेषित दस्तावेजों के मामले में) के साथ पोस्टल बैलॅट सूचना का प्रेषण पूरा कर लिया है। उक्त दस्तावेजः क) इलेक्ट्रॉनिक रूप से ऐसे सदस्यों जिन्होंने कम्पनी अथवा उसके डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट के पास अपने ई-मेल के पते दर्ज कराये हों, को इलेक्ट्रॉनिक रूप से तथा ख) ऐसे सदस्यों जिन्होंने ऊपर निर्दिष्ट रूप में अपने ई-मेल आईडी दर्ज नहीं कराये हैं, को स्वीकृत पद्धत्ति में भौतिक फार्म में प्रेषित कर दी गई है।

ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कम्पनी ने सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की नियुक्ति की है। ई-वोटिंग के लिए निर्देश पोस्टल बैलॅट सूचना में दिये गये हैं। पोस्टल बैलॅट प्रपत्र के साथ पोस्टल बैलॅट सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.ashokamarketing.co.in तथा सीडीएसएल की वेबसाईट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् 7 जून, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा प्रबंधित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर (यदि शेयर्स डीमैट पद्धत्ति में धारित हो) में शामिल होगा, वे पोस्टल बैलॅट (ई-वोटिंग सहित) द्वारा पारित की जाने के लिये प्रस्तावित प्रस्ताव पर मतदान करने के लिये अधिकृत होंगे तथा पोस्टल बैलॅट सूचना के ऐसे किसी प्राप्तकर्ता जिन्हें उपरोक्त तिथि को मतदान का अधिकार नहीं हो, वे इसे केवल जानकारी के लिये ही देखें।

अन्य विवरण इस प्रकार हैंः
1. मतदान (पोस्टल बैलॅट तथा ई-वोटिंग) शुरू होने की तिथि एवं समयः शनिवार, 15 जून, 2019 (0900 बजे) में।
2. मतदान (पोस्टल बैलॅट तथा ई-वोटिंग) समाप्त होने की तिथि एवं समयः रविवार, 14 जुलाई, 2019 (1700 बजे) तक
3. उक्त तिथि एवं समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जायेगी।
4. रविवार, 14 जुलाई, 2019 (1700 बजे तक) के बाद सदस्यों से प्राप्त पोस्टल बैलॅट अवैध होगा तथा उक्त तिथि एवं समय के बाद पोस्ट अथवा ई-वोटिंग द्वारा मतदान की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5. सदस्य भौतिक पोस्टल बैलॅट प्रपत्र अथवा ई-वोटिंग में से मतदान की केवल एक ही पद्धत्ति का चयन कर सकते हैं। यदि सदस्य दोनों ही पद्धत्ति से मतदान करते हैं तो ई-वोटिंग द्वारा किया गया मतदान लागू होगा तथा भौतिक बैलॅट प्रपत्र द्वारा किया गया मतदान अवैध माना जायेगा।
6. जिस व्यक्ति का नाम पोस्टल बैलॅट सूचना के प्रेषण के बाद रजिस्टर में शामिल हो तथा जो कट-ऑफ तिथि को शेयर धारित करते हों, वे पोस्टल बैलॅट सूचना जो कम्पनी की वेबसाईट तथा सीडीएसएल की वेबसाईट में उपलब्ध है, में दी गई विस्तृत प्रक्रिया का अनुसरण कर यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यदि सदस्य ई-वोटिंग के लिये सीडीएसएल में पहले से ही पंजीकृत हैं तो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये वे अपने वर्तमान यूजर आईडी तथा पास्वर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
7. जिन सदस्यों को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है अथवा जो ई-मेल द्वारा उसे प्राप्त किये हों तथा भौतिक पोस्टल बैलॅट प्रपत्र द्वारा मतदान करने के इच्छुक हों, वे कम्पनी की वेबसाईट (www.ashokamarketing.co.in) से पोस्टल बैलॅट प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वे कम्पनी की पंजीकृत कार्यालय से भी डुप्लिकेट पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।
8. यदि ई-वोटिंग सहित पोस्टल बैलॅट द्वारा मतदान से संबंधित आपका कोई प्रश्न/समस्या हो, सदस्य अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर सकते हैंः

| | |
|---|---|
| नामः प्रियंका द्विवेदी<br>पदनामः कम्पनी सचिव<br>पताः प्रथम तल, एक्स्प्रैस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाहजफर मार्ग, नई दिल्ली-110002<br>ईमेल आईडीः<br>ashokamarketing1@gmail.com, फोन नं.: 011-43562982 | नामः श्री राकेश दल्वी<br>पदनामः प्रबंधक, सीडीएसएल<br>पताः ए विंग, 25 वां तल, मैराथन फ्युचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई-400013<br>ई-मेल आईडीः<br>helpdesk.evoting@cdslindia.com<br>फोन नम्बरः 1800225533 |

9. पोस्टल बैलॅट के परिणामों की घोषणा अधिकतम मंगलवार, 16 जुलाई, 2019 को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में कार्यावधि की समाप्ति तक की जायेगी। पर्यवेक्षक के रिपोर्ट के साथ पोस्टल बैलॅट का परिणाम उसे पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी की सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी तथा उसके कम्पनी की वेबसाईट www.ashokamarketing.co.in तथा सीडीएसएल की वेबसाईट www.evotingindia.com पर भी प्रकाशित किया जायेगा।

अशोका मार्केटिंग लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
प्रियंका द्विवेदी
कम्पनी सचिव

तिथिः 14 जून, 2019
स्थानः नई दिल्ली

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालयः 21, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008
वेबसाइट : www.psbindia.com, ईमेल : complianceofficer@psb.co.in
फोन : 011-25782926, 25812922
*जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है*

**सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यवसायिक गतिविधियों को परिचालित करने के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयरधारकों की नौवीं सामान्य बैठक 11 जुलाई, 2019 को प्रात: 10:00 बजे पंजाब एण्ड सिंध बैंक, स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज, प्लॉट संख्या 3, संस्थागत क्षेत्र, , सैक्टर-3, जयपुर गोल्डन अस्पताल के पास, रोहिणी, दिल्ली-110085 में आयोजित होगी :

**मद संख्या**

1. वित्तीय परिणामों अर्थात् 31 मार्च, 2019 को बैंक का लेखा परीक्षित तुलन-पत्र तथा लाभ-हानि खातों, बैंक की लेखों में सम्मिलित अवधि में गतिविधियों एवं कार्य-शैली पर निदेशक मण्डल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखाकारों की रिपोर्टों पर विचार करने, अनुमोदन करने तथा अंगीकार करने हेतु।

यह भी सूचित किया जाता है कि बैंक ने वार्षिक सामान्य बैठक में ई-मतदान/मतदान करने हेतु पात्र शेयरधारकों के नामों को सुनिश्चित करने की अंतिम तिथि 04.07.2019 निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त नौवीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में शेयरधारकों के रजिस्ट्रार और बैंक की शेयर अंतरण बहियां दिनांक 05.07.2019 से 11.07.2019 तक (जिसमें दोनो दिन सम्मिलित हैं) बंद रहेंगी।

कंपनीज (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 की शर्तों के अनुसार, बैंक नौवीं वार्षिक सामान्य बैठक में अपने शेयरधारकों को केन्द्रीय डिपॉजिटरी सेवाएं (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से दिनांक 08.07.2019 (प्रात: 10.00 बजे) से 10.07.2019 (सायंकाल 5.00 बजे) तक सभी एजेंडा मदों के लिए ई-मतदान की सुविधा प्रदान करेगा।

इस अवधि के दौरान, बैंक के शेयरधारकों जिनके पास शेयर भौतिक अथवा अभौतिक रूप में हैं, अंतिम तिथि 04.07.2019 को, अपना मतदान ईलैक्ट्रॉनिक रूप से कर सकते हैं। उसके बाद सीएसडीएल द्वारा मतदान प्रक्रिया रोक दी जाएगी। दिनांक 11.07.2019 को एजेंडा मदों हेतु ए.जी.एम. स्थल पर मतपत्रों द्वारा मतदान किया जाएगा। यद्यपि जिस शेयरधारक ने ई-मतदान के माध्यम से अपना वोट दिया है वह वार्षिक सामान्य बैठक में सहभागिता कर सकता है किंतु पोल में वोट नहीं कर सकता। बैठक की सूचना **www.psbindia.com** तथा **www.evotingindia.com** पर भी प्रदर्शित है।

शेयरधारक ई-मतदान वेबसाइट **www.evotingindia.com**, पर क्लिक कर, अपनी यूजर आईडी को (भौतक शेयरधारकों हेतु फोलियो संख्या) प्रविष्ट कर सकते हैं। सदस्यों जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं, सीधे कंपनी की सलेक्शन स्क्रीन पर जाएंगे। शेयरधारक जिनके पास डीमेट रूप में शेयर हैं, पासवर्ड सृजन मेनू पर जाएंगे जहाँ उनको अनिवार्य रूप से नई पासवर्ड फील्ड में अपना लॉगइन पासवर्ड फीड करना होगा। पंजाब एण्ड सिंध बैंक के लिए, ईवीएसएन पर क्लिक करें जिस पर सदस्यों को मतदान करना है। मतदान पृष्ठ "रिसॉल्यूशन विवरण" दर्शाएगा और इस समान विकल्प के विरुद्ध, मतदान हेतु "हाँ/नहीं" दर्शाएगा। **हाँ** का विकल्प, प्रस्ताव के प्रति आपकी सहमति सूचित करता है तथा **नहीं** का विकल्प, प्रस्ताव के प्रति आपकी असहमति सूचित करता है। यदि आप प्रस्ताव पर एक बार अपने वोट की पुष्टि कर देते हैं तब प्रणाली आपको उसमें संशोधन करने की अनुमति नहीं देगी। डीमेट रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों जिन्होने पूर्व में **www.evotingindia.com**, पर लॉगइन कर मतदान किया है, अपने वर्तमान पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। व्यक्तियों जिन्होने शेयर प्राप्त किए हैं नोटिस को प्रेषित करने के बाद शेयरधारक बने हैं, रिमोट ई-मतदान के लिए उक्त दी गई प्रक्रिया का उपयोग कर सकते हैं।

यदि ई-वोटिंग के संदर्भ में आपका कोई प्रश्न अथवा जिज्ञासा है तो प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न ("FAQs") पर जाएं तथा सहायता अनुभाग के अंतर्गत **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध ई-वोटिंग मेनुअल का अवलोकन करें या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** को ई-मेल करें या श्री वेन्सेसलॉस फ्रटडो, डिप्टी प्रबंधक, CDSL, 16वां माला, पी.जी. टॉवर, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुम्बई-400001 विंग ए मारटीन फ्यूचर एक्स, माफतलाल मिल्स परिसर, एनएम जोशी मार्ग, लोअर पेरेल (ई) मुम्बई-400013, दूरभाष नं. 18002005533 से संपर्क करें या श्री भारत भूषण, एसोशिएट उपाध्यक्ष, लिंक इनटाइम प्रा. इंडिया लिमिटेड, नॉबेल हाईट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच 2, सी 1, ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 दूरभाष नं. 011-41410592,41410593 को फोन करें या **delhi@linkintime.co.in** को ई-मेल करें।

नदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 14 जून, 2019

एस हरिशंकर
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

टिप्पणीः शेयरधारकों से भविष्य में ईलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा सभी संप्रेषणों को स्पीड पोस्ट/ई-मेल से प्राप्त करने हेतु अपने संबंधित डिपॉजिटरी सहभागियों के पास अपने ई-मेल पते और बैंक खातों का विवरणों को अद्यतित करने का अनुरोध किया जाता है। सभी शेयरधारकों को नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 स्पीड पोस्ट/ई-मेल द्वारा भेज दी गई है।

**Tulive Developers Limited**
tulive From GK Shetty
(Corporate Identification Number: L99999MH1962PLC012549)
**Registered Office:** 21/22, Loha Bhavan, P. D. Mello Road, Mumbai 400009;
**Corporate Office:** No. 5, 1st Street, Subbarao Avenue, Chennai – 600 006. **Tel. No.:** 044-28230222; **Email:** tulivedevelopers@gmail.com;
**Website:** www.tulivedevelopers.com; **Contact Person:** Mr. Sumit Mundhra, Company Secretary and Compliance Officer.

**POST BUYBACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF THE SHAREHOLDERS / BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF TULIVE DEVELOPERS LIMITED**

This post buyback public announcement ("**Post Buyback Public Announcement**") is being made in compliance with Regulation 24(vi) and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Buy-Back of Securities) Regulations, 2018, as amended ("Buyback Regulations") regarding completion of the Buyback. This Post Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the public announcement dated April 08, 2019 and the Letter of Offer dated May 09, 2019 ("**Letter of Offer**"). All capitalized terms, unless defined herein, shall have the meaning ascribed to them in the Public Announcement and the Letter of Offer.

1. **THE BUYBACK**

1.1 Tulive Developers Limited ("**Company**") had announced the Buyback of upto 4,80,000 (Four lakhs eighty thousand) fully paid-up equity shares of 10/- (Rupees Ten only) each ("**Equity Shares**"), representing approximately **18.22%** of the total number of equity shares in the issued, subscribed and paid-up equity share capital of the Company as at February 22, 2019 i.e. the date of the board meeting, from the eligible shareholders or beneficial owners of Equity Shares of the Company as on the record date i.e. April 22, 2019 ("**Record Date**"), on a proportionate basis, through the "Tender Offer" route at a price of **350**/- (Rupees Three Hundred Fifty only) per Equity Share for an aggregate amount not exceeding Rs. **16,80,00,000** (Rupees Sixteen Crores Eighty Lakhs only) excluding the Transaction Costs ("**Buyback Size**"), and such buyback of shares, the ("**Buyback**"). The Buyback Size is **24.81%** of the aggregate of the fully paid-up equity share capital and free reserves as per the latest audited standalone financials as at March 31, 2018.

1.2 The Company adopted the tender offer route for the purpose of the Buyback. The Buyback was implemented using the "Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange" notified by the SEBI vide circular CIR/CFD/POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016, including any amendments thereof, issued by SEBI.

1.3 The tendering period for the Buyback Offer opened on Wednesday, May 22, 2019 and closed on Tuesday, June 04, 2019.

2. **DETAILS OF BUYBACK**

2.1 4,80,000 (Four Lacs Eighty Thousand) Equity Shares were bought back under the Buyback, at a price of Rs. 350/- (Rupees Three Hundred Fifty only) per Equity Share.

2.2 The total amount utilized in the Buyback is Rs. **16,80,00,000** (Rupees Sixteen Crores Eighty Lakhs only) excluding the Transaction Costs.

2.3 **The details of the valid bids considered by the Registrar are as follows:-**

| Sr. No. | Category | No. of Equity Shares Reserved in the Buyback | No. of valid bids | Total Equity Shares validly tendered | % response |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reserved category for Small Shareholders | 42,993 | 36 | $ 5,440 | 12.65 |
| 2 | General Category for all other Equity Shareholders | $$4,74,560 | 5 | 19,74,268 | 416.02 |

*$ After partial rejection of 10 Equity Shares and full rejection of 255 Equity Shares*
*$$ Including 37,553 Equity Shares transferred from the reserved category for Small Shareholders*
*As per Certificate dated June 13, 2019 issued by the Registrar and Transfer Agent to the Buyback Offer*

2.4 All valid bids were considered for the purpose of acceptance in accordance with the Buyback Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance/ rejection was dispatched by the Registrar to the eligible Equity Shareholders on Friday, June 14, 2019.

2.5 The settlement of all valid bids was completed by Clearing Corporations on Friday, June 14, 2019. The Clearing Corporations have made direct funds payout to Eligible Shareholders whose shares have been accepted under the Buyback.

2.6 Equity Shares held in dematerialized form accepted under the Buyback were transferred to the Company Demat Account on Friday, June 14, 2019. The unaccepted dematerialized Equity Shares have been returned to respective Seller Member/custodians by the Clearing Corporations on Friday, June 14, 2019.

2.7 Company has applied for extinguishment of Equity Shares tendered under the Buyback and the same is expected to be completed by Friday, June 21, 2019.

2.8 The Company, and its respective directors, accept full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement and also accept responsibility for the obligations of the Company laid down under the Buyback Regulations.

3. **CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN**

3.1 The capital structure of the Company, pre and post Buyback, is as under:

**(Indian Rupees)**

| Parameters | Pre and Post-Buyback |
|---|---|
| Authorised Share Capital- 50,00,000 Equity Shares of Rs.10 each | 5,00,00,000 |

**(Indian Rupees)**

| Particulars | # Pre-Buyback | * Post-Buyback |
|---|---|---|
| Paid-Up Equity Share Capital | 2,63,43,750 (comprising of 26,34,375 fully paid-up Equity Shares of face value Rs. 10 each) | 2,15,43,750 (comprising of 21,54,375 fully paid-up Equity Shares of face value Rs. 10 each) |

*# As on the Record Date and as disclosed in the Letter of Offer*
**Subject to extinguishment of 4,80,000 Equity Shares*

3.2 **Details of shareholders from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares accepted for buyback are as mentioned below:**

| Sr. No. | Name of the Shareholders | $ Number of Equity Shares Accepted for Buyback | $ Equity Shares accepted as a % of total Equity Shares bought back (%) | Equity Shares accepted as a % of total Post Buyback Equity Shares (%)* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Atul Gupta | 2,35,988 | 49.16 | 10.95 |
| 2 | Mr. Ramanna Shetty | 2,35,860 | 49.14 | 10.95 |

*$ Total 4,80,000 Equity Shares accepted under the Buyback Offer*
**Subject to extinguishment of 4,80,000 Equity Shares*
*As per Certificate dated June 13, 2019 issued by the Registrar and Transfer Agent to the Buyback Offer*

3.3 **The shareholding pattern of the Company before the Buyback, i.e., as on the Record Date i.e. April 22, 2019 and post Buyback, is as under:**

| Category of Shareholder | No. of Shares Pre- Buyback | % to the existing Equity Share capital | No. of Shares- Post Buyback* | % to the existing Equity Share capital |
|---|---|---|---|---|
| Promoter and Promoter Group | 19,62,988 | 74.51 | 14,91,140 | 69.21 |
| Public | 6,71,387 | 25.49 | 6,63,235 | 30.79 |
| Total | 26,34,375 | 100 | 21,54,375 | 100 |

**Subject to extinguishment of 4,80,000 Equity Shares*

4. **MANAGER TO THE BUYBACK**

SAFFRON
energising ideas
**SAFFRON CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED**
605, Sixth Floor, Centre Point, Andheri-Kurla Road, J. B. Nagar, Andheri (East), Mumbai - 400 059. **Tel. No.:** +91 22 4082 0914, **Fax No.:** +91 22 4082 0999
**Email id:** buybacks@saffronadvisor.com; **Website:** www.saffronadvisor.com; **Investor grievance:** investorgrievance@saffronadvisor.com
**SEBI Registration Number:** INM000011211; **Contact Person:** Amit Wagle/Shikha Jain

5. **DIRECTOR'S RESPONSIBILITY**

As per Regulation 24 of the Buyback Regulations, the Board of Directors of the Company accept full and final responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement. This Post Buyback Public Announcement is issued under the authority of the Board of Directors through resolution passed by the Board of Directors at their meeting held on February 22, 2019 and Shareholders resolution dated April 05, 2019 passed through Postal Ballot.

**For and on behalf of the Board of Directors of Tulive Developers Limited**

| S Venkataramani | Atul Gupta | Sumit Mundhra |
|---|---|---|
| Director | Director | Company Secretary and Compliance Officer |
| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
| DIN: 00053043 | DIN: 01608328 | ICSI Membership Number: 41507 |

**Place:** Chennai
**Date:** June 14, 2019

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

**परिसम्पत्ति वसूली प्रबंध शाखा, प्रथम तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008**

**इरादतन चूककर्ता के फोटोग्राफ के प्रकाशन के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित खातों के ऋणधारकों / गारन्टरों ने बैंक से ऋण सुविधाऐं प्राप्त की थी तथा उसके पुनर्भुगतान में चूक के कारण उनके खातों को दर्शाई गई तिथियों को एनपीए घोषित कर दिया गया है। बैंक द्वारा इन ऋणधारकों / गारन्टरों को "इरादतन चूककर्ता" घोषित कर दिया गया है। इन ऋणधारकों / गारन्टरों को उस पर आगे के ब्याज तथा अन्य लागतों / धन के साथ नीचे वर्णित राशि का बैंक को भुगतान करना है जिसके लिये बैंक ने उनके विरुद्ध वसूली कार्यवाही शुरु की है। जन हित में सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा इरादतन चूककर्ता घाषित कर दिये जाने के बाद ऋणधारक किसी भी बैंक / वित्तीय संस्थान से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिये अधिकृत नहीं है।


श्री योगेश चावला

खाता का नाम : **मै. चावला ट्रेडर्स**
एनपीए तिथि : **30.06.2012**
बकाया राशी : रु **3,93,79,000/- 30.06.2012** से ब्याज लागत एवं अन्य षुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र : रु : **3,80,00,000/-** 01


श्री सुदर्शन लाल मारवा

खाता का नाम : **मै. जीबीएस ट्रेडिंग**
एनपीए तिथि : **30.06.2012**
बकाया राशी : रु **3,23,64,000/-**
**30.06.2012** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **3,00,00,000/-** 02


श्री सुरेन्दर सिंह चंढोक

खाता का नाम : **मै. नैशनल ट्रेडर्स**
एनपीए तिथि : **01.09.2012** बकाया राशी : रु **3,40,43,000/- 01.09.2012** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु : **4,90,00,000/-** 03


श्रीमति सरोज मारवाह

खाता का नाम : **मै एस. एम. ट्रेडर्स**
एनपीए तिथि : **30.06.2012**
बकाया राशी : रु **2,58,65,000/-**
**30.06.2012** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **2,50,00,000/-** 04


श्रीमति रचना सरीन

खाता का नाम : **मै. कृष्णा कलैक्शन**
एनपीए तिथि : **19.11.2012**
बकाया राशी : रु **13,08,68,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु : **6,91,76,000/-** 05


श्री राजेश कुमार सिंह

खाता का नामः **मै. सफायर इंटरनैशनल ट्रेडर्स**
एनपीए तिथि : **29.05.2012**
बकाया राशी : रु **10,89,94,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **3,50,00,000/-** 06


श्री ब्रज भान सिंह

खाता का नाम : **मै. मैक्स एंटरप्राइजिस**
एनपीए तिथि : **29.05.2012**
बकाया राशी : रु **10,66,58,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु : **3,50,00,000/-** 07


श्री अनूप कुमार गुप्ता

खाता का नाम : **मै. श्री राम ऐजेंसीज़**
एनपीए तिथि : **15.01.2013**
बकाया राशी : रु **15,55,46,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **7,50,00,000/-** 08


श्री नरेंद्र पाल सिंह

खाता का नामः **मै. विनोद स्टील टयूबस**
एनपीए तिथि : **21.08.2012**
बकाया राशी : रु **6,90,56,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु : **3,75,00,000/-** 09


श्री अशवनी जे वर्मा

खाता का नामः **मै. नानक स्टील प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **31.03.2007**
बकाया राशी : रु **20,82,03,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **7,80,00,000/-** 10


श्री अंकुर सचदेवा

खाता का नामः **मै. एडीएस हाईटेक पॉलीमर प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **30.09.2011**
बकाया राशी : रु **26,99,60,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु **17,60,00,000/-** 11


श्री पवन गौड़

खाता का नामः **मै. क्राफटैक रैपिड टैक्नोलॉजीस प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **31.03.2011**
बकाया राशी : रु **18,77,72,000/-**
**31.03.2019** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़रः रु : **11,33,35,000/-** 12


श्री पी के तिवारी

खाता का नामः**मै महुआ मीडिया प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **31.12.2011**
बकाया राशी : रु **1,04,85,92,000/-**
**31.12.2011** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु :**105,32,00,000/-** 13


श्री सुनील कुमार सरकी

खाता का नामः **मै सरकी ट्रेडिंग क.**
एनपीए तिथि : **30.06.2014**
बकाया राशी : रु **247,39,892/-**
**30.06.2014** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **2,40,00,000/-** 14


श्री पवन गर्ग

खाता का नाम : **मै. एप्पल इंडस्ट्रीज**
एनपीए तिथि : **31.03.2014**
बकाया राशी : रु **3,04,26,31,854.49/-**
**30.04.2015** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रुः **238,24,00,000/-** 15


श्री आशिष गर्ग

खाता का नामः**मै. एप्पल कोमॉडिटीज़ लि.**
एनपीए तिथि : **31.03.2014**
बकाया राशी : रु **81,01,75,708.86/-**
**31.12.2013** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **70,00,00,000/-** 16


श्री गुरमीत सिंह

श्री अजय चौहान

खाता का नाम : **मै. ट्रु ब्लूज़ क्लॉथिंग**
एनपीए तिथि : **30.06.2014**
बकाया राशी : रु **2,89,66,701/-**
**30.06.2014** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **2,50,00,000/-** 17


श्री संजीव गुप्ता

खाता का नामः **मै. सिक्योर फार्मा प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **31.12.2010**
बकाया राशी : रु **2,53,39,000/-**
**31.12.2010** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **5,43,00,000/-** 18


श्री अशोक अग्गवाल

श्री किरण अग्गवाल

खाता का नामः**मै. कृष्णा इंटरनैशनल प्रा. लि.**
एनपीए तिथि : **29.09.2011**
बकाया राशी : रु **1,66,23,5000/-**
**29.09.2011** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रुः **22,00,00,000/-** 19


श्री संजय बंसल

खाता का नामः **मै. दर्श कनस्ट्रक्शन**
एनपीए तिथि : **30.06.2014**
बकाया राशी : रु **391,28,495/-**
**30.06.2014** से ब्याज लागत एवं अन्य शुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रुः **3,50,00,000/-** 20


श्रीअनिल भारगवा

श्रीअरविंद भारगवा

श्री मुकेश भारगवा

खाता का नाम : **मै. पाम फार्मा दिल्ली इंडस्ट्रीज लि.**
एनपीए तिथि : **31.03.1998** बकाया राशी रु **29,13,93,000/-**
**31.03.1998** से ब्याज लागत एवं अन्य षुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **36,40,00,000/-** 21


श्री सन्नी कालरा

श्री संजय कालरा

श्री संजीव नागपाल

खाता का नामः **मै. काव्या आयरन एण्ड स्कॉफोलडिंग लि.**
एनपीए तिथि:**30.06.2014**
बकाया राशी :रु **3,84,98,051/-**
**30.06.2014** से ब्याज लागत एवं अन्य षुल्क, कुल स्वीकृत एक्सपोज़र रु : **3,50,00,000/-** 22

**Date: 14.06.2019**
**Place: New Delhi**
**Branch Incumbent**



चीन के साथ प्रत्यर्पण पर प्रस्तावित विधेयक के खिलाफ शुक्रवार को हांगकांग में प्रदर्शन करते नागरिक।

# रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद पर अमेरिका ने फिर भारत को आगाह किया

वाशिंगटन,14 जून (भाषा)।

- कहा, इस खरीद से सहयोग पर पड़ेगा असर
- 'एस-400' रूस का सबसे आधुनिक सतह से हवा तक लंबी दूरी वाला मिसाइल रक्षा तंत्र

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका भारत की रक्षा जरूरतों को आधुनिक प्रौद्योगियों और साजो सामान के साथ पूरा करने में मदद के लिए तैयार है। इसी के साथ उसने आगाह किया कि भारत का रूस से लंबी दूरी का 'एस-400 मिसाइल रक्षा तंत्र' खरीदने से सहयोग पर असर पड़ सकता है।

ट्रंप प्रशासन का यह बयान अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कुछ सप्ताह पहले दी गई ऐसी ही एक चेतावनी के बाद आया है। अधिकारी ने कहा था कि भारत के रूस से मिसाइल तंत्र खरीद के भारत-अमेरिका रक्षा संबंध पर 'गंभीर-निहितार्थ' होंगे।

विदेश मंत्रालय की विशेष अधिकारी एलिस जी वेल्स ने एशिया, प्रशांत एवं परमाणु अप्रसार के लिए विदेश मामलों में सदन की उपसमिति को बताया कि अमेरिका अब किसी अन्य देश के मुकाबले भारत के साथ सबसे अधिक सैन्य अभ्यास करता है।

उन्होंने कहा,'ट्रंप प्रशासन के अंतर्गत हम इस बात को लेकर बेहद स्पष्ट हैं कि हम भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए तैयार हैं और कांग्रेस ने भारत को जो 'अहम रक्षा साझेदार' का दर्जा दिया है उस पर अलग तरीके की रक्षा साझेदारी चाह रहे हैं।' वह कांग्रेस की उप समिति में भारत के रूस से 'एस-400' तंत्र की खरीद और भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को जितना हो सके उतना मजबूत और सार्थक बनाने पर बोल रही थीं।

उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले भारत, अमेरिका, फिलीपींस और जापान ने दक्षिण चीन सागर में नौवहन किया था।

वेल्स ने कहा, 'हम अपने द्विपक्षीय,त्रिपक्षीय तथा चतुष्कोणीय फॉर्मेट में उस तरीके से मिल कर काम कर रहे हैं जिसके बारे में दस साल पहले तक हमने सोचा तक नहीं था। और इसलिए हम चाहेंगे कि हमारे सैन्य संबंधों के सभी आयम इस नए साझेदारी तक पहुंचे।' उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि भारत की रूसी हथियारों पर निर्भरता पुराने समय से है। उन्होंने कहा कि 'एस-400' के साथ चिंता की बात यह है कि यह 'हमारी अपनी आपसी क्षमता को बढ़ाने' की भारत की क्षमता को घटा देगा।

वेल्स ने अपने संबोधन में कहा कि एक खास मोड़ पर पहुंच कर भारत को निर्णय लेना पड़ेगा कि वह क्या हथियार तंत्र और मंच चुनता है।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, 'यह ऐसा मामला है कि दस साल पहले तक हम भारत को उतने सैन्य साजो सामान की पेशकश नहीं करते थे जितना हम आज देने के लिए तैयार हैं। हम भारत के साथ बातचीत कर रहे है कि हम अपने रक्षा संबंधों को किस प्रकार से बढ़ा सकते हैं।'

## फर्जी खाता मामले में जरदारी की बहन गिरफ्तार

इस्लामाबाद, 14 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के शीर्ष भ्रष्टाचार विरोधी निकाय ने फर्जी बैंक खातों के जरिए धनशोधन से जुड़े एक मामले में पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बहन को गिरफ्तार किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी है। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकारियों ने फरयाल तालपुर (61) को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया। इससे पहले सोमवार को उनके भाई और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी को गिरफ्तार किया गया था।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने फर्जी बैंकों खातों से कथित रूप से धनशोधन के एक बहुचर्चित मामले में सोमवार को दो नेताओं की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। अदालत ने ब्यूरो को जरदारी और तालपुर को गिरफ्तार करने की अनुमति दे दी। उनके पास देश के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का विकल्प है। जियो न्यूज ने ब्यूरो के अधिकारियों के हवाले से कहा कि तालपुर को उनके इस्लामाबाद आवास में ही हिरासत में रखा जाएगा। उनके आवास को उप-जेल घोषित किया गया है।

## वाइट हाउस को अलविदा कहेंगी सारा सैंडर्स : ट्रंप

वाशिंगटन, 14 जून (भाषा)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स इस महीने के अंत में अपना पदभार छोड़ देंगी। ट्रंप की इस चौंकाने वाली घोषणा के बाद सैंडर्स के अरकांसस का गवर्नर बनने की अटकलें तेज हो गई हैं।

ट्रंप ने ट्वीट किया, 'साढ़े तीन साल बाद, सारा हुकाबी सैंडर्स इस महीने के अंत में वाइट हाउस को अलविदा कहेंगी और अपने गृह राज्य अरकांसस का रुख करेंगी।' राष्ट्रपति ने लिखा, 'वह असाधारण प्रतिभा की धनी एक प्रतिभाशाली शख्स हैं, जिन्होंने बेहतरीन काम किया। मैं उम्मीद करता हूं कि वह अरकांसस के गवर्नर पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश करेंगी। वह इसके लिए बेहतरीन रहेंगी। सेवाओं के लिए सारा आपका शुक्रिया।'

सैंडर्स (36) के पिता माइक हुकाबी भी अरकांसस के गवर्नर रह चुके हैं।ट्विटर पर घोषणा करने के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में भी सैंडर्स की तारीफ की। इस महीने की शुरुआत में भारतीय अमेरिकी राज शाह ने भी वाइट हाउस के उप प्रेस सचिव पद से इस्तीफा दे दिया था।

## क्राइस्टचर्च मस्जिद हमले के आरोपी ने खुद को बताया बेकसूर

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), 14 जून (एएफपी)।

क्राइस्टचर्च में गोलीबारी कर 51 लोगों की हत्या करने के आरोपी ने शुक्रवार को कहा कि वह लोगों की हत्या करने और आतंकवाद संबंधी आरोपों का दोषी नहीं है। आरोपी ब्रेंटन टैरेंट क्राइस्टचर्च उच्च न्यायालय में ऑकलैंड की अत्यधिक सुरक्षा वाली जेल से 'ऑडियो-विजुअल लिंक' के माध्यम से पेश हुआ। टैरेंट के वकील ने कहा कि उनका मुवक्किल 'आरोपों के लिए दोषी नहीं है'।

## यमन विद्रोहियों के पांच ड्रोन विमानों को नष्ट किया

रियाद ,14 जून (एएफपी)।

सऊदी बलों ने ईरान समर्थित यमन विद्रोहियों की ओर से हमले के लिए भेजे गए पांच ड्रोन विमानों को नष्ट कर दिया। रियाद के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने यह जानकारी दी।सऊदी अरब के सरकारी मीडिया ने गठबंधन सेना की ओर से जारी बयान के हवाले से बताया कि इन ड्रोन विमानों ने अभा हवाईअड्डे को निशाना बनाया।

इसके अलावा ड्रोन विमानों का निशाना नजदीक का खामिस मुसैत शहर भी था जहां एक महत्त्वपूर्ण एअरबेस स्थित है। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब वाशिंगटन ने ईरान पर ओमान की खाड़ी में दो तेल टैंकरों पर हमले के आरोप लगाए हैं। रणनीतिक समुद्री मार्ग पर तेल टैंकरों पर हमले की यह एक महीने में दूसरी घटना है। गठबंधन सेना ने अपने बयान में कहा, 'सऊदी हवाई रक्षा बलों और वायुसेना ने हुती विद्रोहियों द्वारा अभा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और खामिस मुसैत की ओर भेजे गए पांच मानवरहित ड्रोन विमानों को बीच में ही रोककर उन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।'

## अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर बच्ची का शव मिला

ह्यूस्टन, 14 जून (भाषा)।

अमेरिका-मेक्सिको सीमा क्षेत्र के दूरदराज एवं खाली क्षेत्र में सात वर्षीय एक बच्ची का शव मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह भारतीय है। अमेरिकी राजस्व एवं सीमा सुरक्षा विभाग ने इसकी जानकारी दी। अमेरिकी सीमा गश्त के कमियों ने एरिजोना के लुकेवेल से 27 किलोमीटर पश्चिम में बुधवार को बच्ची का शव बरामद किया।

टस्कन प्रमुख गश्त एजंट ने कहा कि उनकी संवेदनाएं उस छोटी बच्ची और उसके परिवार के साथ है। एजंसी ने एक बयान में बताया कि यह बच्ची चार अन्य लोगों के साथ यात्रा कर रही थी और उसे मानव तस्करों ने सीमा के निकट छोड़ दिया था। तस्करों ने यहां लोगों को खतरनाक स्थान से गुजरने का आदेश दिया था। गश्त अधिकारियों को यह जानकारी दो भारतीय महिलाओं से पूछताछ के दौरान मिली। ये महिलाएं पूछताछ के दौरान बता रही थीं कि वह अमेरिका कैसे पहुंची और और कैसे एक महिला और दो बच्चे कुछ घंटे पहले उनसे अलग हो गए।

## दक्षिण एशियाई देशों के सामने गरीबी व अशिक्षा से लड़ने की चुनौती : इमरान

बिश्केक, 14 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण एशिया में टिकाऊ शांति एवं समृद्धि तब तक नहीं आ सकती, जब तक कि क्षेत्रीय समीकरण को टकराव की स्थिति से निकाल कर सहयोग में नहीं तब्दील कर दिया जाए।

खान ने 19वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को यहां संबोधित करते हुए कहा कि दक्षिण एशियाई देशों को गरीबी, निरक्षरता, रोग और अल्प विकास जैसे साझा दुश्मनों से चुनौती मिल रही है।

रेडियो पाकिस्तान के अनुसार खान ने कहा, 'दक्षिण एशिया में टिकाऊ शांति एवं समृद्धि तब तक नहीं आ सकती, जब तक कि इस क्षेत्र को टकराव की स्थिति से निकाल कर सहयोग (वाले क्षेत्र) में तब्दील नहीं कर दिया जाता है।' उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद और अनसुलझे विवाद इसे और भी पेचीदा बना रहे हैं। लंबित मुद्दों के शांतिपूर्ण हल के लिए और क्षेत्रीय समृद्धि के सामूहिक प्रयासों के लिए अवसरों का लाभ उठाना होगा।

खान ने यह भी कहा कि पाकिस्तान सभी तरह के आतंकवाद की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि उनका देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम उन कुछ देशों में शामिल हैं जिसने सफलतापूर्वक आतंकवाद को परास्त किया है। खान ने अफगान शांति वार्ता का जिक्र करते हुए कहा कि आखिरकार यह महसूस किया जा रहा है कि अफगानिस्तान में संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है।

## स्विट्जरलैंड में उचित वेतन के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

जिनेवा, 14 जून (एपी)।

समूचे स्विट्जरलैंड में महिलाएं उचित वेतन, और अधिक समानता तथा यौन उत्पीड़न एवं हिंसा की रोकथाम की मांग को लेकर अपनी-अपनी नौकरियां छोड़ कर सड़कों पर उतर आई हैं। महिलाएं अपने अंतःवस्त्रों को जला कर रोष प्रकट कर रही हैं और प्रदर्शन कर रही हैं। देश में 28 साल में इस तरह का महिलाओं का यह पहला प्रदर्शन है।

लैंगिकता को लेकर नाराजगी और कार्यस्थल पर जड़ें जमाती असमानता को लेकर बढ़ते आक्रोश ने 'महिला आंदोलन' को जन्म दिया। इनमें कई महिलाएं घरेलू सहायिकाओं, शिक्षिकाओं और देखभाल का काम करने वाली महिलाओं के लिए अधिक वेतन की मांग कर रही हैं। आम तौर इस तरह का काम महिलाएं ही करती हैं।

लौसेन में आधी रात में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एकजुट हुईं और शहर के कैथेड्रल में रैली निकालते हुए शहर के केंद्र की ओर मार्च निकाला, जहां उन्होंने लकड़ियों में आग लगायी और फिर उस आग में अपनी टाई, अंतःवस्त्रों को फेंक दिया। महिलाओं के इस प्रदर्शन को 'पर्पल वेव' कहा गया क्योंकि इस प्रदर्शन के लिए महिलाओं ने पर्पल (जामुनी) रंग को चुना था।

## ईरान ने अमेरिका के आरोपों को किया खारिज, तनाव बढ़ा

दुबई, 14 जून (एएफपी)।

**तेल टैंकरों पर हमला**

- ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के दौरान यूरोपीय संघ ने 'अधिकतम संयम' बरतने का आह्वान किया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी कि विश्व खाड़ी में टकराव को झेलने की स्थिति में नहीं है।
- अमेरिकी सेना के जहाजों में से एक के निचले हिस्से से पोतरोधी बारूदी सुरंग चिपकी होने की बात कहने के बाद पोम्पिओ ने कहा कि ईरान की संलिप्तता के ठोस साक्ष्य हैं।

ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि 'ओमान की खाड़ी' में गुरुवार को दो तेल टैंकरों पर हुए हमलों के पीछे तेहरान का हाथ है। इसके बाद से ही विश्व में तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने चेतावनी दी कि वॉशिंगटन क्षेत्र में अपने बलों और सहयोगियों की रक्षा करेगा। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस मामले पर बुलाई बैठक में भी अमेरिका ने अपना मामला रखा।

विदेश मंत्री जवाद ज़रीफ ने एक ट्वीट में कहा, 'अमेरिका ने बिना किसी तथ्यात्मक या परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के तुरंत ईरान पर आरोप लगा दिए।' उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे की ईरान यात्रा के बीच कूटनीति का गला घोंटना चाहते हैं और ईरान के खिलाफ अपने आर्थिक आतंकवाद पर पर्दा डालना चाहते हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के दौरान यूरोपीय संघ ने 'अधिकतम संयम' बरतने का आह्वान किया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी कि विश्व खाड़ी में टकराव को झेलने की स्थिति में नहीं है।

अमेरिकी सेना के जहाजों में से एक के निचले हिस्से से पोतरोधी बारूदी सुरंग चिपकी होने की बात कहने के बाद पोम्पिओ ने कहा कि ईरान की संलिप्तता के ठोस साक्ष्य हैं। इस बीच लंदन ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत में 2.2 फीसद का उछाल आया, जिससे एक बैरल 61.31 अमेरिकी डॉलर हो गया। वहीं न्यूयॉर्क में 'वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट' 2.2 फीसद उछाल के साथ 52.28 अमेरिकी डॉलर हो गया।

इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप की वरिष्ठ विश्लेषक एलिजाबेथ डिकिन्सन ने कहा, 'इस नए तरीकों के हमलों के चलते हम क्षेत्र में एक खतरनाक स्थिति में हैं।' ओमान की खाड़ी में गुरुवार को संदिग्ध हमलों के बाद दो टैंकरों में आग लग गई थी।

ईरान और अमेरिका में तनाव के बीच यह संदिग्ध घटना हुई, जिसने पिछले महीने इस रणनीतिक समुद्री इलाके में ऐसे ही हमलों को लेकर इस्लामिक गणराज्य की तरफ उंगली उठाई थी।

## अमेरिका का दावा, ईरान ने तेल टैंकर से बम हटाए

दुबई, 14 जून (एपी)।

अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ईरान के 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' ने होरमुज जलसंधि के पास निशाना बनाए गए एक तेल टैंकर से बम हटाए थे। अमेरिका ने यह वीडियो जारी कर यह साबित करने का प्रयास किया कि ईरान ने घटना में अपनी संलिप्तता के साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया।

अमेरिकी नौसेना ईरान के तट पर ओमान खाड़ी में संकटग्रस्त पोतों की मदद के लिए गई थी। पोतों के संचालकों ने फिलहाल स्पष्ट नहीं किया है कि नार्वे के स्वामित्व वाली 'एमटी फ्रंट अल्टायर' और जापान की मिल्कियत वाले 'कोकुका करेजियस' पोतों को किसने और क्या नुकसान पहुंचाया।

इन पोतों में पेट्रोलियम पदार्थ भरा था और 'फ्रंट अल्टायर' में घंटों आग लगी रही जिससे घना और काला धुआं उठा।

ईरान ने इस हमले में शामिल होने से इनकार किया है और इसे अमेरिका के 'ईरान विरोधी अभियान' का 'निराधार दावा' करार दिया है। हालांकि ईरान 1987 और 1988 में ''टैंकर युद्ध'' के दौरान तेल टैंकरों के खिलाफ बमों का इस्तेमाल कर चुका है, जब अमेरिकी नौसेना इस क्षेत्र से गुजरने वाले पोतों की रक्षा करता थी।

## अपने पांच बच्चों की हत्या के जुर्म में अमेरिकी को मौत की सजा

वाशिंगटन, 14 जून (एएफपी)।

अपने पांच बच्चों की हत्या के जुर्म में दोषी ठहराए गए एक अमेरिकी व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई गई। हालांकि उसकी पत्नी ने यह कहते हुए अपने पति की जान बख्शे जाने की मांग की थी कि बच्चे अपने पिता से बहुत प्यार करते थे।

आरोपी टिमोथी जोन्स (37) के मामले की सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि उनका मुवक्किल 'सीजोफ्रेनिक' है इसलिए वह इस हालत में नहीं है कि उसके खिलाफ मामला चलाया जा सके।

जोन्स को 2014 में अपने पांच बच्चों (जिनकी उम्र एक से आठ साल के बीच थी) की हत्या का दोषी पिछले साल ठहराया गया था। दोषी की पत्नी ने जब दक्षिण कैरोलीना की अदालत में ज्यूरी से अपने पूर्व पति को जिंदा रहने देने की अपील की तो पूरी अदालत स्तब्ध रह गई।

खबरों के मुताबिक उसकी पत्नी अंबर केजर ने कहा,'उसने मेरे बच्चों पर किसी तरह की कोई दया नहीं दिखाई लेकिन बच्चे उसे प्यार करते थे और अगर मैं अपनी ओर से नहीं, बच्चों की तरफ से बोलूं तो मुझे बस यही कहना है।' केजर ने कहा कि उसने बच्चों का संरक्षण जोन्स को इसलिए दिया था क्योंकि एक कंप्यूटर इंजीनियर के तौर पर वह उससे ज्यादा कमाता था।

## पचास साल पहले जब 'अपोलो 11' ने रखा था चांद पर कदम

वॉशिंगटन, 14 जून (एएफपी)।

चांद पर पहली बार कदम रखने वाले अमेरिका के 'अपोलो 11' अभियान के रोमांचक और दिलचस्प किस्से अभियान के 50 साल बाद भी याद किए जाते हैं। अपोलो 11 यों तो योजना मुताबिक चंद्रमा की यात्रा पर निकला था, लेकिन यान के चांद पर कदम रखने से पहले के वह 20 मिनट बड़े तनावपूर्ण थे, क्योंकि यान के दल को एक साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में 20 जुलाई, 1969 का वह दिन बेहद अहम दिन होने वाला था, तभी अचानक ह्यूस्टन स्थित मिशन के नियंत्रण से यान का रेडियो संपर्क टूट गया।

यान में एडविन 'बज' आल्ड्रिन और मिशन कमांडर नील आर्मस्ट्रांग मौजूद थे। यान का लूनर मॉड्यूल 'ईगल' आधा रास्ता तय कर चांद पर उतरने ही वाला था कि तभी यान में खतरे की घंटी बज उठी। ईगल यान के मुख्य हिस्से कमांड मॉड्यूल कोलंबिया से दो घंटे पहले ही अलग हो चुका था, जिसमें चालक दल के तीसरे सदस्य माइकल कोलिंस मौजूद थे।

बेहद प्रतिभाशाली टेस्ट पायलट और एयरोनॉटिकल इंजीनियर रहे आर्मस्ट्रांग के लिए यह बहुत तनावपूर्ण समय था, जो बहुत कम बोलने के लिए मशहूर थे। उनके नीचे चंद्रमा के क्रेटर (गड्ढे) बड़ी तेजी से घूम रहे थे। आर्मस्ट्रांग ने सोचा कि इस तरह से तो वह लोग तय जगह से मीलों दूर उतरेंगे। उन्होंने तुरंत नई जगह तलाश करनी शुरू कर दी, लेकिन उपयुक्त स्थान तलाश करने में उन्हें मुश्किल हो रही थी। उन्होंने आल्ड्रिन से कहा कि बहुत चट्टानी क्षेत्र है।

आल्ड्रिन कंप्यूटर पर उन्हें लगातार यान की गति और ऊंचाई का माप बता रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अच्छी तरह से नीचे आ रहे हैं। आर्मस्ट्रांग ने पूछा कि क्या इस क्रेटर पर उतरना सही होगा? इस बीच यान का ईंधन भी तेजी से कम हो रहा था। समय निकलता जा रहा था और ह्यूस्टन से लगातार ईंधन की खपत संदेश भेजे जा रहे थे। अंततः वहां से संदेश भेजा गया कि मात्र 30 सेकंड बचे हैं। दरअसल, 20 सेकंड शेष रहने पर या तो 'ईगल' को चांद पर कदम रखना या फिर उसे अपना मिशन खत्म करना पड़ता।

आर्मस्ट्रांग शांत भाव से ध्यान केंद्रित करते हुए अपने समूचे अनुभव का इस्तेमाल कर रहे थे कि तभी आल्ड्रिन की आवाज आई, कॉन्टैक्ट लाइट, जिसका अर्थ था यान के पहिए के फुट सेंसर ने चांद की सतह को छू लिया था। इंजन भी बंद हो चुका था। आर्मस्ट्रांग ने संदेश ह्यूस्टन, ट्रांक्यूलिटी बेस को संदेश भेजा, ईगल चांद पर कदम रख चुका है और इस तरह इतिहास के पन्नों में इन तीन वैज्ञानिकों का नाम दर्ज हो गया।

## पाक में न्यायाधीशों पर कार्यवाही के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

इस्लामाबाद, 14 जून (भाषा)।

पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) ने विदेशों में संपत्ति छिपाने को लेकर दो वरिष्ठ न्यायाधीशों को हटाने के लिए सरकार के अनुरोध पर शुक्रवार को जांच शुरू की। उधर, इसके विरोध में वकीलों ने देश भर में प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि दोनों को उनके स्वतंत्र विचारों को लेकर परेशान किया जा रहा है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पिछले महीने एसजेसी से संपर्क कर कहा था कि वह उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति काजी फैज ईसा और सिंध उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति करीम खान आगा के खिलाफ ब्रिटेन में संपत्ति की जानकारी छिपाने के लिए कार्रवाई करे। एसजेसी एक संवैधानिक निकाय है जो उच्चतर न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ कदाचार के मामलों पर गौर करता है। केवल एसजेसी ही सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटा सकती है। बंद कमरे में हुई अदालती कार्यवाही करीब डेढ़ घंटे तक चली। हालांकि इस संबंध में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई। अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर अभियोजक के रूप में एसजेसी के समक्ष उपस्थित हुए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल (एससीबीए) ने आरोपी न्यायाधीशों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। एससीबीए और पाकिस्तान बार काउंसिल ने इस मामले को स्वतंत्र विचार वाले न्यायाधीशों के खिलाफ सरकार की बदले कार्रवाई बताया।

# निवेशकों की बिकवाली से लगातार तीसरे दिन गिरा सूचकांक

मुंबई, 14 जून (भाषा)।

वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के नए दौर के बीच निवेशकों की बिकवाली से शुक्रवार को सूचकांक में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। यह करीब 289 अंक टूटकर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 400 अंक के करीब गिर गया था। हालांकि, अंत में यह 289.29 अंक यानी 0.73 फीसद की गिरावट के साथ 39,452.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 39,363.45 अंक के निचले स्तर और 39,799.90 अंक के उच्चतम स्तर को भी छुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.75 अंक यानी 0.76 फीसद गिरकर 11,823.30 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सूचकांक 163.83 अंक यानी 0.41 फीसद व निफ्टी 47.35 अंक यानी 0.39 फीसद नुकसान में रहे।

सूचकांक की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, भारती एअरटेल, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, बजाज ऑटो, यस बैंक, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 4.36 फीसद तक गिर गए। हालांकि, एलएंडटी, सन फार्मा, वेदांता, पावरग्रिड और टीसीएस के शेयर 0.80 फीसद तक मजबूत हुए। बीएसई के समूहों में पूंजीगत वस्तुओं को छोड़ शेष सभी गिरावट में रहे।

वैश्विक मोर्चे पर मई महीने में चीन के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 17 वर्ष से अधिक के निचले स्तर पर आ जाने से निवेशकों ने सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया। इसके अलावा अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता को लेकर जारी अनिश्चितता व गुरुवार को ओमान की खाड़ी में दो तेल टैंकरों पर हमले के बाद ईरान के साथ अमेरिका का तनाव बढ़ने के चलते नरम वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार गिरावट में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अधिक मूल्यांकन के बीच नरम वैश्विक बाजार व सुस्त अर्थव्यवस्था से बाजार को नुकसान पहुंच रहा है। तेल के टैंकरों पर हमले को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच जारी बयानबाजी, अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की सुस्त प्रगति, 19 जून को फेडरल रिजर्व के नीतिगत निष्कर्षों की घोषणा व मानसून की चाल पर निवेशकों की नजर रहेगी। इन महत्त्वपूर्ण कारकों के इंतजार में निवेशकों ने बाजार में सतर्कता बरती।

# सरकार और उद्योग के बीच भरोसा कायम : गडकरी

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग और एमएसएमइ मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उद्योग और सरकार के बीच ‘विश्वास की कमी’ नहीं है। उन्होंने उद्योग जगत से वित्तपोषण के नवोन्मेषी तरीकों को अपनाने के सरकार से हाथ मिलाने का आह्वान किया।

गडकरी ने कहा कि सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योग (एमएसएमइ) क्षेत्र में कॉरपोरेट व निजी कंपनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। इससे 700 एमएसएमइ संकुलों के निर्माण का रास्ता साफ होगा और आयात पर निर्भरता कम होगी, साथ ही रोजगार भी बढ़ेगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान देशभर के सौ मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि हमें एक विचारों और नवोन्मेष का बैंक बनाने को प्रोत्साहन देना चाहिए। एमएसएमइ मंत्री गडकरी ने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच विश्वास की कोई कमी नहीं है। सरकार का उद्योग पर पूरा विश्वास है और उसे लेकर वह बहुत सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा कि हम उद्योग के सुझावों के अनुरूप सुधार ला रहे हैं और इस तरह की और सुझाव आमंत्रित करते हैं। सरकार निवेश अनुकूल है। रोजगार, वृद्धि और निर्यात के लिए वह उद्योग को समर्थन देती रहेगी।

गडकरी ने कहा कि सरकार लगातार और सुधार ला रही है। उद्योग को इस विकास यात्रा में सहयोगी बनने के लिए आगे आना चाहिए। एमएसएमइ में रोजगार और वृद्धि की अपार संभावनाओं को देखते हुए गडकरी ने कहा कि एमएसएमइ संकुलों में कॉरपोरेट और निजी कंपनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटाने का निर्णय किया गया है। साथ ही उद्योगों को इसे बढ़ाने के लिए आगे आकर सुझाव और विचार देने चाहिए। इसके लिए उन्हें जमीन के रूप में प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र हमारे साथ काम कर सकता है और मुझे आपके सहयोग की जरूरत है। संकुलों के लिए हमने उद्योगों से प्रस्ताव भी मांगे हैं। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए हम 4,000 करोड़ रुपए की अगरबत्तियों का आयात करते हैं, जबकि उन्हें यहीं बनाया जा सकता है।

गडकरी ने कहा कि हमें आयात के बदले निर्यात संवर्द्धन करने की जरूरत है और यह एमएसएमइ क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।

## मोदी का एससीओ देशों के बीच आर्थिक तालमेल बढ़ाने पर जोर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एकतरफा नीतियों और व्यापार में संरक्षणवाद पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि नियम आधारित, भेदभाव रहित और हर तरीके से समावेशी विश्व व्यापार संगठन केंद्रित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की जरूरत है। मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में कहा कि एकतरफावाद और संरक्षणवाद से फायदा नहीं हुआ है। आर्थिक तालमेल हमारे लोगों के भविष्य का आधार है। मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सहयोग पर भी जोर दिया।

एससीओ के नेताओं ने भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में तनाव के माहौल पर शुक्रवार को चिंता जताते हुए कहा कि एकतरफा संरक्षणवादी नीतियों में वृद्धि समेत वैश्विक व्यापार की अन्य चुनौतियों से आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। आठ सदस्यीय समूह के नेताओं ने कहा कि डब्ल्यूटीओ के नियमों एवं नियमनों का उल्लंघन करने वाले एकतरफा संरक्षणवादी कदमों से बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का महत्व कम हो रहा है।

# मई में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो साल के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

थोक मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 22 महीने के निचले स्तर यानी 2.45 फीसद पर रही। इसकी प्रमुख वजह खाद्य सामग्री, ईंधन और बिजली की दरों का कम होना है।

थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधिकारिक आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए। इसी में यह बात सामने आई है। यह जुलाई 2017 के बाद लगभग 22 महीने बाद थोक मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। जुलाई 2017 में इसकी दर मात्र 1.88 फीसद थी। अप्रैल 2019 में यह 3.07 फीसद रही, जबकि मई 2018 में यह 4.78 फीसद थी। खाद्य वस्तुओं में थोक मुद्रास्फीति का स्तर 6.99 फीसद रहा, जबकि अप्रैल में यह 7.37 फीसद था।

हालांकि महीने के दौरान प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई और इसकी मुद्रास्फीति की दर 15.89 फीसद रही। सब्जियों की थोक मुद्रास्फीति इस दौरान नरम पड़कर 33.15 फीसद रही, जबकि अप्रैल में यह 40.65 फीसद थी। आलू की थोक मुद्रास्फीति मई में घटकर शून्य से 23.36 फीसद नीचे रही, जबकि अप्रैल में यह शून्य से 17.15 फीसद नीचे थी।

ईंधन व बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति की दर घटकर 0.98 फीसद रही, जो पिछले महीने 3.84 फीसद थी। विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में भी कमी देखी गई है। मई में इसकी मुद्रास्फीति दर 1.28 फीसद रही, जो अप्रैल में 1.72 फीसद थी। मार्च की थोक मुद्रास्फीति के संशोधित आंकड़े भी जारी किए गए हैं। मार्च की संशोधित मुद्रास्फीति 3.10 फीसद रही, जबकि अनुमानित अस्थायी आंकड़ों में यह 3.18 फीसद थी।

इस हफ्ते की शुरुआत में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी जारी किए गए थे। मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सात महीने के उच्च स्तर यानी 3.05 फीसद पर रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति को तय करने में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी गौर करता है। छह जून को जारी मौद्रिक समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर या रेपो दर को घटाकर 5.75 फीसद कर दिया था, जो पहले छह फीसद थी। रिजर्व बैंक ने 2019-20 की पहली छमाही में मुद्रास्फीति तीन से 3.1 फीसद रहने का अनुमान लगाया है।

# इफको का शुद्ध मुनाफा दस फीसद घटकर 841.58 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

सहकारी उर्वरक कंपनी इफको की आमदनी बीते वित्त वर्ष 2018-19 में बढ़ी है, लेकिन इसके बावजूद उसका शुद्ध लाभ नीचे आ गया है। बीते वित्त वर्ष में इफको का शुद्ध मुनाफा 10 फीसद घटकर 841.58 करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कंपनी का शुद्ध मुनाफा 937.17 करोड़ रुपए था। इस सहकारी उर्वरक संस्था का कारोबार वर्ष 2018-19 के दौरान 34 फीसद बढ़कर 27,851.74 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 20,787.55 करोड़ रुपए था।

परिचालन के मोर्चे पर बात की जाए, तो इफको का उर्वरक उत्पादन पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 81.49 लाख टन हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 78.71 लाख टन था। वर्ष 2018-19 में कुल उर्वरक उत्पादन में से यूरिया उत्पादन 45.62 लाख टन और डीएपी (डि-अमोनियम फॉस्फेट) का उत्पादन 14.19 लाख टन रहा। इफको ने पिछले वित्त वर्ष में 115.56 लाख टन उर्वरक की बिक्री की, जबकि 2017-18 में यह आंकड़ा 103.03 लाख टन रहा था। कुल बिक्री में से यूरिया का हिस्सा 74.20 लाख टन और डीएपी का 21.19 लाख टन था।

इफको ने वित्त वर्ष 2015-16 में अपना सर्वश्रेष्ठ परिचालन प्रदर्शन किया था। उस समय उसका उत्पादन 86.52 लाख टन रहा था और बिक्री 130.24 लाख टन रही थी। वित्त वर्ष 2008-09 में कंपनी का कारोबार सबसे अधिक 32,933 करोड़ रुपए का रहा था। दुनिया की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था इफको के भारत में कलोल, कांडला, फूलपुर, आंवला और पारादीप में पांच संयंत्र हैं और

## परियोजनाओं की पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया आसान बनाई केंद्र ने : जावडेकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून

विकास परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी देने की प्रक्रिया को केंद्र सरकार ने आसान बनाया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि मानकों को पूरा करने वाली परियोजनाओं को अब पांच गुना तेजी से योजनाओं पर काम करने की मंजूरी दी जा रही है। पहले पर्यावरण मंजूरी के लिए 640 दिन का समय सुनिश्चित किया गया था और अब इस समय सीमा को कम करके 108 दिन किया गया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री शुक्रवार को औद्योगिक संगठन- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) की राष्ट्रीय परिषद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार पर्यावरण मंजूरी की अवधि को लगातार कम करने के लिए प्रक्रिया को तेज बना रही है।

# मजबूत वैश्विक रुख से सोना 300 रुपए चमका

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

विदेशों में मजबूती के रुख और आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 300 रुपए की तेजी के साथ 33,870 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संगठन ने यह जानकारी दी है। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं का उठाव बढ़ने से चांदी की कीमत भी 550 रुपए की तेजी के साथ 38,400 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख व आभूषण कारोबारियों की लिवाली में आई तेजी से घरेलू बाजार में कारोबारी धारणा मजबूत हुई।

वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव और विशेषकर पश्चिम एशिया के भूराजनीतिक तनाव की वजह से सर्राफा मांग बढ़ गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय

> सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख व आभूषण कारोबारियों की लिवाली में आई तेजी से घरेलू बाजार में कारोबारी धारणा मजबूत हुई।

बाजार में सोना तेजी के साथ 1,358 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच न्यूयार्क में सोना तेजी के साथ 1,356.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी की कीमत भी तेजी के साथ 15.11 डॉलर प्रति औंस हो गई। दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 और 99.5 फीसद की शुद्धता वाले सोने के भाव 300-300 रुपए की तेजी के साथ 33,870 और 33,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए। गिन्नी (8 ग्राम) के भाव 26,700 रुपए के पिछले स्तर पर बने रहे। चांदी हाजिर की कीमत 550 रुपए बढ़कर 38,400 प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि साप्ताहिक डिलिवरी की कीमत 614 रुपए बढ़कर 37,439 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। दूसरी ओर चांदी सिक्का का भाव लिवाल 80,000 और बिकवाल 81,000 रुपए प्रति सैकड़ा पर स्थिर बने रहे।

## सरकार को भेजे पत्र को सार्वजनिक करने से एसबीआइ का इनकार

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने चुनावी बॉन्ड को लेकर सरकार या रिजर्व बैंक की ओर से उसे भेजे गए किसी भी तरह के पत्र, दिशा-निर्देश, अधिसूचना या ईमेल को ‘निजी जानकारी’ बताते हुए सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया। एसबीआइ ने कहा कि यह जानकारी उसके पास फिडूशियरी (दायित्व या जिम्मेदारी) के तहत रखी गई है।

पुणे के रहने वाले विहार धुर्वे ने सूचना के अधिकार (आरटीआइ) कानून के तहत एसबीआइ से 2017-19 के बीच सरकार या आरबीआइ द्वारा उसे भेजे गए सभी पत्रों, निर्देशों, अधिसूचनाओं या ईमेल की प्रति मांगी थी। एसबीआइ ने इस पर जवाब दिया कि ये विवरण नहीं उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैंक ने आरटीआइ अधिनियम की धारा आठ (1)(ई) व आठ (1)(जे) का हवाला देते हुए यह जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया।


Standard Chartered

**STANDARD CHARTERED PLC**

(Standard Chartered PLC (the "**Company**") was incorporated in England and Wales on November 18, 1969 and registered as a public limited company under company number 00966425.)

**Registered Office and Principal Place of Business in the UK**: 1 Basinghall Avenue, London EC2V 5DD
**Tel**: +44 (0)20 7885 8888; **Fax**: +44 (0)20 7885 7337; **Website**: www.sc.com; **Email**: group-corporate.secretariat@sc.com
**Compliance Officer for IDRs**: Ekta Lalwani; **Tel**: +91 22 6115 7853; **Fax**: +91 22 2675 7733; **Email**: ekta.lalwani@sc.com

ANNOUNCEMENT OF THE SURRENDER AND SALE PROGRAM FOR THE OUTSTANDING INDIAN DEPOSITORY RECEIPTS ("**IDRs**")

The Company issued 240,000,000 IDRs with every 10 IDRs representing one ordinary share of US$ 0.50 nominal value ("**Shares**") of the Company, in June 2010.

In terms of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended (the "**Listing Regulations**") and the Deposit Agreement dated May 8, 2010 entered into between the Company and Standard Chartered Bank, Mumbai (the "**Domestic Depository**") (as amended), the Company is extending to the holders of IDRs (the "**IDR Holders**"),an option to surrender IDRs held by them (between June 17, 2019 to August 2, 2019 (the "**Surrender Period**")) and request the sale of the Shares underlying such IDRs on the London Stock Exchange ("**LSE**")(the "**Surrender & Sale Process**").

On May 1, 2019, the Company announced that it would commence an on market share buy-back of the Company's Shares on May 2, 2019 pursuant to which the Company has entered into irrevocable, non-discretionary agreements with each of Merrill Lynch International ("**BoAML**") and J.P. Morgan Securities plc ("**JPMS**") to enable the purchase of Shares on the LSE by them, acting as principals, for an aggregate purchase price of up to USD 1 billion and the on-sale of such Shares by BoAML and JPMS to the Company, until 31 December 2019 (while regulatory approval remains in place)(the "**Buy-back**").

The Shares underlying the IDRs which are surrendered under the Surrender & Sale Process would be offered for sale on the LSE, and may be purchased by BoAML and/or JPMS as part of the Buy-back process or any other third party (outside the Buy-back process), on the floor of the LSE.

In order to participate in the Surrender & Sale Process and request the sale of the Shares underlying the IDRs being surrendered by the IDR Holders, on the LSE, IDR Holders are not required to open or have a CREST Account in the United Kingdom.

In order to facilitate the Surrender & Sale Process for the IDR Holders, the Company has formulated a set of detailed guidelines setting out the details of the Surrender & Sale Process and the mechanisms for participation by the IDR Holders in this Surrender & Sale Process (the "**Surrender & Sale Operating Guidelines**") and has submitted the same to BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited (collectively, the "**Indian Stock Exchanges**"). A copy of the Surrender & Sale Operating Guidelines is also available at the locations detailed at the end of this announcement.

Further, a letter intimating about the right of the IDR Holders to participate in the Surrender & Sale Process and the mechanisms for doing so (the "**Letter**"), will be dispatched to all IDR Holders appearing in the register of 'IDR Holders' maintained pursuant to the Deposit Agreement (the "**Register**") as on June 7, 2019, by registered post/ courier at their Indian address only, along with an email to those IDR Holders who had registered their email address with the Registrar for receiving Company related communication via email. The Company will also enclose a copy of the instruction letter, pursuant to which IDR Holders may issue instructions for the surrender of their IDRs to facilitate the sale of the Shares underlying such IDRs, with the Letter (the "**Instruction Letter**"). The IDR Holders may also obtain or download the Instruction Letter from the locations specified below and submit their surrender request in accordance with these Surrender & Sale Operating Guidelines, during the Surrender Period.

**Do note that participation in this Surrender & Sale Process is voluntary and the IDR Holders are not obliged to provide instructions for surrender of their IDRs and request the sale of the Shares underlying such IDRs (as part of the Buy-back or otherwise). Please also note that only those Shares which are purchased by BoAML and/or JPMS on behalf of the Company as part of the Buy-back shall be cancelled by the Company. Further, any Shares which are purchased by a third-party (other than BoAML and/or JPMS as part of the Buy-back process) on the LSE shall not be cancelled by the Company. As an IDR Holder, if you wish to continue to hold and trade in IDRs, no further action is required.**

**The IDR Holders are free to redeem their IDRs for Shares and conversion of Shares into IDRs, under the two-way fungibility program as per the separate operating guidelines issued to facilitate such redemption and conversion process.**

The table below provides a brief summary of the key information for participation by IDR Holders in the Surrender & Sale Process:

| Particulars | Information |
|---|---|
| **Surrender portion** | The outstanding IDRs (9,893,830 IDRs, as on June 7, 2019).<br>The Company has entered into irrevocable, non-discretionary agreements with each of BoAML and JPMS to enable the purchase of Shares (including, but not limited to the Shares underlying the outstanding IDRs) on the LSE by them for an aggregate purchase price of up to USD 1 billion (the "**Buy-back Headroom**") and the onsale of such Shares by BoAML and JPMS to the Company. It is hereby clarified that the Buy-back Headroom is not limited to the Shares underlying the IDRs and extends to all outstanding Shares of the Company.<br>The Buy-back Headroom is applicable only with respect to Shares that can be purchased by BoAML and JPMS on the LSE as part of the Buy-back. Please however note that such Buy-Back Headroom is not applicable with respect to sale of Shares on the LSE to any other third party (other than if BoAML and JPMS are purchasing under the Buy-back process), i.e. there is no cap on the Shares that may be purchased by any third party(other than if BoAML and JPMS are purchasing under the Buy-back process) on the floor of the LSE, pursuant to an open market purchase. |
| **Surrender Period during which instruction Letter needs to be issued by IDR Holders** | Commencing from June 17, 2019 until August 2, 2019 All Instruction Letters must be submitted so as to be received by no later than 5.00 p.m. (Mumbai time) on August 2, 2019. Any letter received after that point will not be processed. |
| **Minimum number of IDRs which should be tendered for the Surrender & Sale Process** | 10 IDRs or multiples thereof |
| **Methodology** | First-come, first-served basis during the Surrender Period. |
| **Domestic Depository Fees and Brokerage Fee** | The Domestic Depository has decided to waive the fee payable by the IDR Holders for cancellation of the IDRs for which the underlying Shares are sold on the LSE.<br>Please note that the proceeds of the sale of the underlying Shares on the LSE would be distributed to the IDR Holders net of the brokerage fee. |
| **Availability of Instruction Letter** | A copy of the Instruction Letter can be obtained in the following manner and from the following locations:<br>*Physical copy (on request) between 10:00 a.m. and 5:00 p.m. on a Business Day:*<br>Company – 1 Basinghall Avenue, London, EC2V 5DD, UK<br>Domestic Depository – Standard Chartered Bank, Securities Services, Crescenzo, Floor 3, C-38/39, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai – 400 051<br>Overseas Custodian – The Bank of New York Mellon, One Piccadilly Gardens, Manchester, M1 1RN, UK<br>Registrar – Karvy Fintech Private Limited (*formerly known as* KCPL Advisory Services Private Limited), Karvy Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500 032, India<br>*Electronic copy*: An electronic copy of the Instruction Letter may also be downloaded from https://www.sc.com/en/investors/. |
| **Submission of Instruction Letter** | IDR Holders may submit duly filled, signed and stamped Instruction Letters along with the relevant enclosures in the following manner and at the following locations:<br>Instruction Letters must be received by no later than 5:00 p.m. (Mumbai time) on August 2, 2019. Any instructions received after that point will not be processed.<br>*By hand delivery between 10:00 a.m. to 5:00 p.m. on a Business Day (Monday to Friday):*<br>• At the centres designated by the Registrar as specified in **Annexure A** of the Surrender & Sale Operating Guidelines; or<br>• At the office of the Registrar at Karvy Fintech Private Limited (*formerly known as* KCPL Advisory Services Private Limited), Karvy Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500032<br>*By registered post or courier:*<br>• At the office of the Registraronly at Karvy Fintech Private Limited (*formerly known as* KCPL Advisory Services Private Limited), Karvy Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500032<br>**Instruction Letters submitted at times or locations or by modes other than those specified herein above shall be liable to be rejected.** |

**An IDR Holder may submit multiple Instruction Letters at different times during the Surrender Period, for surrender of the IDRs and sale of Shares underlying such IDRs held by such IDR Holder in separate tranches. It is not mandatory for an IDR Holder to submit one Instruction Letter for all the IDRs held by such IDR Holder.**

In this regard, the Registrar shall provide a facility on its website at http://www.karvyfintech.com/, whereby IDR Holders who have submitted the Instruction Letter can use their DP ID and Client ID/ Folio No. to access the detailed information about their respective request.

**IDR Holders shall not be permitted to amend, revise, cancel or withdraw their surrender request after submission of the Instruction Letter.**

**IDR HOLDERS MAY ONLY SUBMIT INSTRUCTION LETTERS IN CIRCUMSTANCES WHERE THE SUBMISSION OF SUCH INSTRUCTION LETTER AND THE SURRENDER OF IDRS AND THE SALE OF THE SHARES UNDERLYING SUCH IDRS DOES NOT GIVE RISE TO ANY REQUIREMENT ON THE PART OF THE COMPANY, THE DOMESTIC DEPOSITORY, THE OVERSEAS CUSTODIAN OR THE REGISTRAR IN ANY JURISDICTION TO COMPLY WITH ANY FILING OR OTHER REQUIREMENT OR TO PAY ANY FEES OR EXPENSES. ANY INSTRUCTION LETTER IN RESPECT OF WHICH THE FOREGOING APPLIES IS LIABLE TO BE REJECTED. BY SUBMITTING AN INSTRUCTION LETTER, THE RELEVANT IDR HOLDER IS DEEMED TO HAVE REPRESENTED AND WARRANTED THAT THERE IS NO SUCH REQUIREMENT IN RELATION TO THE IDRS REPRESENTING THE SHARES THAT HE IS SEEKING TO SURRENDER FOR SALE AS PART OF THE SURRENDER & SALE PROCESS. US PERSONS (WITHIN THE MEANING OF REGULATION S UNDER THE US SECURITIES ACT OF 1933, AS AMENDED) ARE NOT ELIGIBLE TO SUBMIT INSTRUCTION LETTERS AND ANY PERSON SUBMITTING AN INSTRUCTION LETTER IS DEEMED TO HAVE REPRESENTED AND WARRANTED THAT HE IS NOT A US PERSON.**

**FOR FURTHER DETAILS IN RELATION TO THE SURRENDER & SALE PROCESS AND THE MECHANISM TO PARTICIPATE IN THE SAME, PLEASE READ THE SURRENDER & SALE OPERATING GUIDELINES, AVAILABLE, ON REQUEST, AT THE OFFICE OF THE COMPANY AT 1 BASINGHALL AVENUE, LONDON, EC2V 5DD, UK, THE DOMESTIC DEPOSITORY AT STANDARD CHARTERED BANK, SECURITIES SERVICES, CRESCENZO, FLOOR 3, C-38/39, G-BLOCK, BANDRA KURLA COMPLEX, BANDRA (EAST), MUMBAI – 400 051, THE OVERSEAS CUSTODIAN AT THE BANK OF NEW YORK MELLON, ONE PICCADILLY GARDENS, MANCHESTER, M1 1RN, UK AND THE REGISTRAR AT KARVY FINTECH PRIVATE LIMITED (*FORMERLY KNOWN AS* KCPL ADVISORY SERVICES PRIVATE LIMITED), KARVY SELENIUM TOWER B, PLOT NOS. 31 & 32, FINANCIAL DISTRICT NANAKRAMGUDA, SERILINGAMPALLY MANDAL, HYDERABAD – 500 032, AS WELL AS ON THE COMPANY'S WEBSITE AT HTTPS://WWW.SC.COM/EN/INVESTORS/. TO ASSIST THE IDR HOLDERS, THE COMPANY HAS UPLOADED SOME LIKELY QUESTIONS CONCERNING THE SURRENDER & SALE PROCESS AND THE MECHANISM FOR PARTICIPATING IN THE SURRENDER & SALE PROCESS ON ITS WEBSITE AT HTTPS://WWW.SC.COM/EN/INVESTORS/ AND THESE SHOULD BE READ IN CONJUNCTION WITH THESE SURRENDER & SALE OPERATING GUIDELINES AND OTHER APPLICABLE LAWS.**

In order to efficiently implement the Surrender & Sale Process, the Deposit Agreement dated May 8, 2010 between the Domestic Depository and the Company (the "**Deposit Agreement**") was amended pursuant to the amendment agreement dated June14, 2019 between the Company and the Domestic Depository (the "**Amendment Agreement**"). A copy of the Amendment Agreement is available, on request, at the office of the Domestic Depository at Standard Chartered Bank, Securities Services, Crescenzo, Floor 3, C-38/39, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai – 400 051. The custody agreement dated May 8, 2010 between Standard Chartered Bank, Mumbai and The Bank of New York Mellon (the "**Overseas Custodian**"), as amended from time to time (the "**Custody Agreement**") is also available, on request, at the office of the Domestic Depository at Standard Chartered Bank, Securities Services, Crescenzo, Floor 3, C-38/39, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai – 400 051.

**IDR Holders should also consult their own counsel and advisors as to business, legal, tax, accounting and related matters under Indian and other applicable laws before applying in the Surrender & Sale Process.**

An Instruction Letter which is not in compliance with the Surrender & Sale Operating Guidelines or applicable law or regulation is liable to be rejected.

The Shares underlying the IDRs for valid surrender requests received from the IDR Holders pursuant to the submission of the Instruction Letters, shall be offered for sale on the LSE. Since the sale of Shares is pursuant to an open-market sale on the LSE at then market price, there is no guarantee that any Shares offered for sale will be bought-back by the Company (as part of the Buy-back) or otherwise be purchased by any third party. If such Shares are sold on the LSE, the Domestic Depository shall distribute to those IDR Holders whose IDRs represent the underlying Shares that have been purchased, proceeds of the sale(on the date on which such Shares are offered for sale on LSE), after deducting the applicable brokerage fee,and cancel the IDRs representing the Shares which are sold on the LSE.

The Registrar shall thereafter inform the concerned IDR Holder about (i) the number of IDRs for which underlying Shares were offered for sale on the LSE and purchased thereon, under the Surrender & Sale Process, and the cancellation of such IDRs; (ii) IDRs attributable to those Shares which were not offered for sale in connection with the Surrender & Sale Process (including pursuant to such IDRs representing fraction of Shares); (iii) IDRs attributable to those Shares which were offered for sale on the LSE but were not purchased, and in case of (ii) and (iii) shall, following the completion of the Surrender & Sale Process, ensure release of such IDRs from the IDR Surrender Account to the securities account of the relevant IDR Holder or the return of the IDR Certificate, as the case may be.

For **Standard Chartered PLC**
on behalf of Board of Directors
Sd/-
Andy Halford
Group Chief Financial Officer

Date: June 15, 2019

Adfactors 126

बलिया, 14 जून (भाषा)। के रघुनाथपुर गांव में गुरुवार रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। शुक्रवार को बताया कि रघुनाथपुर मौजे का राजबली राजभर रोज की तरह गुरुवार रात मक्के के खेत की रखवाली कर रहा था।


**एम एस टी सी लिमिटेड** (भारत सरकार का उपक्रम) **MSTC LIMITED** (A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

जीवन विकास बिल्डिंग, 30/31 ए, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002

फोन : 23214201, 23213945, फैक्स : 23216713

**ई-नीलामी प्रोग्राम**

भेल हरिद्वार की ओर से एमएसटीसी नीचे उल्लेखित अनुसूची के अनुसार ई-नीलामी आयोजित करेगी : (1) मशीनिंग की मीलिंग इंसर्ट्स/फेसिंग/स्क्रैप टर्निंग; स्क्रैप 1.5 एमवीए, 11केवी/415वी ट्रांसफॉर्मरों की बिक्री के लिए **दिनांक 18.06.2019 को ई-नीलामी सं. 7121।** (2) पुराना/इस्तेमाल किया हुआ मीडियम विस्कॉसिटी ग्रेड वीपीआई ईपोक्सी रेजिन/हार्डनर की बिक्री के लिए **दिनांक 19.06.2019 को ई-नीलामी सं. 7129।** विस्तृत विवरण के लिए कृपया श्री अभिषेक कुमार चौधरी (एमएसटीसी), **दूरभाष सं. 9662042884** से सम्पर्क करें।

विस्तृत जानकारी **www.mstcecommerce.com** एवं **www.mstcindia.co.in**


# सरकार पर कंपनियों से साठगांठ का आरोप लगाने पर ग्रामीण गिरफ्तार

राजनांदगांव, 14 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में बिजली कटौती से परेशान हो कर राज्य सरकार पर इन्वर्टर कंपनियों से साठगांठ का आरोप लगाने वाले ग्रामीण को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीण का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने पर यह कार्रवाई हुई। हालांकि, यह मामला तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल राजद्रोह का केस वापस लेने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोगों का अधिकार है और हम इसके प्रबल पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य (राजद्रोह के केस दर्ज करना) पिछली भाजपा सरकार की परंपरा रही है। हालांकि, बघेल ने लोगों से भी अपील की कि वे अभिव्यक्ति के दौरान संयम बरतें। इससे पहले, राजनांदगांव जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि राज्य सरकार पर इन्वर्टर कंपनियों से साठगांठ का मिथ्या आरोप लगाने के आरोप में पुलिस ने जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुसरा गांव के निवासी मांगेलाल अग्रवाल (53) को गिरफ्तार किया है।

# नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक आज

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नीति आयोग की संचालन परिषद की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में सूखे की स्थिति, कृषि क्षेत्र के संकट, वर्षा जल संचयन और खरीफ फसल के लिए तैयारियों के मुद्दे पर विचार विमर्श होगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार बैठक के पांच सूत्री एजंडा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम, कृषि में बदलाव और सुरक्षा संबंधी मुद्दे भी शामिल हैं। बैठक में विशेषरूप से नक्सल प्रभावित जिलों पर विचार विमर्श होगा। राष्ट्रपति भवन में होने वाली इस बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री, संघ शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, कई केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भाग लेंगे। नई नरेंद्र मोदी सरकार में यह संचालन परिषद की पहली बैठक है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ममता का कहना है कि नीति आयोग के पास राज्यों की योजनाओं के समर्थन के लिए वित्तीय अधिकार नहीं हैं, ऐसे में इस तरह की बैठक की कवायद बेकार है। प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली संचालन परिषद के सदस्यों में वित्त, गृह, रक्षा, कृषि, वाणिज्य और ग्रामीण विकास मंत्रियों के अलावा राज्यों के मुख्यमंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं।

संचालन परिषद की बैठक में पिछली बैठकों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की जाती है और साथ ही भविष्य की विकास से संबंधित प्राथमिकताएं तय की जाती हैं। अभी तक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में संचालन परिषद की चार बैठकें हो चुकी हैं।

# मालेगांव विस्फोट के चार आरोपियों को मिली जमानत

मुंबई, 14 जून (भाषा)।

बंबई हाई कोर्ट ने 2006 के मालेगांव धमाके मामले के चार आरोपियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि मामले में मुख्य एजंसियों द्वारा नौ अन्य लोगों के खिलाफ एकत्रित किए गए सबूतों को ध्यान में रखते हुए जमानत याचिकाओं पर फैसला लिया गया।

न्यायमूर्ति आइए महंती और न्यायमूर्ति एएम बदर के खंडपीठ ने धन सिंह, लोकेश शर्मा, मनोहर नरवारिया और राजेंद्र चौधरी को जमानत दे दी। पीठ ने कहा कि याचिकाएं मंजूर की जाती हैं। याचियों को 50,000 रुपए नकद पर जमानत दी जाती है। सुनवाई के दौरान उन्हें प्रतिदिन विशेष अदालत में पेश होना होगा और वे सबूतों से छेड़छाड़ या चश्मदीदों से कोई संपर्क नहीं करें। गिरफ्तारी के बाद 2013 से जेल में बंद चारों आरोपियों ने विशेष अदालत के जून 2016 में उनकी जमानत याचिका खारिज करने के बाद उसी साल हाई कोर्ट का रुख किया था।

नाशिक के नजदीक मालेगांव में हमीदिया मस्जिद के पास स्थित कब्रिस्तान के बाहर आठ सितंबर, 2006 को सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 37 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे।

# लोजपा में फूट, असंतुष्ट नेताओं ने कहा पार्टी बनी ‘प्राइवेट लिमिटेड कंपनी’

पटना, 14 जून (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के असंतुष्ट नेताओं ने एक नई पार्टी बनाने का एलान करते हुए आरोप लगाया कि नेतृत्व ने पार्टी को ‘प्राइवेट लिमिटेड कंपनी’ में तब्दील कर दिया है। लोजपा के दो महासचिवों सत्यानंद शर्मा और अनिल कुमार पासवान व कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र कपूर के नेतृत्व में विद्रोह कर रहे इन नेताओं ने गुरुवार को लोजपा (सेक्युलर) बनाने का एलान कर दिया था।

इन लोगों का आरोप है कि लोजपा ने अमीर और बाहरी उम्मीदवारों को टिकट दिए और पार्टी पर कब्जा बनाए रखने वाले परिवार के हितों को बढ़ाने तक सीमित कर लिया है।

हालांकि लोजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष और हाजीपुर सांसद पशुपति कुमार पारस ने इन गतिविधियों को खारिज करते हुए कहा कि शर्मा पर आरोप है कि वे पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चिराग पासवान की संसदीय सीट जमुई में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। पारस ने कहा कि जो भी उनके साथ होने का दावा कर रहे हैं, वे वास्तव में बहुत पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधयों के आधार पर निष्कासित किए जा चुके हैं। पारस ने कहा कि शर्मा को यह भी बताना चाहिए कि जिस दिन उन्होंने स्वांग रचा था, उसी दिन पार्टी ने उनके निष्कासन का आदेश जारी कर दिया था।

# चक्रवात ‘वायु’ गुजरात के कच्छ तट पर दे सकता है दस्तक : अधिकारी

नई दिल्ली, 14 जून (भाषा)।

चक्रवात ‘वायु’ के अपना मार्ग बदलने और गुजरत के कच्छ तट पर दस्तक देने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय में सचिव एम राजीवन ने बताया, ‘वायु के 16 जून को अपना मार्ग बदलने और 17-18 जून को कच्छ में दस्तक देने की संभावना है।’ राजीवन ने कहा कि चक्रवात की प्रचंडता घटने की संभावना है। गुजरात सरकार ने चक्रवात के मार्ग बदलने की संभावना के बारे में चेतावनी जारी की है। चक्रवात वायु को गुरुवार को ही गुजरात तट पर दस्तक देनी थी लेकिन इसने अपना मार्ग बदल लिया था।

# राजनाथ ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जून।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की और पाकिस्तान एवं चीन के साथ लगी सीमाओं सहित देश के सामने मौजूद सभी सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा की।

इस बैठक में थल सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत, लेफ्टिनेंट जनरल देवराज अनबू और सभी जनरल ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ उपस्थित थे। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, इस बैठक में पाकिस्तान और चीन से लगी सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि रक्षा मंत्रालय सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।


**केन्द्रीय भण्डारण निगम**
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमित कार्यालय: 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्तिमार्ग, हौजखास, नई दिल्ली-110016, टेलीफैक्स: 011-49857894,
ई-मेल: engg.cwhc@cewacor.nic.in, वेबसाइट : www.cewacor.nic.in

सं.केभनि/नि.का.-इंजी./प्रैस नोट/2019-20/1990 दिनांक: 13.06.2019

**ई-टैंडर आमंत्रण प्रैस सूचना**

केन्द्रीय भंडारण निगम निम्नलिखित कार्यों के लिए ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.में) | निविदा ऑनलाइन भेजने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | सैन्ट्रल वेअरहाउस, सीतापुरा - II, जयपुर (राजस्थान) में सीमेंट कंकरीट रोड बनाना। | 150.24 | 16.07.2019 |

अनुबंध की शर्तें और ई-टेंडर आमंत्रण सूचना सहित विस्तृत निविदा सूचना निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टेंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app. से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। इस निविदा संबंधी यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा तो वह केवल वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टेंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app.(CPP) पर प्रकाशित होगा। इसके लिए समाचार पत्र में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

मुख्य अभियंता

**केन्द्रीय भण्डारण निगम**
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमित कार्यालय: 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्तिमार्ग, हौजखास, नई दिल्ली-110016, टेलीफैक्स: 011-49857894,
ई-मेल: engg.cwhc@cewacor.nic.in, वेबसाइट : www.cewacor.nic.in

सं.केभनि/नि.का.-इंजी./प्रैस नोट/2019-20/1992 दिनांक: 13.06.2019

**ई-टैंडर आमंत्रण प्रैस सूचना**

केन्द्रीय भंडारण निगम निम्नलिखित कार्यों के लिए ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.में) | निविदा ऑनलाइन भेजने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | सैन्ट्रल वेअरहाउस, गोला गोकरनाथ (यू.पी.) में गोदामों, आंतरिक सड़कों का नवीनीकरण तथा एसी शीट रुफिंग को बदलना। | 367.03 | 16.07.2019 |

अनुबंध की शर्तें और ई-टेंडर आमंत्रण सूचना सहित विस्तृत निविदा सूचना निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टेंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app. से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। इस निविदा संबंधी यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा तो वह केवल वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टेंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app.(CPP) पर प्रकाशित होगा। इसके लिए समाचार पत्र में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

मुख्य अभियंता

optiemus

**ऑप्टाइमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: के-20, 2रा तल, लाजपत नगर, पार्ट-II, नई दिल्ली-110024
फोन नं.: 011-2984 0906, फैक्स: 011-2984 0908,
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. 2 ए, प्रथम तल, विंग-ए, सेक्टर 126, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
फोन नं.: 0120-6721900
Website: www.optiemus.com, E-mail: info@optiemus.com
CIN: L64200DL1993PLC054086

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न शेयर प्रमाणपत्रों के गुम हो जाने/ स्थानच्युत हो जाने की सूचना मिली है तथा उन शेयर प्रमाणपत्रों के धारक ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कम्पनी के पास आवेदन किया है:

| क्रम सं. | फोलिओ नं. | शेयरधारक का नाम | प्रमाणपत्र सं. | विशिष्ट सं. | शेयरों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1036 | वीपी मंडाविया | 34972-34973 | 3496301-3496500 | 200 |
| | | | | | 200 |

यदि किसी व्यक्ति(यों) का उक्त प्रमाणपत्र(त्रों) के संदर्भ में कोई दावा हो, वे इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्लॉट नं. 2 ए, विंग ए, प्रथम, तल, सेक्टर-126, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित उसके कार्पोरेट कार्यालय में ‘‘ऑप्टाइमस इन्फ्रॉकॉम लिमिटेड’’ के पास ऐसे दावे दाखिल करें अथवा info@optiemus.com पर हमें लिखें जिसके बाद कम्पनी द्वारा किसी भी दावे पर विचार नहीं की जाएगी तथा कम्पनी डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की कार्रवाई करेगी।

ऑप्टाइमस इन्फ्रॉकॉम लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
विकास चन्द्रा
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नोएडा (उ.प्र.)
तिथि: 14.6.2019

**फार्म जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**
{दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला रिजोल्यूशन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए(1) के अंतर्गत}

**संगत विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | बाउलवर्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि | 7 जून, 2010 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/पंजीकृत है | कंपनी अधिनियम, 1956, कंपनी पंजीयक रा.रा. क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा, नई दिल्ली |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U70200DL2010PTC203764 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय, यदि कोई हो, का पता | पंजीकृत कार्यालय : सी-23, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव, पार्ट-1, नई दिल्ली-110048 कॉर्पोरेट कार्यालय : टेक बाउलवर्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सेंट्रल ब्लॉक, प्लॉट नं. 6, सैक्टर-127, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवाला प्रारंभ तिथि | 8 फरवरी, 2019 (आदेश 14.02.2019 एनसीएलटी साइट पर उपलब्ध) |
| 7. | रुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 7 मई, 2019 |
| 8. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के अंतर्गत रिजोल्यूशन आवेदकों के लिए योग्यता की उपलब्धता | इसे ई-मेल boulevard.amitagcs@gmail.com पर मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है |
| 9. | धारा 29ए के अंतर्गत लागू अयोग्यता मानकों की उपलब्धता | इसे ई-मेल boulevard.amitagcs@gmail.com पर मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 26 जून, 2019 (संशोधित) 6 जून, 2019 (पिछला) |
| 11. | भावी रिजोल्यूशन आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 5 जुलाई, 2019 (संशोधित) 15 जून, 2019 (पिछला) |
| 12. | वैकल्पिक सूची के लिए आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि | 10 जुलाई, 2019 (संशोधित) 21 जून, 2019 (पिछला) |
| 13. | भावी रिजोल्यूशन आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 21 जुलाई, 2019 (संशोधित) 01 जुलाई, 2019 (पिछला) |
| 14. | भावी रिजोल्यूशन आवेदकों के लिए रिजोल्यूशन योजना हेतु सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स एवं अनुरोध जारी करने की तिथि | 10 जुलाई, 2019 (संशोधित) 21 जून, 2019 (पिछला) |
| 15. | रिजोल्यूशन योजना के लिए अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन एवं भावी जानकारी प्राप्त करने का तरीका | [illegible] |
| 16. | रिजोल्यूशन योजना जमा करने की अंतिम तिथि | 5 अगस्त, 2019 (संशोधित) 20 जुलाई, 2019 (पिछला) |
| 17. | रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के लिए रिजोल्यूशन योजना जमा करने का तरीका | [illegible] एच-63, विजय चौक लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 [illegible] ई-मेल किया जाएगा |
| 18. | अनुमोदन के लिए न्यायिक प्राधिकरण के पास रिजोल्यूशन योजना जमा करने की अनुमानित तिथि | 10 अगस्त, 2019 (संशोधित) 29 जुलाई, 2019 (पिछला) |
| 19. | रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम एवं पंजीकरण संख्या | अमित अग्रवाल पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-02/IP-N00185/2017-18/10456 |
| 20. | बोर्ड में पंजीकृत अनुसार रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम, पता एवं ई-मेल | अमित अग्रवाल, एच-63, विजय चौक लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 ई-मेल आईडी: amitagcs@gmail.com |
| 21. | रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग होने वाला पता एवं ई-मेल | अमित अग्रवाल, एच-63, विजय चौक लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 ई-मेल आईडी : boulevard.amitagcs@gmail.com |
| 22. | विस्तृत विवरण उपलब्ध हैं | इसे ई-मेल boulevard.amitagcs@gmail.com पर मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है |
| 23. | फार्म जी के प्रकाशन की तिथि | 14 जून, 2019 (संशोधित) 7 मई, 2019 (पिछला) |

हस्ता/-
अमित अग्रवाल
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-02/IP-N00185/2017-18/10456
एच-63, विजय चौक लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092
कृते बाउलवर्ड प्रोजेक्ट्स प्रा. लिमिटेड
(12 जून, 2019)

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आई0डी0 :- 2019_AAI_27517_1

चौ0 चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लखनऊ पर निम्नलिखित शार्ट टर्म ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

**सुविधा का नाम : कार पार्किंग, आरक्षित राशि :** रु. 15,43,000/-, **एम.आर.एल.एफ. :** रु. 45,60,000/- एवं अन्य देय

**अंतिम तिथि :** 28.06.2019. अधिक जानकारी एवं शुद्धि पत्र हेतु भा0वि0प्रा0 की वेबसाइट **www.aai.aero** अथवा **www.etenders.gov.in** देख सकते है।

**फार्म संख्या-25A**
**एक सार्वजनिक कंपनी के निजी कंपनी में रूपांतरण के लिए अखबार में विज्ञापन**

क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, धारा 14 कंपनी अधिनियम, 2013 और नियम 41 कंपनियों (निगमन) नियम, 2014
तथा
मेसर्स स्पैन मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, 53/25, तीसरी मंजिल, सामने की तरफ रामजस रोड, करोल बाग, नई दिल्ली 110005 के मामले में, आवेदक

एतद्द्वारा जनरल पब्लिक को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत कंपनी स्वयं को एक निजी लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने के लिए इच्छुक है और 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित एक विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में केंद्र सरकार के समक्ष एक आवेदन दाएर करने का प्रस्ताव करती है।

कोई भी व्यक्ति जिसकी अभिरुचि कंपनी परिवर्तन से प्रभावित होती हो वह आपत्ति, कारण या आधार हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, बी -२ विंग, २ तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा पते पर अपनी आपत्ति के आधार को हलफनामा के साथ भेज सकता है साथ ही वह इसकी एक प्रतिआवेदक कंपनी के नीचे लिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजे:

**याचिकाकर्ता की ओर से उसी के लिए**
हस्ता/-
डॉ रविंदर कुमार आनंद
निदेशक
डीआईएन: 01026591
पंजीकृत कार्यालय: 53/25, तीसरी मंजिल, सामने की तरफ, रामजस रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005
दिनांक: 12 जून 2019
प्लेस: नई दिल्ली

**प्रपत्र सं. आईएनसी-26**
**[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]**
**एक राज्य से दूसरे राज्य में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिये समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विज्ञापन केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली, दिल्ली के समक्ष**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
**मै. सॉफ्कॉन सॉल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय 225 एस/एफ, संत नगर, नई दिल्ली-110065 में है, के मामले में
........ आवेदक

**सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ‘‘राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली’’ से ‘‘उत्तर प्रदेश राज्य’’ में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 28 मई, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली, दिल्ली के पते **बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली**-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

**पंजीकृत कार्यालय:**
225 एस/एफ, संत नगर, नई दिल्ली-110065

कृते एवं के लिये
मै. सॉफ्कॉन सॉल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड
(अंशू सिंघल)
(निदेशक)
DIN: 01158170

तिथि: 15 जून, 2019
स्थान: दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

Refund of money of homebuyers in project Uniworld City-Unihomes Plots Sector MU, Greater Noida is being done in furtherance of order of the Hon'ble Supreme Court dated 25.09.2018 in Special Leave Petition (Civil) No. 13608 of 2017. The under mentioned allottees of the aforementioned project have not yet taken refund of their money in terms of the aforesaid direction of Hon'ble Supreme Court.

| | |
|---|---|
| UP0040 | RAJESH KAPOOR |
| UP0070B | MEETU SINGH |
| UP0074 | SARLA RANI |
| UP0092 | HARENDRA PATHAK |
| UP0184 & UP0185 | 4 A FINANCIAL SECURITIES |
| UP0209 | RAVISH PARVEZ |
| UP0221 | RANEN CHAKRABORTY |
| UP0256 | SURYANARAYANA NALLI |
| UP0289 | SANJAY KAPPOR |
| UP0310 | MANAV KAUSHAL |
| UP0312A | GHANSHYAM |
| UP0315 | UMESH CHANDRA ARYA |
| UP0341 | REENA SINGH |
| UP0344 | SIDDHARH SINGH |
| UP0345 | KRISHNA KUMAR SINGH |
| UP0346 | VISHWA ROOP |
| UP0348 | MANAV KAUSHAL |
| UP0361 | POONAM GARG |
| UP0363 | AHUJA ESTATES |

This is final notice to the aforementioned allottees to contact the office of Pawan Shree Agrawal, Advocate (Amicus Curiae) at B-3, Sagar Apartments, 6 Tilak Marg, New Delhi 110001 by 07.07.2019 to claim their refund.

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियमावली, 1993) के नियम 12 एवं 13 के तहत नोटिस

ओ.ए सं. 388/2018 के मामले में
कॉर्पोरेशन बैंक — आवेदक
बनाम
मुज़ामिल शेख अली हर्ज एवं अन्य — प्रतिवादी

**डी-4 पैबल्स् प्रोलीज़ प्रा. लि. (बिल्डर एंड डेवलपर), ए-169, द्वितीय तल, मंडावली फजलपुर, गंगा राम गली, शकरपुर, दिल्ली-110092, और: सी-56/40, सैक्टर-62, नोएडा, यू.पी**

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरुद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से नोटिस दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस नोटिस के माध्यम से आपको दिनांक 01.07.2019 को पूर्वाह्न 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, बाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 06 मई, 2019 को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
सहायक रजिस्ट्रार डीआरटी-।।।, नई दिल्ली

**FORM G - INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

**RELEVANT PARTICULARS**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Corporate Debtor | Margra Industries Limited |
| 2 | Date of incorporation of Corporate Debtor | 15th March, 1979 |
| 3 | Authority under which Corporate Debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies, Delhi |
| 4 | Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor | U36999DL1979PLC009497 |
| 5 | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | Near Primary School Village, Gharoli, Delhi |
| 6 | Insolvency commencement date of the Corporate Debtor | NCLT order dated 15th March 2019. However date of receipt of order is 26th March, 2019 |
| 7 | Date of invitation of expression of interest | 15th June, 2019 |
| 8 | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at: | The Interested parties/Prospective Resolution applicant ("PRA") shall submit the Expression of Interest in accordance with sub-regulation 7 of Regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016 ("CIRP Regulations"). [illegible] email: mli@sumedhamanagement.com |
| 9 | Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at: | The Resolution Applicant shall be compliant with Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (IBC) [illegible] |
| 10 | Last date for receipt of expression of interest | 1st July, 2019 |
| 11 | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 8th July, 2019 |
| 12 | Last date for submission of objections to provisional list | 13th July, 2019 |
| 13 | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 23rd July, 2019 |
| 14 | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 13th July, 2019 |
| 15 | Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information | The Request for Resolution Plan, Evaluation Matrix, Information Memorandum (IM) and format of Confidentiality undertaking shall be issued electronically via email. [illegible] |
| 16 | Last date for submission of resolution plans | 12th August, 2019 |
| 17 | Manner of submitting resolution plans to resolution professional | [illegible] |
| 18 | Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval | 26th August, 2019 |
| 19 | Name and registration number of the resolution professional | Name: Mr. Rajender Kumar Girdhar Reg. No. IBBI/IPA-003/IP-N00048/2017-18/10396 |
| 20 | Name, Address and e-mail of the resolution professional, as registered with the Board | Name: Mr. Rajender Kumar Girdhar Address: Oshiwara Mahada Complex, Building No. 5, Aster Co-Op. Housing Society, Flat No. 205, 2nd Floor, New Link Road, Oshiwara, Andheri (W), Mumbai -400 053. Email ID: [illegible] |
| 21 | Address and email to be used for correspondence with the resolution professional | Address: Sumedha Management Solutions Private Ltd. C-703, Marathon Innova, Off G. K. Marg, Lower Parel (W) Mumbai -400013. Email ID: mli@sumedhamanagement.com |
| 22 | Further Details are available at or with | Address: Sumedha Management Solutions Private Limited, C-703, Marathon Innova, Off G. K. Marg, Lower Parel (W) Mumbai -400013. Email ID: mli@sumedhamanagement.com |
| 23 | Date of publication of Form G | 15th June, 2019 |

Notes: [illegible]
Date: 15.06.2019, New Delhi

Mr. Rajender Kumar Girdhar | Resolution Professional for Margra Industries Limited
IP Registration No.: IBBI/IPA-003/IP-N00048/2017-18/10396

**एटलस साइकल्स (हरियाणा) लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय: औद्योगिक क्षेत्र, एटलस रोड, सोनीपत-131001
CIN No. L35923HR1950PLC001614
टेली: 0130-2200001-06, फैक्स: 0130-2200018,
ई-मेल:companysecretary@atlascycles.co.in, वेबसाईट: www.atlasbicycles.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 तथा विनियमन 47 के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 26 जून, 2019 को 5.00 बजे सायं में 3, औरंगजेब लेन, नई दिल्ली 110011 में आयोजित की जाएगी जिसमें 31.3.2019 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिये कम्पनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों स्टैंडएलॉन एवं समेकित पर विचार, अनुमोदन कर उसे अभिलेख में लिये जाएंगे।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.atlasbicycles.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए तथा उसकी ओर से
एटलस साइकल्स (हरियाणा) लिमिटेड
हस्ता/-
निखिल बिन्दल
कम्पनी सचिव-सह-अनुपालन अधिकारी

तिथि : 14.6.2019
स्थान: सोनीपत

**पूर्वोत्तर रेलवे** — **निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना, प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर** द्वारा नीचे लिखे कार्यों के लिये आनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है-

| ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा समापन की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| क्रम सं.-1, आई.आर.ई.पी.एस. टेण्डर नं. : 87-MobileassemblyFram ‘‘सप्लाई, एसेम्बली, टेस्टिंग एण्ड कमिशनिंग ऑफ मोबाइल एसेम्बली फ्रेम एलांग विथ हाइड्रोलिक यूनिट्स’’ | ₹ 42,26,259/- ; निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹3,000/- ; संविदा की अवधि: 4 माह | ₹ 84,500/- | 04-07-2019 15:15 बजे। |

इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मुजाधि/यांत्रिक-65 — मुख्य कारखाना प्रबन्धक/गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं०: 09794845955 पर एसएमएस

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर ।।**

क्रमांक-व-5(2) पीएस/ वर्दी/ 2019/7564 — दिनांक: 03.06.2019

**ई-बोली आमंत्रण सूचना**

विभिन्न वस्तुओं के प्रदाय (**supply**) हेतु ई-बोली (**e-bid**) आमंत्रित की जाती है। बोली दस्तावेजों को दिनांक 07.06.2019 को प्रातः 11.00 बजे से वेबसाईट **http://www.eproc.rajasthan.gov.in,** से डाउनलोड प्रारंभ किया जा सकेगा तथा बोली दिनांक 27.06.2019 को प्रातः 11.00 बजे तक निर्धारित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रानिक फॉरमेट में उक्त वेबसाईट पर प्रस्तुत की जा सकेगी।

ऑन लाइन प्रस्तुत की जाने वाली बोली हेतु निर्धारित बोली प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि के अलग-अलग बैंकर चैक/ डिमांड ड्राफ्ट को ऑनलाईन स्कैन करने होंगे तथा दिनांक 27.06.2019 को दोपहर 3.00 पी.एम. तक सैम्पल सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होकर जमा करवाने होंगे। ई-बोली की क्वालीफाईड बिड निम्नानुसार दिनांक को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी:-

| क्रं.सं. | बोली की क्रं.सं. | क्वालीफाईड बिड खुलने की दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 15 तक | दिनांक 28.06.2019 |
| 2 | 16 से 35 तक | दिनांक 01.07.2019 |
| 3 | 36 से 58 तक | दिनांक 02.07.2019 |

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना, बोली की मुख्य शर्तों एवं तत्संबंधी अन्य विवरण को वेबसाईट **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **http://www.police.rajasthan.gov.in** अथवा राजस्थान सरकार **Procurement** पोर्टल **(http://sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

| S. No. | UBN Number | S. No. | UBN Number | S. No. | UBN Number | S. No. | UBN Number |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | POL1920GLOB00013 | 16 | POL1920GLOB00028 | 31 | POL1920GLOB00043 | 46 | POL1920GLOB00058 |
| 2 | POL1920GSOB00014 | 17 | PO L1920GLOB00029 | 32 | POL1920GLOB00044 | 47 | POL1920GLOB00059 |
| 3 | POL1920GLOB00015 | 18 | POL1920GLOB00030 | 33 | POL1920GLOB00045 | 48 | POL1920GLOB00060 |
| 4 | POL1920GLOB00016 | 19 | POL1920GLOB00031 | 34 | POL1920GLOB00046 | 49 | POL1920GLOB00061 |
| 5 | POL1920GSOB00017 | 20 | POL1920GLOB00032 | 35 | POL1920GLOB00047 | 50 | POL1920GLOB00062 |
| 6 | POL1920GSOB00018 | 21 | POL1920GLOB00033 | 36 | POL1920GLOB00048 | 51 | POL1920GLOB00063 |
| 7 | POL1920GSOB00019 | 22 | POL1920GLOB00034 | 37 | POL1920GLOB00049 | 52 | POL1920GLOB00064 |
| 8 | POL1920GSOB00020 | 23 | POL1920GLOB00035 | 38 | POL1920GLOB00050 | 53 | POL1920GLOB00065 |
| 9 | POL1920GSOB00021 | 24 | POL1920GLOB00036 | 39 | POL1920GLOB00051 | 54 | POL1920GLOB00066 |
| 10 | POL1920GSOB00022 | 25 | POL1920GLOB00037 | 40 | POL1920GLOB00052 | 55 | POL1920GLOB00067 |
| 11 | POL1920GSOB00023 | 26 | POL1920GLOB00038 | 41 | POL1920GLOB00053 | 56 | POL1920GLOB00068 |
| 12 | POL1920GSOB00024 | 27 | POL1920GLOB00039 | 42 | POL1920GLOB00054 | 57 | POL1920GLOB00069 |
| 13 | POL1920GSOB00025 | 28 | POL1920GLOB00040 | 43 | POL1920GLOB00055 | 58 | POL1920GLOB00070 |
| 14 | POL1920GSOB00026 | 29 | POL1920GLOB00041 | 44 | POL1920GSOB00056 | | |
| 15 | POL1920GSOB00027 | 30 | POL1920GLOB00042 | 45 | POL1920GLOB00057 | | |

हस्ता./-
(पीयूष दीक्षित)
पुलिस अधीक्षक,
केन्द्रीय भण्डार, पुलिस मुख्यालय,
राजस्थान, जयपुर।

DIPR/C/4088/2019

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**17वाँ वृत्त (वि./यां.), लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक: 1056/4CBW-17E/M/19 — दिनांक: 12-06-2019

**ई-निविदा सूचना**

[illegible] https://etender.up.nic.in के माध्यम से पात्र [illegible] दिनांक 27.06.2019 अपराह्न 12.30 बजे [illegible] गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑन लाइन [illegible] अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी/पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Electrification of new constructed block-I, 12 No. Type III residence and Block-II, 12 No. Type III residential building kanpur Nagar | 35.30 | 3,53,000.00 | 12 माह | 944.00 | उ.प्र. लो.नि.वि. में विद्युत कार्य हेतु ‘ए’ श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा से संबंधित नियम/शर्तें एवं अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

हस्ता./-
(ए. के. गुप्ता)
अधीक्षण अभियंता
17वाँ वृत्त (वि./यां.) लो.नि.वि., लखनऊ।

UPID-141147 DATE- 13-06-2019
www.upgov.nic.in

**उ० प्र० राज्य सेतु निगम लिमिटेड**
कार्यालय : उप परियोजना प्रबन्धक, अनुरक्षण इकाई, सेतु भवन, 16 मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ-226001
दूरभाष : 0522-2207442

पत्रांक 309/अ०इ/अनु/19-20 **कोटेशन नोटिस** दिनांक :14.06.2019

सूचित किया जाता है कि उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., 16 मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ में नवनिर्मित गुणवत्ता प्रयोगशाला एवं आगन्तुक कक्ष हेतु फर्नीचर डयूरियन मेक की आपूर्ति ली जानी है।

फर्नीचरों की आपूर्ति हेतु निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बन्द कोटेशन दिनांक 22.06.2019 को अपरान्ह 2.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सायं 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता/अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। आपूर्ति लिये जाने वाले फर्नीचर का विवरण, नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.30 से सायं 5.00 बजे के मध्य दिनांक 21.06.2019 तक प्राप्त किया जा सकता है।

उप परियोजना प्रबन्धक

**दिलचस्प आंकड़े**

| | |
|---|---|
| रन | 7310 |
| विकेट | 233 |
| छक्के | 117 |
| अर्धशतक | 38 |

सबसे ज्यादा रन
जोए रूट

उच्चतम स्कोर
जैसन रॉय

## श्रीधर ने कहा बुमराह ने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार किया

नॉटिंघम, 14 जून (भाषा)।

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह खुद को मैच विजेता साबित कर चुके हैं लेकिन क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर के अनुसार उन्होंने कड़ी मेहनत से क्षेत्ररक्षण में भी आमूलचूल सुधार किया है। बुमराह के 'स्लिंग एक्शन' को समझना दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब रहा है लेकिन वह चपल क्षेत्ररक्षक नहीं थे।



श्रीधर ने कहा कि जहां तक क्षेत्ररक्षण का सवाल है तो बुमराह सबसे कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। जब वह 2016 में टीम से जुड़े थे तब से लेकर अब तक उनके क्षेत्ररक्षण में आमूलचूल सुधार हुआ है हालांकि अब भी इस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अपने खेल में सुधार करने की प्रतिबद्धता के कारण ही गुजरात का यह तेज गेंदबाज यह बदलाव कर पाया।श्रीधर ने कहा कि फिटनेस के बढ़ते स्तर के साथ खिलाड़ियों की मानसिकता और फिर हम उसमें क्षेत्ररक्षण के तकनीकी पहलुओं तथा जागरूकता और उम्मीदों को जोड़ देते हैं। इसलिए इन सभी के जोड़ से निश्चित तौर पर उन्हें क्षेत्ररक्षण स्तर में सुधार करने में मदद मिली। श्रीधर ने कहा कि बुमराह, केदार जाधव और युजवेंद्र चहल जैसे कुछ खिलाड़ी नैसर्गिक एथलीट नहीं हैं लेकिन वे अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत करते हैं।

### तेज गेंदबाजी के सामने कैरेबियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेके

# रूट के शतक से इंग्लैंड विजयी

साउथम्पटन, 14 जून (भाषा)।

तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद जोए रूट के शतक की मदद से इंग्लैंड ने विश्व कप के मैच में वेस्ट इंडीज को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। वेस्ट इंडीज ने टूर्नामेंट में अब तक मिली एकमात्र जीत में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बाउंसर्स से परेशान किया था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने वही नुस्खा आजमाते हुए पूरी पारी को 44.4 ओवर में 212 रन पर समेट दिया।

इंग्लैंड ने मुकाबले को एकतरफा बनाते हुए 33.1 ओवर में जीत हासिल कर ली। रूट 94 गेंद में 11 चौकों की मदद से 100 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनका 16वां एकदिवसीय शतक और इस टूर्नामेंट का दूसरा शतक है। इससे पहले वेस्ट इंडीज के लिए निकोलस पूरन (63) ने पहला अर्धशतक जमाया। पूरन और शिमरोन हेटमायेर ने चौथे विकेट के लिए 89 रन नहीं जोड़े होते तो वेस्ट इंडीज का स्कोर 200 रन के पार भी नहीं होता।

युवा तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। आर्चर के अलावा मार्क वुड ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स ने 16 और लियाम प्लंकेट ने 30 रन देकर एक-एक विकेट चटकाए। ऐसे में जब संयम के साथ एक छोर पकड़कर खेलने की जरूरत थी, क्रिस गेल (36) और आंद्रे रसेल (21) आक्रामक शॉट लगाने के चक्कर में अपने विकेट गंवा बैठे। स्विंग लेती गेंद की टाइमिंग भांपने में वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज चूक कर गए। शाइ होप (11) हो या गेल, सभी कैरेबियाई बल्लेबाजों को परेशानी पेश आई।

एविन लुईस (0) पहले भी वोक्स के यार्कर का शिकार हो चुके थे। गेल ने परेशान होकर वोक्स की गेंद पर पूल शॉट खेला लेकिन वुड ने कैच लपकने के प्रयास में जमीन को छू लिया।



निकोलस पूरन    जोफ्रा आर्चर

### स्कोर बोर्ड

**वेस्ट इंडीज पारी** : क्रिस गेल का बेयरस्टॉ बो प्लंकेट 36, एविन लुईस बो वोक्स 2, शाइ होप पगबाधा बो वुड 11, निकोलस पूरन का बटलर बो आर्चर 63, शिमरोन हेटमायेर का और बो रूट 39, जैसन होल्डर का और बो रूट 9, आंद्रे रसेल का वोक्स बो वुड 21, कार्लोस ब्रेथवेट का बटलर बो आर्चर 14, शेल्डन कोटरेल पगबाधा बो आर्चर 0, ओशेन थामस नाबाद 0, शेनोन गैब्रियल बो वुड 0 **गेंदबाजी** : वोक्स 5-2-16-1, आर्चर 9-1-30-3, प्लंकेट 5-0-30-1, वुड 6.4-0-18-3, स्टोक्स 4-0-25-0, रशीद 10-0-61-0, रूट 5-0-27-2 **इंग्लैंड** : जॉनी बेयरस्टॉ का ब्रेथवेट बो गैब्रियल 45, जोए रूट नाबाद 100, क्रिस वोक्स का हेटमेयर बो गैब्रियल 40, बेन स्टोक्स नाबाद 10, **गेंदबाजी** : कात्रेल 3-0-17-0, थामस 6-0-43-0, गैब्रियल 7-0-49-2, रसेल 2-0-14-0, होल्डर 5.1-0-31-0, ब्रेथवेट 5-0-35-0, गेल 5-0-22-0

## 'एबी ने वापसी की योजना अच्छे से नहीं बनाई'

कार्डिफ, 14 जून (भाषा)।

एबी डिविलियर्स की जगह दक्षिण अफ्रीकी टीम में जगह बनाने वाले रोसी वान डर डुसेन को हैरानी नहीं है कि यह दिग्गज बल्लेबाज विश्व कप के लिए वापसी करना चाहता था। लेकिन, उनका मानना है कि उन्हें इसके लिए अच्छी तरह से योजना बनानी चाहिए थी। मध्य क्रम के बल्लेबाज डुसेन ने जनवरी में पदार्पण करने के बाद अब तक 13 एकदिवसीय मैच खेले हैं। चयनकर्ताओं ने उन्हें डिविलियर्स की जगह चुना जिन्होंने पिछले साल मई में संन्यास ले लिया था।



वान डर डुसेन ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि मुझसे पूछे जाने वाले सवाल सही हों क्योंकि मैं खुद इसमें शामिल हूं। लेकिन, अगर वह संन्यास नहीं लेते तो निश्चित तौर पर इससे मैं सीधे प्रभावित होता। उन्होंने कहा कि एक टीम जो कि पिछले एक साल या उससे भी लंबे समय से साथ में काम रही है और आप टीम चयन की घोषणा से एक दिन पहले आकर यह नहीं कह सकते कि मैं अब वापसी करना चाहता हूं।

वान डर डुसेन ने विश्व कप में अब तक 50, 41, और 22 रन की पारियां खेली हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह गलत हैं। वह अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं।

## विश्व कप डायरी



मैनचेस्टर के एक होटल में भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के साथ सेल्फी लेते चाचा शिकागो के नाम से मशहूर क्रिकेट प्रशंसक मोहम्मद बशीर।

### परिवार के साथ समय बिता सकते हैं खिलाड़ी : स्टीड

नॉटिंघम, 14 जून (भाषा)।

कुछ टीमों को लगता है कि किसी बड़े टूर्नामेंट के दौरान परिवार साथ होने से खिलाड़ियों का ध्यान भंग हो सकता है। लेकिन, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इसमें शामिल नहीं है। उसके मुख्य कोच गैरी स्टीड अपने खिलाड़ियों को विश्व कप के दौरान खाली समय अपने प्रियजनों के साथ बिताने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों की पत्नियों और बच्चों को विश्व कप के दौरान साथ में रखने पर प्रतिबंध लगा रखा है जबकि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी अपने परिजनों और सहभागियों को साथ में नहीं रख सकते हैं। लेकिन, अंकतालिका में शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड ने पत्नियों और बच्चों को साथ में रखने के लिए अपने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है। स्टीड से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि विश्राम के दिनों को आप कैसे बिताते हैं यह महत्त्वपूर्ण है। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और टिम साउथी व सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल अपने बच्चों के साथ आए हुए हैं।

## जिम में लौटे चोटिल धवन

नॉटिंघम, 14 जून (भाषा)।

भारत के चोटिल सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने बाएं हाथ के अंगूठे में चोट से तेजी से उबरने के प्रयास में यहां जिम में जमकर मेहनत की। इस चोट के कारण वह विश्व कप के तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। धवन के बाएं हाथ में पट्टी बंधी हुई है। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्हें जिम में कसरत करते हुए दिखाया गया है।

इस सलामी बल्लेबाज ने इसके साथ ही एक संदेश भी प्रेषित किया है, जिसमें लिखा है, 'आप इस तरह की स्थिति को खुद के लिए दुस्वप्न बना सकते हो या फिर इसे वापसी के लिए एक मौके के रूप में उपयोग कर सकते हो। जल्द स्वस्थ होने के सभी संदेशों के लिए आभार।' यह 31 वर्षीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को अपनी शतकीय पारी के दौरान चोटिल हो गया था। पहले उनके बाएं हाथ के अंगूठे में सूजन नजर आ रही थी लेकिन स्कैन के बाद 'हेयरलाइन फ्रैक्चर' का पता चला।



इसकी वजह से वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच, पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को मैनचेस्टर में होने वाले मैच और अफगानिस्तान के खिलाफ 22 जून को होने वाले मैच से बाहर हो गए।

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कवर के तौर पर टीम से जोड़ा गया है लेकिन वह अभी केवल टीम के अभ्यास सत्र में ही भाग ले सकते हैं। पंत टीम के ड्रेसिंग रूम में तभी आ सकते हैं जब टीम प्रबंधन धवन को बाकी बचे टूर्नामेंट के लिए अनफिट घोषित कर दे और आइसीसी उनकी जगह नए खिलाड़ी को शामिल करने की अनुमति दे दे।

### हमें अपनी सीमाओं में खेलना होगा : करुणारत्ने

लंदन, 14 जून (भाषा)।

श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने कहा कि टीम को अपनी सीमाओं के भीतर काम करना होगा। विश्व कप में नॉकआउट स्थान बनाने की मुहिम में वे भारत जैसी टीम की नकल नहीं कर सकते। करुणारत्ने ने कहा, 'हमारी टीम में सीमित प्रतिभाएं हैं। अगर आप अन्य टीमों से हमारी तुलना करोगे तो हमारी सीमाएं हैं। उदाहरण के तौर पर भारतीय टीम में कोई न कोई प्रत्येक मैच में एक शतक तो लगभग बनाता ही है। हमारी टीम में हमारे पास पूरे साल में एक या दो ही शतकवीर होते हैं।'

### तेंदुलकर ने आस्ट्रेलियाई कंपनी पर मुकदमा ठोका

मेलबर्न, 14 जून (भाषा)।

सचिन तेंदुलकर ने आस्ट्रेलिया में बल्ला बनाने वाली एक कंपनी पर एक्सक्लूसिव लाइसेंस करार के तहत 30 लाख डॉलर का भुगतान करने में विफल होने के लिए मुकदमा दायर किया है। विदेशी मीडिया में आई खबरों से इसकी जानकारी मिली है। तेंदुलकर ने सिडनी की कंपनी स्पार्टन स्पोर्ट्स से 2016 में करार पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें भारत के व्यवसायी कुणाल शर्मा सह संस्थापक हैं। इस करार में कंपनी अपने उत्पादों पर उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल करती थी। पिछले साल सितंबर में 45 वर्षीय तेंदुलकर ने करोड़ों के भुगतान में विफल होने पर कंपनी से जुड़ाव समाप्त कर दिया था और कंपनी से अपने नाम का इस्तेमाल करने को मना कर दिया था।

## आमिर को आक्रामकता से खेलें भारतीय : सचिन

मैनचेस्टर, 14 जून (भाषा)।

दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भारतीय बल्लेबाजों को सलाह दी है कि वे पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के खिलाफ सतर्कता बरतने के बजाय आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करें। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और उसका मुकाबला अब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से है जिसके खिलाफ वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तेंदुलकर ने कहा कि मैं उनके खिलाफ गेंदें खाली छोड़कर नकारात्मक मानसिकता के साथ नहीं खेलूंगा। मैं भारतीय खिलाड़ियों को अपने शॉट खेलने और सकारात्मक बने रहने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। उन्होंने कहा कि आप रक्षात्मक खेल भी सकारात्मक होकर खेलें। कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं है। हमें सभी विभागों में आक्रामक होने की जरूरत पड़ेगी।



उन्होंने कहा कि शारीरिक हाव भाव महत्त्वपूर्ण हैं। गेंदबाजों को पता होता है कि अगर आप पूरे विश्वास के साथ स्कोर का बचाव करते हो तो आप नियंत्रण में होते हो।

तेंदुलकर का मानना है कि अब तक केवल एक मैच जीतने वाला पाकिस्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा को निशाने पर रखेगा।

उन्होंने कहा कि रोहित और विराट दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं और इसमें कोई संदेह नहीं कि पाकिस्तान उन्हें जल्दी आउट करने पर ध्यान दे रहा होगा।

तेंदुलकर ने कहा कि आमिर और वहाब रियाज शुरू में निश्चित तौर पर उनके विकेट को लक्ष्य बनाएंगे लेकिन रोहित और विराट को भी लंबी पारियां खेलने पर ध्यान देना चाहिए। रणनीति इस तरह से होनी चाहिए कि बाकी खिलाड़ी उनके इर्द गिर्द खेलें।

## श्रीलंका-आस्ट्रेलिया में मुकाबला आज

लंदन, 14 जून (भाषा)।

मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से सेमी फाइनल में पहुंचने के अपने अभियान को गति देने की कोशिश करेगा। आस्ट्रेलिया ने अब तक अफगानिस्तान, वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान को हराया है। लेकिन इस बीच उसे भारत से हार का सामना भी करना पड़ा। अब उसका सामना उस श्रीलंका से है जिसने न्यूजीलैंड से करारी शिकस्त झेलने के बाद अफगानिस्तान पर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके वापसी की।

बारिश ने अभी तक विश्व कप में कहर बरपाया और चार मैचों का इस वजह से परिणाम नहीं निकल पाया है। आस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि ओवल में बारिश की बहुत अधिक संभावना नहीं है और उसका मैच पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। बादल छाए रहने की संभावना है जिसके कारण बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर तेज गेंदबाजों को भी मदद मिल सकती है।

आस्ट्रेलिया की टीम इस मैच से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तक पहुंचने की कोशिश करेगी। वह तीन जीत के बावजूद अभी तक वैसा खेल नहीं दिखा पाई है। शीर्ष क्रम में डेविड वार्नर की अच्छी फॉर्म से आस्ट्रेलिया को मजबूती मिली है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दो अर्धशतक के अलावा पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 107 रन भी बनाए थे।

### सूखा खत्म करने उतरेंगे द. अफ्रीका और अफगानिस्तान

कार्डिफ, 14 जून (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान की टीमें शनिवार को आमने-सामने होंगी। दोनों की निगाहें विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर टिकी रहेंगी। अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज ये दोनों टीमें जानती हैं कि इस क्रिकेट महाकुंभ में पहली जीत हासिल करने का यह उनके पास सर्वश्रेष्ठ मौका है। यह संभवतः पहला अवसर होगा जब दक्षिण अफ्रीका शुरू से ही सेमी फाइनल में पहुंचने के दावेदारों में शामिल नहीं है। उसकी टीम चार मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाएगी ऐसी किसी को उम्मीद नहीं रही होगी।

अफगानिस्तान की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। उसे मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। उसके खिलाड़ी इससे प्रेरणा ले सकते हैं कि उन्होंने श्रीलंका को कड़ी चुनौती दी थी। अफगानिस्तान इस मैच में अपने लिए मौके तलाशेगा तो दक्षिण अफ्रीका अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी उसका कमजोर पक्ष है। इसके अलावा कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से उसकी परेशानी बढ़ी है। उसके बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

### पोंटिंग ने दी वार्नर से सतर्क रहने की सलाह

लंदन, 14 जून (भाषा)।

सहायक कोच रिकी पोंटिंग को लगता है कि डेविड वार्नर आस्ट्रेलियाई टीम में खुद को स्थापित करने की चुनौतियों से उबर चुके हैं। वह अपने शानदार प्रदर्शन के बूते इस विश्व कप में शीर्ष स्कोरर बन सकते हैं। उन्होंने विरोधी टीम को इस बल्लेबाज से सतर्क रहने की सलाह दी है। शुरुआती मैचों में लय में आने में जूझने के बाद वार्नर ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ 111 गेंद में 107 रन की मैच विजेता पारी खेली। यह उनका वापसी के बाद आस्ट्रेलियाई टीम में चौथा मैच था।

दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के आरोप के कारण एक साल के प्रतिबंध के बाद इस 32 साल के खिलाड़ी ने पूर्व कप्तान स्टीवन स्मिथ के साथ 29 मार्च को वापसी की। अब आस्ट्रेलियाई टीम शुक्रवार को श्रीलंका से भिड़ेगी। यह पूछने पर कि क्या श्रीलंका समेत अन्य टीमों को वार्नर से ज्यादा सतर्क रहना होगा तो पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्हें ऐसा करना चाहिए।

## जापान को 7-2 से हराकर भारत फाइनल में

भुवनेश्वर, 14 जून (भाषा)।

भारत ने एशियाई खेलों की चैंपियन जापान को 7-2 से हराकर एफआइएच हॉकी सीरीज फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जगह बनाते हुए इस साल के आखिर में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में भी जगह पक्की कर ली। चोट के कारण लंबे समय हॉकी से दूर रहे रमनदीप सिंह ने 23वें और 37वें मिनट में गोल दागा। वहीं हरमनप्रीत सिंह (सातवां), वरुण कुमार (14वां), हार्दिक सिंह (25वां), गुरसाहिबजीत सिंह (43वां) और विवेक सागर प्रसाद (47वां) ने एक-एक गोल किए।

जापान के लिए केंजी किताजातो (दूसरा) और कातो वातानाबे (20वां) ने गोल दागे। भारत का सामना अब शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा जबकि जापान तीसरे स्थान के प्लेऑफ मुकाबले में अमेरिका से खेलेगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमी फाइनल में अमेरिका को 2-1 से हराया था। टूर्नामेंट में पहली बार दुनिया की 18वें नंबर की टीम जापान ने भारतीय डिफेंस को आजमाया। जापान ने दूसरे ही मिनट में जवाबी हमले पर बढ़त बना ली। किताजातो ने भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को छकाकर गोल दागा। इसके बाद भारतीयों ने जवाबी हमले में कई मौके बनाए। युवा गुरसाहिबजीत सिंह ने पांचवें मिनट में सुनहरा मौका गंवाया जब नीलकांता शर्मा और रमनदीप ने उन्हें पास दिया था। दो मिनट बाद भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और हरमनप्रीत ने दूसरे पर बराबरी का गोल दागा। भारत को 14वें मिनट में लगातार तीन शॉर्ट कॉर्नर मिला। इस बार वरुण ने गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। जापान ने हालांकि जवाबी हमले में 20वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया।

(हॉकी सीरीज फाइनल्स)


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 209, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना- एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।


कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।


MARUTI SUZUKI
NEXA
OWNED BY THE BOLD.
ASPIRED BY ALL.
Baleno achieves 6 Lakh milestone in the fastest time.
CREATE. INSPIRE.
BALENO
THE NEW
BALENO
BSVI compliant, in select variants.
New Smart Hybrid Technology
New Dual Jet, Dual VVT Engine
New Dual Tone Interiors
New Smartplay Studio
NEXA
Safety Shield
DUAL FRONT AIRBAGS
ABS WITH EBD
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
FULL FRONTAL IMPACT COMPLIANCE, FRONTAL OFFSET IMPACT COMPLIANCE, SIDE IMPACT COMPLIANCE
* T&C Apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time.
VISIT YOUR NEAREST DEALERSHIP TO GET EXCITING CONSUMER / EXCHANGE OFFERS.*
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
DELHI: NEXA PREET VIHAR (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), NEXA DWARKA SECTOR 9 (MAGIC AUTO PH: 7290055667), NEXA PITAMPURA (KRISH MOTORS PH: 7838555047), NEXA AKSHARDHAM (FAIRDEAL CARS PH: 9999525161),
NEXA NARELA (DD MOTORS PH: 9081900800), NEXA KAILASH COLONY (RANA MOTORS PH: 9999788886), NEXA RAJOURI GARDEN (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525750), NEXA GHAZIPUR (MAGIC AUTO PH: 9871755000),
NEXA LAJPAT NAGAR (BAGGA LINK MOTORS PH: 9818199367), NEXA GOKULPURI (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), NEXA KAROL BAGH (DD MOTORS PH: 9081900800), NEXA OKHLA PHASE 1 (PREM MOTORS PH: 011-42900000, 7065074531),
NEXA JANAKPURI (DD MOTORS PH: 9081900800), NEXA ROHINI SECTOR 10 (SAYA AUTOMOBILES LTD. PH: 9582777477), NEXA GREEN PARK (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520), NEXA DILSHAD GARDEN (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962),
NEXA WEST PUNJABI BAGH (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 7290054930), NEXA WAZIRPUR (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9582668646), NEXA GT KARNAL ROAD (RANA MOTORS PH: 7289999111),
NEXA MOTI NAGAR (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), NEXA MOHAN CO-OPERATIVE (PLATINUM MOTO CORP PH: 011-40347777, 9899118890), NEXA MAYAPURI (KRISH AUTOMOTORS PH: 7838555076),
NEXA DWARKA SECTOR 14 (COMPETENT AUTOMOBILES COMPANY PH: 8860011600), MANESAR: NEXA IMT MANESAR (PLATINUM MOTO CORP PH: 9953345344), FARIDABAD: NEXA NIT (BVA AUTO PH: 1294121212),
NEXA FARIDABAD CENTRAL (VIPUL MOTORS PH: 9599814771), NEXA MATHURA ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), GHAZIABAD: NEXA MEERUT ROAD (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9599040601), NEXA SAHIBABAD (MOTORCRAFT SALES PH: 8130582222),
GURGAON: NEXA RAJIV CHOWK GURGAON (RANA MOTORS PH: 8585991111), NEXA MG ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), NEXA GOLF COURSE ROAD (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740),
NEXA SOHNA ROAD (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 0124-2877000, 7290025353), NEXA SECTOR 62 (VIPUL MOTORS PH: 9205899710), NEXA IDC SEC 14 (PREM MOTORS PH: 124-4440000, 7065074501), NOIDA: NEXA SECTOR 63 (VIPUL MOTORS PH: 9599814775),
NEXA SECTOR 10 (FAIR DEAL CARS PH: 9953993450), NEXA SECTOR 1 (ROHAN MOTORS PH: 8376800026), SOHNA: NEXA SOHNA (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), GREATER NOIDA: NEXA IND AREA GREATER NOIDA (ROHAN MOTORS PH: 8744000600),
REWARI: NEXA DELHI ROAD (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301).
A REVOLUTIONARY WAY TO CONNECT TO YOUR CAR
Vehicle Tracking
Emergency Alert
Driving Behaviour Analysis
Live Vehicle Status
Vehicle Alerts
SUZUKI connect
Offered separately as Genuine NEXA Accessory